■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित    www.navbihartime.com    ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 274
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
5 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1970:** परमाणु अप्रसार संधि को लागू किया गया।

**1987:** इक्वाडोर में एक के बाद एक कई भूकंपों से पूरे देश में भारी तबाही।

**1998:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम विस्फोट में करीब 32 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा घायल।

**2010:** इसरो द्वारा विकसित तीन टन की भार वहन क्षमता वाले साउंडिंग रॉकेट का सफल परीक्षण।

**गलती उसी से होती है जो मेहनत करके कुछ काम करता है, निकम्मों की जिंदगी तो दूसरों की गलतियां निकालने में ही चली जाती है।**

### बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बरसे मुख्यमंत्री

# 2005 के बाद सुधरी बिहार की स्थिति : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में काफी हंगामा हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलने के दौरान पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को कोसा। अपने पिता लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल 2005 से पहले की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा पर भी निशाना साधा। दोनों डिप्टी सीएम ने भी पटलवार किया। इस दौरान सीएम नीतीश सदन में नहीं थे। तेजस्वी का वक्तव्य खत्म होने के बाद सीएम नीतीश कुमार सदन में आए। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते वक्त सरकार की उपलब्धियां गिना ही रहे थे कि तेजस्वी ने बीच में टोक दिया। इस बात पर सीएम नीतीश कुमार सदन में ही नाराज हो गए। कहा कि तुम्हारे पिता को भी हमने ही बनाया था। इसके बाद विपक्ष हंगामा करने लगा। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम में घर से निकलने से डरते थे। सड़कें नहीं थीं। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। जो काम मैंने किया, आप लोगों ने नहीं। पहले क्या



स्थिति थी। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी हालत थी। पहले स्वास्थ केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पताल में दवाई की व्यवस्था करवाई। अब देखिए अस्पतालों में औसतन 11 हजार लोग आते हैं। पहले छह मेडिकल कॉलेज था। हम आए तो नए-नए मेडिकल कॉलेज बनवाएं। इसपर तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया तो सीएम नीतीश कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि यह बच्चा है, इसे कुछ पता नहीं है। 2005 के पहले बिहार में कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता को हमने ही बनाया है। वह जब आए थे, उस समय यह सब नहीं था। अरे, तुम्हारे जात वाले भी जो हमको जानते थे, वह कहते थे कि काहे के लिए यह सब कर रहे हैं। इसके बाद चार साल के बाद 1994 में हम अलग हो गए। 2005 में हमारी सरकार बनी तो कितना विकास हुआ। महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कितना काम हुआ यह सब जानते हैं। सीएम नीतीश कुमार बोल ही रहे थे कि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। सीएम ने कहा कि सरकार सभी जातियों एवं धर्मों के कार्यों के पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की कामना है कि समाज में सद्भाव और बिहार विकास के (शेष पृष्ठ 8 पर)

# युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिक्रमगंज थाना अंतर्गत करियवा बाल के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना लोगों को तब हुई जब स्थानीय लोग मंगलवार की सुबह करियवा बाल के तरफ घूमने गए। शव को देखते हीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मृत युवक की पहचान बरना गांव निवासी सिंहासन सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई। उसका शव बरना गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर एक पेड़ के नीचे पाया गया। वहीं हत्या की सूचना आसपास के इलाकों में आग की तरफ फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले में बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। घटनास्थल से एसएफएल टीम द्वारा सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव में रहकर पैसों के लेन-देन का कारोबार करता था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या का कारण आर्थिक लेन-देन से जुड़ा हो सकता है।

# दो महीने में शिक्षकों को मिलेगी मनचाही पोस्टिंग : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों को दो महीने में मनचाही पोस्टिंग मिलेगी। यह घोषणा बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए 190000 से अधिक शिक्षकों के आवेदन आए हैं। आवेदनों की स्क्रूटनी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग अगले 2 महीने के अंदर इन शिक्षकों का तबादला उनके मनचाहे जिले में कर देंगे। तबादले के लिए सॉफ्टवेयर भी तैयार है। असल में विधानसभा में



शिक्षकों के तबादलों को लेकर विधायक सूर्यकांत पासवान की ओर से सवाल पूछा गया था। उन्होंने सरकार से पूछा था कि 190000 शिक्षकों ने तबादला के लिए आवेदन दिया है, उन शिक्षकों का गृह जिले में तबादला कब तक हो जाएगा? विधायक के सवाल पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि अगले दो महीनों में शिक्षकों की मनचाही पोस्टिंग कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग के लिए 10 च्वाइस मांगी गई है, उसके आधार पर आगे की प्रक्रिया होगी। मंत्री ने बताया कि पोस्टिंग के लिए सॉफ्टवेयर भी तैयार है। शिक्षकों का तबादले के लिए सरकार ने कुछ क्राइटेरिया तया किया है। उनकी पोस्टिंग बीमारी, पति-पत्नी एक ही जगह और गंभीर बीमारी (शेष पृष्ठ 8 पर)

# दिलीप जायसवाल फिर बने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

### नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाएंगे : मनोहर लाल खट्टर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पद से इस्तीफा देने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया है। हालांकि छह महीना पहले वह इस पद पर विराजमान हो चुके थे। लेकिन, आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा नहीं हुई थी। अब संवैधानिक तरीके से उनके नाम की एलान कर दिया गया है। दरअसल, दिलीप जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया सोमवार से ही शुरू हुई थी। उन्होंने पार्टी के




चुनाव पदाधिकारी सह प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा के सामने प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपना पर्चा दाखिल किया था। वहीं दोनों डिप्टी सीएम, स्वास्थ्य मंत्री और एमएलसी संजय मयूख दिलीप जायसवाल के प्रस्तावक बने। मंगलवार को इनके नाम पर भाजपा आलाकमान ने फिर से मुहर लगा दिया। अब दिलीप जायसवाल 2025-27 तक अध्यक्ष रहेंगे। पटना के बापू सभागार में प्रभारी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को भाजपा के कार्यक्रम में ऐलान किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बिहार में बनाएंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रदेश परिषद की बैठक में उन्होंने नारा (शेष पृष्ठ 8 पर)



# पटना में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को बिहार की राजधानी पटना का दौरा कर नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), अमृत योजना, मेट्रो परियोजना और पीएम ई-बस सेवा सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। पटना स्थित राजकीय अतिथिशाला में आयोजित इस समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मंत्री मनोहर लाल को विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान विभागीय मंत्री जिवेश कुमार, बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, अपर सचिव वर्षा सिंह और विजय कुमार मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**पीएमएवाई 2.0 के तहत बिहार को 50 हजार आवास**

मंत्री श्री लाल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत बिहार को 50 हजार नए आवास निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। अगले पांच वर्षों में राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार और वेरिफिकेशन प्रक्रिया के पश्चात अतिरिक्त मकानों का भी आवंटन किया जाएगा।

**पटना मेट्रो का पहला चरण अगस्त में होगा पूरा**

पटना मेट्रो परियोजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि शहर के नागरिकों को जल्द ही मेट्रो सेवा की सुविधा मिलने लगेगी। पहले चरण में आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक 6.2 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन अगस्त 2025 तक शुरू होने की संभावना है।

**500 नई बसें और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 269.44 करोड़ रुपये जारी**

शहरी परिवहन को सुगम बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य के विभिन्न शहरों के लिए 500 बसों का आवंटन किया है। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और प्रयोग हो चुके जल के पुनः उपयोग के लिए भारत सरकार ने 269.44 करोड़ रुपये जारी किए हैं। बैठक में मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के शहरी विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए राज्य सरकार को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

## स्क्रैप गोदाम से बदमाशों ने की नकदी समेत सवा लाख रुपये के सामान की चोरी

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** पटना-गया हाइवे पर मसौढ़ी थाना के तरपुरा के पास एक स्क्रैप गोदाम से बीते सोमवार की रात बदमाशों ने सोलह हजार नकदी व एक लाख रूपये का सामान लेकर फरार हो गये। इस संबंध में स्क्रैप गोदाम के मालिक जितु कुमार ने मंगलवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी है। इधर पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के विषय में बताया जाता है कि जितु कुमार का स्क्रैप की दुकान नगर के गंगाचक मलिकाना में स्थित है और उनका गोदाम एन एच-22 स्थित तरपुरा के पास है। जितु कुमार ने बताया कि रात में गोदाम बंद कर स्टाप घर चले गये थे। रात में गोदाम के पीछे से कुछ बदमाश गोदाम में घुस आये और गल्ला में रखा सोलह हजार नकद के अलावे बैट्री इनवर्टर के साथ कीमती जक व अन्य सामान को लेकर फरार हो गये।

## हथियार तस्कर कृष्णा राय गिरफ्तार

### दो लोकल मेड कारबाइन, देशी कट्टा सहित तीन हथियार बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ के भूसौला दानापुर के पास पुलिस ने एक पुराना हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो लोकल मेड कारबाइन एवं एक देसी कट्टा भी बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और थाना ले गई। इसके पास से बरामद हुआ हथियार नक्सलियों के पास रहने वाला लोकल मेड कार्बाइन और देसी कट्टा है। सिटी एसपी पश्चिमी आर एस शरथ ने फुलवारीशरीफ थाना में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा राय भूसौला दानापुर में सोमवार को हथियार का सप्लाई करने के लिए वहां पहुंचे हुए हैं। पकड़ा गया कृष्णा राय पिता दशरथ राय नौबतपुर का रहने वाला है। इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले पहले से चल रहे हैं। इसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। ऐसा सुनने में आया है कि वर्ष 1981 में एक हत्या के मामले में यह मनेर थाना से फरार था इसके अलावा इसके खिलाफ और कौन-कौन मामले हैं यह सब पता लगाया जा रहा है। कृष्णा पहले भी कई बार जेल जा चुका है। कृष्ण राय पर नौबतपुर थाने में दो हत्या और एक लूट का मामला दर्ज है। मनेर में हत्या मामले में भी पुलिस कृष्णा राय के नाम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस गिरफ्तार कृष्णा राय से यह पता लगाने में जुटी है कि फुलवारीशरीफ के भूसौला दानापुर में वह हथियार का सप्लाई किसे करने आया था।

## देशी-विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** होली पर्व आते ही शराब माफिया इन दिनों अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं और लगातार झारखंड से ट्रेनों के जरिए विदेश शराब अन्यत्र डिलीवरी करने में लगे हुए हैं। वहीं कई मुसहरी से देसी शराब भी पालीथिन में भरकर डिलीवरी कर रहे हैं। ऐसे में एक्साइज पुलिस को भनक लगते ही लगातार गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन कर छापेमारी कर रही जहां मंगलवार को झारखंड से ट्रेनों के जरिए शराब लाने की सूचना पाकर पोठही रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी की जहां पर पोठही रेलवे स्टेशन के नजदीक बैग में रखे 66 बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार युवक का नाम दीपक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अशोक चौधरी पोठही का रहने वाला है। विभिन्न कंपनियों के 66 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। इसके अलावा पुनपुन बांध के समीप बेहरावां चकिया से ई रिक्शा और स्कूटी से बोरी में बंद कर पॉलिथीन में भरा हुआ देसी शराब को ले जा रहे दो युवकों को दबोचा गया है जिसमें जैकी कुमार पिता सरयू मांझी 60 लीटर स्कूटी सहित और रामकुमार पिता रामनाथ साव युवक से 150 लीटर ई रिक्शा सहित जो पटना का रहने वाला है। गिरफ्तार किया गया है। देसी शराब बेहरावां चकिया से पटना ले जाने की तैयारी में था। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि होली पर्व को लेकर इन दिनों एक्साइज पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## सौ दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन जागरुकता भागीदारी अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरुकता भागीदारी अभियान के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेयिलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन जागरुकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में टी.बी. बीमारी के इलाज एवं बचाव के संबंध में जागरुक रहने एवं अन्य जानकारियां उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। इस अवसर पर डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे टी.बी. से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। इस पांचवें संस्करण में डा. अरविंद कुमार ओझा, डा. संध्या किरण, डा. संजय कुमार गुप्ता एवं डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, सी.एस.एस.एच, पटना के द्वारा विस्तृत रुप से टी.बी. के बारे में बताया गया। इस सेमिनार में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडिकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। मरीजों द्वारा टी.बी. बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा सेमिनार में दिया गया।

## विकसित भारत युवा संसद महोत्सव, पटना में होगा जिला स्तरीय आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत पटना नोडल जिला में जिला स्तरीय आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, पटना में मार्च में होगा जिसमें पटना, नालंदा और अरवल जिलों के युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में संसद भवन में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा जहां वे नीति-निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. निखिल आनंद गिरि ने बताया कि 18-25 वर्ष के युवा 9 मार्च 2025 तक 'माई भारत पोर्टल' पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के तहत, युवाओं को 'विकसित भारत का आपके लिए क्या अर्थ है?' विषय पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। वीडियो स्क्रीनिंग के बाद अधिकतम 150 प्रतिभागियों को जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। वे 'वन नेशन, वन इलेक्शनः विकसित भारत के मार्ग की ओर' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 मार्च 2025 है जबकि आयु सीमा 18 से 25 वर्ष (24 फरवरी 2025 को गणना अनुसार होगी। चयन प्रक्रिया के तहत माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवं 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है। चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। यह आयोजन 'विकसित भारत @ 2047' विजन के अनुरूप है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रस्तुत किया था। इसका उद्देश्य युवाओं को नीति-निर्माण और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करना है। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो देख सकते हैं या मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

## होली में हुड़दंगियों की खैर नहीं, 500 लीटर देसी शराब नष्ट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** होली में इस बार हुडदंगियों की खैर नहीं होगी क्योंकि जैसे-जैसे होली पर्व नजदीक आ रही है वैसे-वैसे विभिन्न थाना स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। ऐसे में ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस लगातार विभिन्न मुसहरी में छापेमारी कर रही है। मंगलवार को पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी और केवड़ा थाने में संतोष कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई जहां पर पुनपुन में श्रीपालपुर में छापेमारी के दौरान 500 लीटर अर्द्ध निर्मित महुआ देसी शराब को नष्ट किया गया है जबकि केवड़ा में दो दर्जन से अधिक भट्ठियों धवस्त करने की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार एक ऑपरेशन के तहत चलाए जाएंगे। खासकर होली पर्व को देखते हुए जगह-जगह पर सभी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा देसी शराब की भट्ठियों में छापेमारी की जा रही है ताकि होली पर्व शांति से संपन्न हो सके।

## एनटीपीसी ने 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह में 'सुरक्षा प्रथम' प्रतिबद्धता को किया सुदृढ़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी ने पटना स्थित अपने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को उत्साहपूर्वक मनाकर सुरक्षित और संरक्षित कार्य वातावरण बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता देने के कंपनी के निरंतर प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा-शपथ दिलाया एवं सभी से अपने दैनिक कार्य संस्कृति में सुरक्षा जागरूकता को अपनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में श्री नाग ने उन्नत सुरक्षा उपायों और सक्रिय रिपोर्टिंग प्रणाली को अपनाने के महत्व पर जोर दिया, ताकि दुर्घटनाओं और निकट-चूक की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा एनटीपीसी को हमेशा अपनी सुदृढ़ सुरक्षा परंपरा पर गर्व रहा है। हम मजबूत आईटी-सक्षम रिपोर्टिंग तंत्र के माध्यम से पारदर्शिता और निकट-चूक की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूं कि आप एक दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल के लिए अपनी जिम्मेदारी को और भी सक्रियता से निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) दीपक रंजन देहुरी और महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर, विश्वनाथ चंदन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों की उत्साही भागीदारी देखी गई जिसने सुरक्षा के प्रति कंपनी की सामूहिक प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। एनटीपीसी के प्रचालन उत्कृष्टता की अपनी निरंतर यात्रा में सुरक्षा हमेशा से एक प्रेरक भावना का एक मुख्य स्तंभ रहा है। कंपनी सुरक्षित और उत्पादक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय सुरक्षा मानकों और नवोन्मेषी तकनीकों को लागू करने में निरंतर प्रयासरत है।

## होली गीतों के साथ हुई स्वच्छता की बात




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा बोरिंग रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास वाले क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें होली गीतों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीत गाते हुए पटना के सभी लोगों को और विशेष कर महिलाओं को प्रेरित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अवश्य भाग लें ताकि पटना की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो। कार्यक्रम में डॉ बिंदा सिंह, डॉ पूनम चौधरी, श्वेता सुरभि, डॉ शचि गुंजन, अरुणिमा, स्मिता पाराशर, आरती रति, उषा सिंह, पल्लवी विश्वास, नीलम, अंजना और कंचन सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया और स्वच्छता के संकल्प को दोहराया। प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉक्टर बिंदा सिंह ने कहा कि स्वच्छ मन के लिए स्वच्छ तन का होना जरूरी है।

## स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाई गई बच्चों को कृमिनाशक गोली, एक लाख बच्चों का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत मसौढ़ी में मंगलवार से संस्कृत मध्य विद्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिला कर इसकी शुरुआत की और बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चे अनिमिया का शिकार हो जाते हैं जिससे बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है जिससे बच्चों में सदैव थकावट रहती है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने बताया कि मसौढ़ी में एक लाख 58 हजार बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको आगामी 7 फरवरी को मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है एवं किसी भी बच्चे को दवा उनके अभिभावकों को नहीं देंगी। अपने सामने दवा खिलानी होगी।

## 400 बछड़ों को गौ ज्ञान फाउंडेशन ने किया रेस्क्यू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ स्थित बुढ़वा महादेव स्थान जहां महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चल रहे मेले में मन्नत मांगने के बाद छोड़े गए गाय, भैंस के बछड़ों के लिए गौ ज्ञान फाउंडेशन संजीवनी बन गया है। दरअसल पर्व त्यौहार के मौके पर पूजा पाठ के बाद मन्नत मांगने के लिए गाय के बछड़े और भैंस के बछड़े को कान काटकर छोड़ देने की सदियों काल से परंपरा रही है। ऐसे में वह बछड़े लावारिस पशु की तरह इधर-उधर भटकते रहते हैं। कभी बीमार होकर मर जाते हैं या फिर पशु तस्करों के हाथ लग जाते हैं। ऐसे में इन सबों पर रोक लगाने के लिए गौ ज्ञान फाउंडेशन संस्था आगे आई और इन लावारिस पशुओं के लिए संजीवनी बन गई है। गौ ज्ञान फाउंडेशन के सचिव योगेंद्र सरोहा दिल्ली, ने बताया कि पिछले 10 सालों से यह फाउंडेशन काम कर रहा है जो चंदन ध्यान गौशाला बांका में सभी छोड़े हुए गाय के बछड़ों को आश्रय दिया जाता है।

## इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर एवं शाखा कार्यालय कहलगांव द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा मेसर्स एचबी रिटेल में तथा शाखा कार्यालय कहलगांव द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

## धनरूआ उप प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव में आया नया मोड़

### अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 21 मार्च को प्रमुख कार्यालय में करें हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के उप प्रमुख प्रेम कुमार पर अविश्वास प्रस्ताव मामले में एक नया मोड़ आया है। दरअसल प्रखंड प्रमुख बबीता देवी ने प्रखंड पदाधिकारी एवं अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सभी पंचायत समितियों को 21 मार्च को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की बात कही है। दिए गए पत्र के आलोक में प्रखंड प्रमुख बबीता कुमारी ने कहा है कि उपप्रमुख के ऊपर अविश्वास प्रस्ताव हेतु विशेष बैठक बुलाने के लिए अनुरोध किया गया है जबकि कुछ पंचायत समितियों के द्वारा दी गई अविश्वास प्रस्ताव का विरोध पत्र भी मुझे समर्पित किया गया है। इस आवेदन से यह प्रतीत हो रहा है कि कुछ पंचायत समितियों को बहला-फुसला कर हस्ताक्षर कराया गया है। अनुरोध है कि अगर उप प्रमुख के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं तो प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष 21 मार्च 2025 को प्रमुख कार्यालय में उपस्थित होकर समाने अपने-अपने हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें।

## पटना में जैन भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक बड़े ही उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ स्वामी जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर हैं और उनका जन्म इक्ष्वाकु वंश में हुआ था। उन्होंने अपने जीवनकाल में जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन किया और लोगों को जैन धर्म के मूल्यों के बारे में जागरूक किया। भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक उनके जीवन के अंतिम चरण को दर्शाता है जब उन्होंने अपने शरीर को त्याग दिया और मोक्ष प्राप्त किया। यह तिथि जैन समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां वे भगवान मल्लीनाथ स्वामी की महिमा का गुणगान करते हैं और उनके जीवन और संदेश को याद करते हैं। इस अवसर पर पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा किया गया तथा निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जैन समुदाय के लोगों ने भगवान मल्लीनाथ स्वामी की महिमा का गुणगान किया और उनकी कृपा और आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। एम पी जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक हमें उनके जीवन और संदेश को याद दिलाता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और उनकी शिक्षाओं को फैलाना चाहिए। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ का गर्भ, जन्म, तप एवं केवलज्ञान स्थली पौराणिक मिथिलापुरी जी है।

## जेल परिसर में पेड़ कटाई मामले पर एसडीएम ने लिया संज्ञान, अंचलाधिकारी से कराई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिना परमिशन लिए हुए मसौढ़ी जेल के बाहरी परिसर में पेड़ों की कटाई मामले में अनुमंडल प्रशासन ने संज्ञान लिया जहां अनुमंडल पदाधिकारी ने मंगलवार को अंचलाधिकारी को पेड़ कटाई मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे जहां अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने जेल परिसर में पेड़ों की हुई कटाई की जांच कर उन्होंने बताया कि दो सूखे हुए पेड़ और एक हरे पेड़ की कटाई की गई है जिसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि बिना परमिशन लिए पेड़ कटाई मामले में जेल सुपरीटेंडेंट से कारण पृच्छा की गई है और वन विभाग को इस पर पूरे मामले की गहन जांच करते हुए कार्रवाई करने को कहा गया है। बहरहाल यह तो जांच का विषय है कि किसके आदेश पर पेड़ों की कटाई की गई है, लेकिन सरकार की पायलट प्रोजेक्ट योजना के तहत वृक्ष बचाओ अभियान चलाया जा रहा है वही सरकारी पदाधिकारी भी नियमों को ताक पर रखकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। हालांकि सूत्रों से मिली खबर के अनुसार पेड़ कटाई होने के बाद साक्ष्य को छुपाने का भी प्रयास किया गया है।

# होली पर गलत हरकत करने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय में डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश ने प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर के एसपी के साथ मंगलवार को प्रोन्नति बोर्ड व होली को ले बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी एसपी को होली व अन्य पर्व के मौके पर विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि होली में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अश्लील और भड़काऊ गीतों पर पाबंदी रहेगी। अश्लील और भड़काऊ गीतों के जरिए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले जाति और धार्मिक उन्माद उत्पन्न करने वाले सामाजिक तत्वों पर सीधे प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। होली और आने वाले अन्य त्योहार में गलत हरकत करने वालों की पुलिस सख्ती से खबर लेगी। पर्व और त्योहार के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अगर किसी ने ऐसी समस्या पैदा करने की कोशिश की तो उनकी उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। ऐसे असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन ने विशेष नजर रखने का निर्णय लिया है।



उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के जरिये अफवाह फैलाने की भी कोशिश की जाती है। ऐसे तत्वों पर कार्रवाई के लिए सोशल मीडिया पर नजर रखने का भी सभी एसपी को निर्देश दिया गया। उन्होंने शराब की खरीद बिक्री में शामिल लोगों पर सख्ती बरतने की बातें कही है। लगातार छापेमारी कर चिन्हित शराब माफियाओं पर नकेल कसने का निर्देश दिया गया है। शाहाबाद प्रक्षेत्र के उत्तर प्रदेश झारखंड की सीमा पर विशेष तौर पर ध्यान देने की बातें कही गई है। सीमावर्ती राज्यों सोन और गंगा नदी की सीमा पर गश्ती बढ़ाने को भी कहा गया। हर आशंका वाली जगह पर छापेमारी करने व शराब खेप की आवाजाही की जांच के निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी ने कहा कि होली के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अपने निजी सार्थक को साधने के प्रयास में अशांति पैदा करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में सभी थानों में ऐसे इतिहास वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। होली एक बड़ा पर्व है। उस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जिले के गंभीर अपराधों की समीक्षा के दौरान आरोपितों को गिरफ्तार करने और लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी बोर्ड की भी बैठक हुई जिसमें प्रक्षेत्र के चारों जिलों के 187 में से 180 सिपाही को ए एस आई और तीन एस आई को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति की अनुशंसा की गई है। बैठक में रोहतास के एसपी रौशन कुमार, कैमूर के हरिमोहन शुक्ला, बक्सर के शुभम आर्य व पूर्व भोजपुर के श्रीराज शामिल थे।

# पांचवें दिन भी जारी रहा वार्ड पार्षदों का धरना

## नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई पर अड़े वार्ड पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ड पार्षदों का अनिश्चिकालीन धरना पांचवें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरना दे रहे वार्ड पार्षद नगरवासियों का कार्य धरनास्थल पर ही कर रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि मांगों से संबंधित ज्ञापन धरना से पहले ही सम्बंधित अधिकारी को दिया गया था। अनिश्चिकालीन धरना के पांचवें दिन भी कोई भी अधिकारी धरनार्थियों से मिलने नहीं आया। धरना पर बैठे वार्ड पार्षद चिंता देवी व बेबी रस्तोगी ने बताया कि पार्षद अपने मांगों से पीछे नहीं हटेंगे जब तक वार्ड पार्षदों की मांग नहीं मानी जायेगी तब तक रात दिन




अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरनार्थियों का कहना है कि नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार के चलते नगर पंचायत का विकास नहीं हो पा रहा है। वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई वार्डों में लाइटिंग की व्यवस्था न के समान है जिससे नगरवासियों को रात के समय अंधेरे में आना-जाना पड़ता है। पेयजल की स्थिति भी बहुत खराब है। गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल के लिए लाइन लगाना पड़ता है। धरना में पार्षद बेबी रस्तोगी, चिंता देवी, अरुण कुमार पाल, विशाल कुमार, राम आशीष चौधरी, लव कुश रस्तोगी, अंकुर जायसवाल, अक्षय माला आदि वार्ड पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 31 मार्च तक कराएं ई केवाईसी, अन्यथा राशन पर लग सकती है रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सभी राशन कार्डधारी को 31 मार्च 2025 से पूर्व ई केवाईसी करने का निर्देश विभाग द्वारा दिया गया है जो भी लाभुक ई केवाईसी नहीं करवाएंगे उनका राशन बंद किया जा सकता है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के हवाले से बताया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित सभी लाभुकों का ई केवाईसी कराने का निर्देश प्राप्त है। कोई भी लाभुक अपने मोबाइल फोन से देश के किसी भी स्थान से मेरा ई केवाईसी ऐप या आधार के फेस आईडी से ई केवाईसी कर सकते हैं। कैमूर जिला में कुल राशन कार्ड की संख्या 2,60,610 है जिसमें कुल लाभुक 11,56,686 हैं। जिला आपूर्ति कार्यालय के डेटाबेस के अनुसार अब तक 8,92,717 का ई केवाईसी हो चुका है तथा 2,63,969 लाभुकों का ई केवाईसी शेष है। ई केवाईसी की अंतिम तिथि 31.3.25 है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी कार्डधारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने राशन कार्ड के शेष सदस्य का निःशुल्क ई केवाईसी अपने नजदीकी डीलर अथवा उपरोक्त ऐप के माध्यम से अविलंब कराए, अन्यथा 31 मार्च 2025 के बाद ई केवाईसी से छूटे सदस्यों का अनाज आवंटन विभाग से नहीं दिया जाएगा।

# जगरियां पंचायत के आवास सहायक का अनुबंधन रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** चैनपुर प्रखंड के जगरियां पंचायत में पदस्थापित सर्वेक्षणकर्ता कुमारी सीमा पटेल (आवास सहायक) को उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश ने उनके अनुबंध को रद्द कर दिया है। उक्त कार्रवाई पंचायत में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास विहिन परिवारों के पहचान के लिए चल रहे सर्वेक्षण कार्य में लाभुकों से अवैध वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किया गया। वीडियो वायरल के बाद सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा उनके खिलाफ शोकॉज किया गया जिसके जवाब में सीमा पटेल ने वीडियो वायरल को एक साजिश बताया था, लेकिन जांच में उनका आरोप गलत पाया गया। डीडीसी ने बीडीओ को उनका प्रभार किसी अन्य आवास सहायक को देने का आदेश दिया है।

# 7 मार्च को जन सुराज पार्टी के होली मिलन में शामिल होंगे संस्थापक अरविंद ठाकुर

## सामाजिक समरसता को बढ़ाने का काम करता है होली का पर्व : समीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी 7 मार्च 2025 को स्थानीय एनीकट रोड स्थित मिलन बैंक्वेट हॉल में डिहरी विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के भावी विधायक प्रत्याशी समीर कुमार के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य समीर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डीआईजी सह जन सुराज पार्टी के संस्थापक सदस्य अरविंद ठाकुर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के गीले शिकवे को मिटा कर हम सभी को होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। कहा कि होली का पर्व प्राकृतिक सौहार्द का त्योहार है, यह भेदभाव को भुलाकर स्नेह के रंग में रंगने का पर्व है। साथ ही ऐसे पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ाने का भी काम करते हैं। समीर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, शिक्षाविद, समाजसेवी, पत्रकार सहित सम्पूर्ण डिहरी विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता काफी संख्या में उपस्थित रहेंगी।

# प्रखंड में सद्भावना समिति के गठन को ले समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह के आदेश पर जिले में आगामी पर्व को शांति एवं सद्भावना के साथ मनाने को लेकर पंचायत स्तर पर सद्भावना समिति का गठन किया जा रहा है। इसी क्रम में काराकाट प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को काराकाट प्रखंड पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में बेनसागर पंचायत, जयश्री पंचायत एवं अमरथा पंचायत के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, दोनों समुदाय के पूजा कमिटी एवं ग्रामीणों के साथ आगामी होली, ईद एवं रामनवमी पर्व को शांति एवं सद्भावना के साथ मनाने के लिए समीक्षा बैठक की गई जिसमें कई बिंदु पर चर्चा एवं विचार-विमर्श करते हुए सद्भावना समिति का गठन किया



गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपील किया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सद्भावना समिति का गठन करना है। आप सभी शांति व्यवस्था, विधि व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं सद्भावना को कायम रखते हुए पर्व को मनाएं। मौके पर अंचलाधिकारी डॉ रितेश कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल कुमार, स्थानीय थाने की पुलिस सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सभी पूजा कमिटी के अध्यक्ष एवं ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# करें योग रहें निरोग : मुटुर पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने बताया कि करें योग रहें निरोग। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र कॉलोनी में विवेकानंद पार्क में वरिष्ठ समाजसेविका रेखा त्रिपाठी ने योग संस्थान का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि लोगों को जीवन में योग अपनाकर स्वस्थ रहने व दीर्घायु रहने का मंत्र दिया। योग भगवान शंकर के समय से ही विद्यमान है। योग व शाकाहारी को अपना कर एक स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। उपस्थित सभी ने इसे अपनाने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

# बिहार सरकार का बजट-विकास और जनकल्याण को समर्पित : सत्यानंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तुत विकासोन्मुख एवं जनकल्याणकारी बजट को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सत्यानंद कुमार ने इसे राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व को प्रधानमंत्री मोदी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है और यह बजट इसी समन्वय और संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस बजट में गरीबों, युवाओं, किसानों एवं महिलाओं के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का समान अवसर



मिलेगा। सरैया पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक सुदृढ़ता को बल देगा और समावेशी विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सरकार द्वारा लिए गए ये आर्थिक निर्णय न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे, बल्कि रोजगार, कृषि एवं शिक्षा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार लाएंगे।

**बजट में प्रमुख बिंदुः**

गरीबों के लिए- कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार और आधारभूत सुविधाओं का सशक्तीकरण। युवाओं के लिए-शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों की व्यवस्था। किसानों के लिए-कृषि क्षेत्र को नई तकनीकों और अनुदानों के माध्यम से प्रोत्साहन। महिलाओं के लिए-स्वरोजगार, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाएं। सरैया उपमुखिया अमित गुप्ता ने इस बजट को बिहार के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए कहा कि इससे बिहार के विकास को नई गति मिलेगी और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# इंडियन एक्सप्रेस द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी का पुरस्कार कैमूर डीएम को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारत की प्रमुख समाचार एजेंसी इंडियन एक्सप्रेस द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी का पुरस्कार के लिए कैमूर डीएम सावन कुमार का चयन किया गया है। समाचार एजेंसी के अनुसार 4 मार्च 2025 को आईटीसी मौर्य नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में कैमूर डीएम को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना एवं प्रसारण इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष हैं। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार पिछले दो वर्षों में नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने और सरकार की पहुंच को बढ़ाने में उनके द्वारा अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया जा रहा है। समाचार एजेंसी के अनुसार कैमूर डीएम ने प्रौद्योगिकी नवाचार से लेकर महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से लेकर केंद्रीय योजनाओं की क्रियान्वयन तक अनेक क्षेत्रों में कैमूर जिले में नवाचार कार्य किया है और सार्थक योगदान दिया है। अभी हाल में ही जिले के डीएम को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बेहतर वित्तीय अनुशासन रखने के लिए मुख्य सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया है। कैमूर जिले वासियों की तरफ से जिला पदाधिकारी को इस पुरस्कार हेतु नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# होलिका दहन अपने नियत स्थान पर करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** होली व रामनवमी को लेकर मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के चकन्हा पंचायत भवन पर पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के बीच शांति समिति की बैठक के दौरान जनसंवाद किया गया। इसमें अंचलाधिकारी, प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान सीओ संजय कुमार व थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि डीजे



पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गीत गाना नहीं बजेगा। होलिका दहन अपने नियत स्थान पर करेंगे। परिजन अपने नवयुवकों पर नजर रखेंगे। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। मौके पर मुखिया पूनम देवी, एमओ खूशबू कुमारी, सरपंच मालती देवी, उप सरपंच सुरेन्द्र सिंह, वार्ड सदस्य अजय पाल, रविशेक कुमार आदि मौजूद थे।

# चार माह के बकाए वेतन की मांग को ले प्राध्यापकों ने की नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर शिक्षक संघ ने प्राध्यापकों द्वारा चार महीने से लंबित वेतन का भुगतान नहीं किये जाने के विरोध में मंगलवार को विरोध दर्ज किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही एवं शिथिलता पूर्ण रवैये के खिलाफ शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की। आक्रोश प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय शंकर शर्मा के अनुसार समय पर वेतन भुगतान नहीं करना सिर्फ




आर्थिक शोषण ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का सुनियोजित षडयंत्र भी है। इस तरह से लोकतंत्र में कर्मियों को उपेक्षित किया जाना मानवीय मूल्यों के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या भी है। मौके पर डॉ हरेन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ मधुरिमा मिश्रा, नीतू रानी, डॉ अनुराधा यादव, डॉ जय राम सिंह, डॉ शंभु सिंह, डॉ रेणु कुमारी, डॉ तिलक मंडल, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ अन्नु कुमारी आदि मौजूद थे।

# नशे में छेड़खानी के मामले में युवक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने नशे की हालत में एक महिला के साथ छेड़खानी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराया आरोपी कुदरा थाना के बहेरा गांव के बिट्टू शर्मा सत्यनारायण शर्मा का पुत्र है। परिजनों के सूचना पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर मामले में पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी सुधीर कुमार की उपस्थिति में छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का कार्यक्रम किया गया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के टीम का स्वागत किया। अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 1 से 5 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी के दो पर तथा 6 से 19 वर्ष के छात्राओं को स्कूल में जाकर दवा खिलाने का कार्यक्रम राज्य सरकार के द्वारा निर्देशित है। उन्होंने स्पष्ट निदेश किया कि जो बच्चे बीमार हैं या अन्य कोई दवा ले रहे हैं वह एल्बेंडाजोल की गोली नहीं खाएंगे



और इस क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को जबरदस्ती नहीं खिलाई जाए। एल्बेंडाजोल आसानी से चबाकर खाई जाने वाली दवा है बिना चुरा किया या बिना चबाकर खाई गई दवाइयां गले में अटक सकती है। विद्यालय में उपस्थित 289 छात्रों ने एल्बेंडाजोल गोली खाने का कार्य किया। माप अप दिवस 7 मार्च 2025 को मनाया जाएगा जिसमें एल्बेंडाजोल दवा नहीं खाने वाले छात्रों को पुनः एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, चिंतामणि कुमारी, मोनू गुप्ता, विभा रानी, तनवीर अख्तर नसरीन उपस्थित थी।

**AFFIDAVIT**

Before Notary Arun Kumar Affidavit no.1, dated-16-1-2025 I, Iftekhar Ahmad, Adhar Card no. 7867 1244 4963, son of Late Md. Nizamuddin, resident of Mohalla- Kali Chandi, W.no.6 P.S. Barh, Distt-Patna (Bihar) Pin 803213 has been declared that my permanent resident of above mentioned address and name is correctly mentioned in my Adhar Card Iftikhar Ahmad.

But my name is in correctly mentioned in Passport no. H0198427 Iftekhar Ahmad. Thereafter my mother name is Sajida Khatun but in my aforesaid Passport my mother name is wrongly printed as Szida Khatoon.

Sd/-
Deponent.

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

**बोरवेल रिंग मशीन निबंधन हेतु आम सूचना**

हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत डीप/सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन के वाहन मालिकों/आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य/डीपबोर करने हेतु हुसैनाबाद नगर पंचायत में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के नगर निकाय क्षेत्र में बोरिंग, नलकूप बैठाने, कुऑ, तालाब, बोरिंग, चहबच्चा, कुण्ड या फुहारा इत्यादि कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय है। इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा सामान्य बोरिंग हेतु एक वर्श के अनुज्ञप्ति के लिए 45,000.00 रु (पैतालीस हजार रुपये) मात्र शुल्क, प्रति सामान्य बोर कराने पर वाहन मालिकों से 1500.00 रु (पन्द्रह सौ रुपये) मात्र एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति से 500.00 रु (पॉच सौ रुपये) मात्र शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में बोरवेल मशीन वाहन मालिक अनुज्ञप्ति के लिए दिनांक 04.03.2025 से 11.03.2025 तक निम्न नियम एवं शर्त के अनुसार निबंधन कराने हेतु कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. आवेदन शुल्क 1000.00 रूपय का नाजीर रसीद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।
2. निबंधन हेतु 45,000.00 रु (पैतालीस हजार रुपये) मात्र डिमांड ड्राफ्ट जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा तथा वापस नहीं किया जायेगा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के नाम से देय होगा।
3. बोरवेल वाहन से संबंधित अद्यतन कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
4. प्रदूषण से संबंधित अद्यतन कागजात।
5. वाहन बीमा से संबंधित अद्यतन कागजात।
6. वाहन मालिक का आधार कार्ड, वोटर आई0 डी0।
7. वाहन चालक का ड्राविंग लाइविंग लाईसेंस।
8. आवेदन के साथ इस बात का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि जमा किये गये सभी कागजात सही है।

वैसे सामान्य/डीप बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाने पर 50,000.00 रु (पचास हजार रुपये) मात्र राशि जुर्माना लिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 347749 District(24-25)#D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन हेतु आम सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) (ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमांक 01 किमी. 03 किमी0 अंततः 6 किमी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशुल्क बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतो से वार्षिक आय रूपये 72000/– से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। (ग) नर्सरी/एल.के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 03 वर्ष 06 माह से 04 वर्ष 06 माह के बीच एवं प्रवेश कक्षा 01 में नामांकन हेतु 05 वर्ष से 06 माह से 07 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना की Cut off तिथि 31 मार्च 2025 होगी। (घ) आवेदन कार्यालय के Website, WWW.rtepalamu.in पर ऑनलाईन दिनांक 20.03.2025 तक भरा जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में आर0टी0ई0 के तहत् मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25% नामांकन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन कम प्राप्त होने पर विचार करने हेतु एवं ऑनलाईन नामांकन एवं अनुश्रवण करने हेतु पोर्टल का दिनांक 03.03.2025 से 20.03.2025 तक सुचारूप से संचालित रहेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 347721 (District)24-25*D

# वेना रेलवे स्टेशन पर पलामू व रहुई पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का हुआ ठहराव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के वेना रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस व रहुई रोड हॉल्ट पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। मंगलवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान रेलवे के संबंधित अधिकारी शामिल हुए। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों का मांग था कि पलामू एक्सप्रेस वेना रेलवे स्टेशन पर ठहरे लोगों की मांग पर हमने रेलवे मंत्री से मिलकर वेना रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर बात किया। जहां रेलवे मंत्री के द्वारा ट्रेन की ठहराव की अनुशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रेन ठहरने से अब लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोग भी सांसद को चिट्ठी लिखकर वेना रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर को खोलने, यात्रियों के ठहराव के लिए यात्री शेड, पीने के लिए पानी समेत समुचित व्यवस्थाओं को लेकर अवगत कराया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी ने कहा कि स्टेशन पर विकास के लिए ज्यादा टिकट भी बिकनी चाहिए। लेकिन टिकट बिकती ही नहीं है तो विकास होना संभव नहीं है। अभी वेना रेलवे स्टेशन का स्थिति जर्जर है। लोगों ने कहा कि ट्रेनों का ठहराव है लेकिन व्यवस्था नहीं है स्टेशन तक जाने के किए सड़क भी जर्जर है लोगों को बैठने के लिए प्रतीक्षालय नहीं है। इन सभी कमियां को लोगों ने सांसद को अवगत कराया। हालांकि सांसद ने लोगों को आश्वाशन दिया है कि जो कमियां है वह पूरी की जाएगी।

## ड्रोन से चना फसल में दवा का छिड़काव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय में चना प्रभेद सबौर चना 1 के फसल पर फली छेदक से बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव ड्रॉन के माध्यम से किया गया। आत्मा नालंदा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 70 से अधिक किसानों का प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषकों में खासकर महिला कृषक में काफी उत्साह देखा गया एवं ड्रॉन की कृषि मे उपयोगिता का समझा। इस मौके पर कृषकों को प्रशिक्षण भी दिया गया तथा ड्रॉन से संबंधित सभी जानकारी उप्लब्ध कराई गई। कृषकों के द्वारा कृषि विभाग के इस योजना को सराहा भी गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी नालन्दा राजीव कुमार, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र विजेश कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार, उपपरियोजना निदेशक, आत्मा अविनाश कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, हिलसा सत्येन्द्र कुमार, सहित प्रशिक्षु पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार इत्यादि उपस्थित थे।

# संगठन को मजबूत बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी : ललन महतो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की नगर जिला कार्यकारिणी बैठक अस्पताल चौक स्थित गीतांजलि होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुलरेज अंसारी ने की। इस मौके पर संगठन प्रभारी ललन महतो, पूर्व प्रत्याशी अशगर शमीम, महमूद बख्खो और प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का बहुआयामी विकास हुआ है। संगठन प्रभारी ललन महतो ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी के निर्देशानुसार सेक्टर स्तर से लेकर वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, 2025 में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को 225 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती के साथ जुटना होगा। बूथ कमिटी का गठन कर इसकी जानकारी प्रदेश नेतृत्व को देना हम सभी की जिम्मेदारी है।ललन महतो ने कहा कि जदयू कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हर कार्यकर्ता स्वयं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रतिनिधि समझे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को भी नेता नीतीश कुमार ने विधान पार्षद का उम्मीदवार बनाया, जिससे स्पष्ट होता है कि पार्टी में हमेशा कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। बैठक में यह भी कहा गया कि बिहार सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्तमान में बिहार का बजट 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जिसमें महिलाओं, युवाओं, छात्रों और किसानों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। सरकार ने न केवल सरकारी नौकरियों के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है। बैठक में उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, मेराजुद्दीन, महिला अध्यक्ष निरंजना गुप्ता, संजीत यादव, राहुल रंजन कुशवाहा, श्रवण स्वर्णकार, सोनू रविदास, जनार्दन पंडित, डॉ. संजय कुमार, अजय पासवान, तौफीक अख्तर, डॉ. सौरभ प्रकाश, बब्लू सिंह, सुरेंद्र पासवान, अतीकुर रहमान, प्रणव दिवाकर, उपेंद्र दिलवाला, आकाश कुमारी काजल, बिट्टू कुशवाहा, आलोक पाटेश्वरी, आलोक कुशवाहा, ई. अली अहमद, सकीबुल हसन, अमित कुमार, रिक्की, रितेश कुमार, कारू त्रिवेदी, तारिक अनवर, मो. बसीर, शशिभूषण प्रसाद, सुदामा केवट, मो. नदीम, आदित्य कुमार, पप्पू पासवान, अब्दुल हक, मो. राशिद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि दिवस पर अपने बच्चों को दवा अवश्य खिलाएं : चिकित्सा पदाधिकारी

**जागरूकता : एक लाख 23 हजार से अधिक बच्चों और युवाओं को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 4 मार्च मंगलवार को प्रखंड के एक लाख 23 हजार से अधिक बच्चों व युवाओ को कृमि नाशक दवा खिलाया जाना है।इस बाबत सोमवार को वारिसलीगंज स्थित रेफरल अस्पताल के सभागार में प्रखंड के शिक्षकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों व बाल विकास परियोजना कार्यालय के पास आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। अस्पताल प्रभारी डा. आरती अर्चना ने बताया कि बच्चों के पेट में परजीवी व हानिकारक कृमि का संपूर्ण खात्मा के लिए कृमि दिवस की शुरुआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा 2015 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ों के बारे में आम लोगों को जागरूक कर बच्चों में मृदा संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन करना है। कहा गया कि 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चे जो किसी भी सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हें उक्त स्थान पर दवा खिलाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी शिक्षकों को दवा उपलब्ध करा दी गई है। बताया कि यह हानिकारक कृमि मुख्य रूप से मिट्टी, गंदा पानी व गंदा खाना खाने के साथ बच्चों के शरीर में प्रवेश कर जाता है। जो आंत में रहकर बच्चों के पोस्टिक आहार को ग्रहण कर लेता है। जिस कारण बच्चों की शारीरिक और मानसिक वृद्धि प्रभावित होता है साथ ही कुपोषण, एनीमिया आदि की चपेट में आ जाते है। खासकर वैसे बच्चे जो मिट्टी के संपर्क में रहते हैं। मिट्टी से बच्चों के शरीर में तीन तरह के हानिकारक कृमि जिसमें राउंड वार्म, हुक वार्म आदि प्रवेश कर जाता है।जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दिन बच्चे खाली पेट स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंचे पूरी तरह से खाना खाकर ही दवा का उपयोग बेहतर होता है। खाली पेट दवा खाने पर उल्टी आदि की शिकायत हो सकती है। छूटे हुए बच्चों को 7 मार्च को दवा खिलाई जाएगी।

## हल्दी की हो रही थी तैयारी, दुल्हन फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले की लड़की की बारात 3 मार्च को आना था। इस दौरान शादी के पूर्व का सभी रस्म को पूरा किया जा रहा था। लड़की के बदन में हल्दी भी लग रहा था, लेकिन उसने एक मार्च को घर से फरार हो गई। लड़की को फरार होने के बाद घर में कोहराम मच गया। काफी खोजने के बाद जब लड़की का कहीं अता पता नहीं चला तब, लड़की की मां ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करा बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# 44 हजार बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

**बीडीओ ने कृमि नाशक दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काशीचक (नवादा)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रखंड के मध्य विद्यालय चंडीनावां में बीडीओ, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जिवेश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ सौरव कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि कृमि नाशक दवा खाने से बहुत से बीमारियों से बचा जा सकता है। अस्पताल प्रभारी डॉ जीवेश कुमार ने बताया कि बच्चों के पेट में परजीवी व हानिकारक कृमि का संपूर्ण खात्मा के लिए कृमि दिवस की शुरुआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा 2015 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ों के बारे में आम लोगों को जागरूक कर बच्चों में मृदा संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन करना है। कहा गया कि 01 से 19 वर्ष की आयु के बच्चे जो किसी भी सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हें उक्त स्थान पर दवा खिलाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी शिक्षकों को दवा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि यह हानिकारक कृमि मुख्य रूप से मिट्टी, गंदा पानी व गंदा खाना खाने के साथ बच्चों के शरीर में प्रवेश कर जाता है। जो आंत में रहकर बच्चों के पोस्टिक आहार को ग्रहण कर लेता है। जिस कारण बच्चों की शारीरिक और मानसिक वृद्धि प्रभावित होता है साथ ही कुपोषण, एनीमिया आदि की चपेट में आ जाते है। खासकर वैसे बच्चे जो मिट्टी के संपर्क में रहते हैं। मिट्टी से बच्चों के शरीर में तीन तरह के हानिकारक कृमि जिसमें राउंड वार्म, हुक वार्म आदि प्रवेश कर जाता है। जड़ से समाप्त करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिन बच्चे खाली पेट स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही सभी अभिभावकों को सूचना दी गई है । खाना खाकर ही दवा का उपयोग बेहतर होता है। खाली पेट दवा खाने पर उल्टी आदि की शिकायत हो सकती है। हेल्थ मैनेजर विजय ने बताया कि 44 हजार के करीब बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है इसके लिए आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम,सभी विद्यालयों के प्रधान के अलावा सभी प्राइवेट स्कूलों में दवा खिलाने की व्यवस्था की गई है। छूटे हुए बच्चों को 7 मार्च को दवा खिलाई जाएगी। मौके पर प्रधानाध्यापक राज कपूर वर्मा, सोनू कुमार, आशुतोष कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नवादा की टीम ने हेमन ट्रॉफी में नालंदा की टीम को हराया




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट हेमंत ट्रॉफी में मंगलवार को नवादा की टीम का मुकाबला नालंदा की टीम से हुआ, जिसमें नालंदा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। नालंदा की पूरी टीम 43 ओवर में 264 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नवादा के फिरकी गेंदबाज आदर्श कुमार पांडे के सामने नालंदा के सभी बल्लेबाज नाचते नजर आए। आदर्श ने नालंदा के पांच खिलाड़ियों को आउट किया। नालंदा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कुंदन ने 68 सिद्धार्थ ने 67 जबकि मुन्ना ने 30 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा की टीम ने 45 में ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 267 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीत लिया। नवादा की तरफ से पिछले मैच में शतक बनाने वाले बल्लेबाज कप्तान दीपक ने एक बार फिर 61 रनों की पारी खेली। सुमन सौरभ ने भी पुनः नावाद 82 जबकि निशांत ने नावाद 68 रनों की पारी अपनी टीम के लिए खेला और टीम को जीत दिलाई। नालंदा के गेंदबाज सुमन आदित्य एवं अर्णव ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया इस तरह से हेमन ट्रॉफी के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में आज नवादा ने नालंदा को हराकर ग्रुप में चैंपियन होने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। आपको बता दे कि यह मुकाबला कलर ड्रेस और व्हाइट बॉल में खेला जा रहा है। नवादा की जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा, सचिव मनीष आनंद, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे उपल्ब, प्रतिनिधि अरुण यादव टूर्नामेंट कमेटी के मनीष गोविंद, चयनकर्ता सुभाष प्रसाद विकास कुमार, आलोक मिश्रा ने टीम को बधाई एवं अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

# 26 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 3 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 1, मद्य निषेध में 6 एवं अन्य गिरफ्तारी 22 कुल 29 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 194.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 77 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 1 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 500 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 58 हजार 500 वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत भट्ठी विनष्ट 2, विनष्ट 1000 लीटर एवं दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# ट्रक व टेलर की टक्कर में चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के गौढ़ापर गांव के पास बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर ट्रक और टेलर की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण जिला के अरविंद यादव के रूप में की गई है। घटना के सम्बंध में मृतक के परिजन ने बताया कि अरविंद यादव ट्रक लेकर मोतिहारी से शेखपुरा गिट्टी लाने जा रहे थे। तभी बिहटा-सरमेरा टू-लेंन पर विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर में चकमा दे दिया। जिसके कारण दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। अरविंद यादव ट्रक की केबिन में ही फंस गया और दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। ट्रक चालक को बाहर निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। इसके उपरांत कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के अंदर फंसे अरविंद यादव को बाहर निकाला गया। ट्रक चालक के पास मिलें पहचान पत्र के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-934-2022-23, दिनांक: 28.02.2025। कार्य का विवरण :** सियालदह: नेताजी सुभाष इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम का सुधार- "वीआरएफ एयर कंडीशनिंग सिस्टम कार्य"। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,10,77,529.12। **बयाना राशि:** ₹ 2,05,400। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1197-2024-25, दिनांक: 28.02.2025। कार्य का विवरण:** हासनाबाद में : एसएसई/ डब्ल्यू/बारासात के अधीन गार्ड्स एवं ड्राइवर्स के लिए रनिंग रूम हेतु ईआई बिल्डिंग के अतिरिक्त फ्लोर का प्रस्तावित निर्माण सहित सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 32,06,877.30। **बयाना राशि:** ₹ 64,100। **पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1200-2024-25, दिनांक: 28.02.2025। कार्य का विवरण:** (i) नैहाटी एवं कल्याणी स्टेशनों के बीच नयी तृतीय लाइन (रिवर्सिबल) के सम्बन्ध में विद्युतीय आम शेष बाकी बचे कार्य। (ii) सियालदह मंडल में चल रहे निर्माण कार्य के सहयोग के लिए ढांचागत सुविधाओं के निर्माण के लिए सियालदह मंडल में विद्युतीय जनरल डिपो का विकास। **निविदा मूल्य:** ₹ 33,50,153। **बयाना राशि:** ₹ 67,000। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 28.02.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 25.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 11.03.2025। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-372/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**

# अस्पताल में इलाज कराने गए शिक्षक की बाइक चुरा ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराने गए एक शिक्षक की बाइक को चोर चुरा ले गए। पीड़ित शिक्षक करमा कला गांव निवासी स्व. रामखेलावन प्रसाद के पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि वे मध्य विद्यालय बलिया में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तबीयत अचानक खराब होने के कारण वे मंगलवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे अपने बाइक स्प्लेंडर प्लस अनुमंडलीय अस्पताल परिसर पहुंचा एवं बाइक को अस्पताल परिसर में लॉक करके अंदर इलाज करवाने चला गया। अस्पताल में डॉ. दिलीप कुमार द्वारा छाती का एक्सरे करवाने को निर्देशित किया गया, जब वे एक्सरे करवाकर दवाई वगैरह लेकर बाहर आए, तो देखा कि बाइक अपने जगह पर नहीं था। उन्होंने कहा कि बाइक में हेलमेट भी लगा हुआ था साथ ही बताया कि आसपास काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी जब बाइक के बारे में कुछ भी पता नहीं चला, तो वे अपने सहकर्मी शिक्षक अजित कुमार को घटना के बारे बताए एवं थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर चोरी गए बाइक के बरामदगी की गुहार लगाई है वहीं शिक्षक नेता अजित सिंह ने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षक हमेशा सेवा करते रहते हैं, ऐसे में शिक्षकों की बाइक का चोरी होना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी एक और शिक्षक के बाइक की चोरी हो चुकी है। शिक्षक नेता ने रजौली थानाध्यक्ष एवं नवादा पुलिस अधीक्षक से बाइक चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

# निर्णायक कमिटी ने बेहतर प्रदर्शन करने वालों का किया चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** इंटर विद्यालय पकरीबरावां में मंगलवार को प्रखंडस्तरीय टीएलएम मेला आयोजित की गई। टीएलएम मेले में प्रखण्ड के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों से चयनित शिक्षक- शिक्षिकाएं शामिल हुए। सभी अपने- अपने टीएलएम को प्रदर्शित किया। निर्णायक टीम में बीआरपी किशोरी शरण वर्मा, प्राथमिक विद्यालय पकरी के सुबोध कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ.मुकेश कुमार सिन्हा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक सूर्यप्रकाश एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के शिक्षक संतोष कुमार को शामिल किया गया। निर्णायक टीम के निर्णय के आलोक में मध्य विद्यालय डुमरावां के शिक्षक संजीत कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज की शिक्षिका अर्चना भारती, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महनाजीतपुर की शिक्षिका नंदनी कुमारी एवं मध्य विद्यालय दिऔरा की शिक्षिका अर्चना सिंह के टीएलएम का चयन किया गया। इस बीच प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार, एमडीएम के बीआरपी संजय कुमार, बीआरपी सुंदर प्रसाद यादव, बीआरपी किशोरी शरण वर्मा एवं पिरामल फाउंडेशन के गांधी फ़ेलो गौरव ठाकुर ने टीएलएम मेला का जायजा लिया। बताया गया कि सभी चयनित प्रतिभागियों को 8 मार्च को जिलास्तरीय टीएलएम मेला में शामिल होना है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– डी.डी.यू/ईएल/जी/ई. निविदा/2024–25/22 दिनांक : 03.03.2025

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/सा./डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/12. विषय– डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत (क) जाखिम स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग के बढोत्तरी में डाउन लूप व अप लूप डिस्पैच सुविधा हेतु विद्युती कार्य करने के संबंध में। (ख) बगोही कुशा के अप लांग हाल लूप लाइन बढोत्तरी में विद्युती कार्य करने के संबंध में। (ग) गुरारू के ओभर रन लाइन के डाउन लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : ₹72,22,180.64
2. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/13. विषय– डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत (क) जपला में शंटिंग निक लाइन न. 5 सोननगर साइड की बढोत्तरी में विद्युती कार्य करने के संबंध में। (ख) अनुग्रह नारायन रोड में हावड़ा इंड साइड शंटिंग क्रास ओभर एवं अप लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : ₹19,84,550.32
3. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/14. विषय– डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत (क) कुदरा में यार्ड रिमाडलिंग के ओभर रन लाइन में अप एवं डाउन लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। (ख) गंजख्वाजा में ओभर रन लाइन के अप लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : ₹20,36,540.65
4. निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 27.03.2025 15:00 बजे। 5. ई–निविदा वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता (सा.)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02227/डीडीयू/ईजीईएन/टी/24–25/60

# कार से 62 बोतल विदेशी शराब बरामद, दो नाबालिगों को किया निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक लग्जरी कार के इंजन में बने तहखाने से 62 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। साथ ही कार में सवार रहे दो नाबालिगों को भी निरुद्ध किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं होली को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से सघन जांच अभियान उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में जारी है। इस दौरान झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। मंगलवार की सुबह झारखंड की ओर से आ रही रिनॉल्ट क्विड को जांच हेतु रुकने का इशारा किया गया परन्तु कार सवार ने गति तेज कर दी और जांच चौकी से गाड़ी को भगाने लगे, जिसे थोड़ी दूर में रहे ट्रॉली को लगाकर रोका गया साथ ही कार में सवार रहे दो लोगों को हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बोनट के अंदर इंजन के पास छुपाकर रखे प्लास्टिक के बोरा एवं थैले के अलावे बने गुप्त तहखाने से कुल 62 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टेज के 750 एमएल वाले 24 बोतल, 375 एमएल वाले 23 बोतल एवं 180 एमएल वाले 15 बोतल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब बरामदगी के बाद कार को जब्त करते हुए हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ पर पता चला कि वे दोनों युवक नाबालिग हैं साथ ही बताया कि वे झारखंड के कथंबा गांव से रजौली में शराब खाली करने को लेकर जा रहे थे। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त शराब एवं कार के अलावे विधि निरुद्ध बालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# गड्ढे में डूबने से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ(नवादा)।** हिसुआ थानाक्षेत्र के चिता बिगहा गांव में घर के पास एक गड्ढे में डूबने से एक महिला की मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि महिला के पैर फिसल जाने से वह पानी भरे गड्ढे में चली गयी जिसके कारण डूबने से महिला की मौत हो गयी। सूचना के बाद पहुंची हिसुआ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। आपको बता दें कि यह घटना हिसुआ थानाक्षेत्र के चिता बिगहा ग्राम में हुआ है, जहां गड्ढे में डूबने से 49 वर्षीया महिला धोला देवी पति लालाजीत मांझी की मौत हो गयी। बताया गया है कि महिला के पति की मृत्यु हो गया था, तब से वह अपने माता-पिता के यहां रहकर जीवन यापन कर रही थी। मृतका की एक पुत्री है, जो ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए बाहर गयी हुई है। घटना के बाद बूढ़े माता -पिता काफी दुखी थे। हिसुआ थाना एसआई रूपा कुमारी ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। विशेष अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# मगध विश्वविद्यालय हिन्दी, मगही और पत्रकारिता विभाग का शैक्षणिक परिभ्रमण

## गेहलौर, नालन्दा और राजगीर के ऐतिहासिक स्थलों का किया अध्ययन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी, मगही और पत्रकारिता विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों का एक दल शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत गेहलौर, नालन्दा और राजगीर पहुंचा। इस दौरे में 100 से अधिक स्नातकोत्तर और कोर्सवर्क के विद्यार्थी शामिल रहे। परिभ्रमण दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने किया। उनके साथ प्रो. आनंद कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. अनुज कुमार तरुण और डॉ. अम्बे कुमारी भी उपस्थित रहे। इस यात्रा के दौरान दल ने गेहलौर घाटी का भ्रमण किया और 'पर्वत-पुरुष' दशरथ मांझी के संघर्षमय जीवन और उनके योगदान को करीब से जाना। इसके बाद दल नालन्दा के विश्वप्रसिद्ध खंडहरों का अवलोकन करने पहुंचा। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गुप्त काल से लेकर पाल काल तक के अवशेषों और अंतरराष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध परंपरा को समझा। इस दौरान सभी ने नालन्दा विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत और इसकी ऐतिहासिक महत्ता पर चर्चा की। राजगीर में भ्रमण दल ने गुरुद्वारा और सोनभण्डार के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। इसके साथ ही उदयगिरि और अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से जुड़े इतिहास और मिथकों की जानकारी ली। इस शैक्षणिक परिभ्रमण में प्रेमचंद, नीतीश, मुन्ना, प्राची, माला, श्रीकांत, पुरुषोत्तम, बंटी, शैलेन्द्र, जितेंद्र, इंद्रजीत, रोहित, संजय, संध्या, श्रीकृष्ण, रविरंजन, प्रियंका, नीलम सहित कई शोधार्थी, विद्यार्थी और शिक्षकेतर कर्मी भी शामिल हुए। सभी ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया।

# हत्या की साजिश रचते दो आरोपित गिरफ्तार, गये जेल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के विनैयका गांव से पुलिस ने देशी कट्टा के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। ये सभी किसी की हत्या करने के लिए एकत्र हो रहे थे। वहीं घटना के पूर्व ही पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल किया है। वहीं इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने इमामगंज पुलिस अनुमंडल कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार गया पुलिस द्वारा जिले में अवैध हथियार रखने वालों व अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष छापामारी अभियान चला रही है। इसी दौरान तीन मार्च को थानाध्यक्ष अमित कुमार को सूचना मिली कि बिहार व झारखंड के सीमावर्ती लोधेया- विनैयका मुख्य मार्ग के दक्षिण कच्ची सड़क के पास कुछ अपराध कर्मी अवैध आर्म्स के साथ घूम रहे हैं। उसी सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी लोधेया-विनैयका मुख्य मार्ग के दक्षिण कच्ची सड़क के नजदीक पहुंचे तो पुलिस वाहन को देखकर तीन व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।

## एक नजर

### ट्रैक्टर-बाइक में टक्कर, इलाज के क्रम में बाइक सवार की मौत

**टिकारी(गया) (नबिटा सं.)।** पंचानपुर गया मुख्य पथ स्थित पंचानपुर पुल पर ट्रैक्टर में बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार की इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान पंचानपुर थानाक्षेत्र के दरियापुर ग्राम निवासी युगल यादव के 27 वर्षीय पुत्र टुनटुन यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार टुनटुन अपनी सगी बहन की मौत के बाद बेलागंज थाना क्षेत्र के गहरपुर ग्राम स्थित बहन के ससुराल से दशकर्म की क्रिया में शामिल हो लौट रहा था। लौटने के क्रम में टुनटुन की बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर से जा टकराया जिसमें टुनटुन गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पंचानपुर थाना की पुलिस व डायल 112 की टीम ने घायल टुनटुन को लेकर मगध मेडिकल अस्पताल ले गई जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई जिसके बाद पंचानपुर थाना की पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार की दोपहर टुनटुन यादव के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। पंचानपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर व बाइक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं नेपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बुलबुल शर्मा ने बताया कि मृतक के आश्रितों को कबीर अंत्योष्टि योजना व पारिवारिक लाभ योजना के तहत आर्थिक मदद दी जाएगी।

### अपहरण कर मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** अलीपुर थाना की पुलिस ने अपहरण कर मारपीट करने के आरोपी दो सगे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरवल जिलान्तर्गत मानिकपुर थाना के नसीरना ग्राम निवासी विनोद सिंह के पुत्र हरेराम सिंह व अभिराम सिंह उर्फ लालू के रूप में हुई। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि मेन थाना क्षेत्र के मेन गांव के रहने वाले मनीष कुमार के फर्द बयान पर निमसरपुर पुल के समीप से अपहरण कर मारपीट कर चैता ग्राम के समीप घायल अवस्था में फेंक देने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा कांड संख्या 151/22 दर्ज किया गया था। सभी आरोपी मूल रूप से मउ थाना क्षेत्र के तेलहा ग्राम के रहने वाले है व नसीरना ग्राम में रह रहे थे। मंगलवार की रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी दोनों भाई नसीरना गांव में मौजूद है जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनो फरार आरोपियों को दबोच लिया व बुधवार को न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** टिकारी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया। एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो लोगों को 15 लीटर शराब के साथ दबोचा गया। दोनों की पहचान बहेलिया बिगहा मुहल्ला निवासी स्व बृजकिशोर प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार उर्फ कारू व नोनी ग्राम निवासी स्व श्याम सुंदर प्रसाद के पुत्र आकाश कुमार उर्फ रोहित के रूप में हुई। दोनों के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

### एडीएम द्वारा कारा में बंदी दरबार का आयोजन

**गया(नबिटा सं.)।** केन्द्रीय कारा गया में डीएम के निदेशानुसार प्रभारी एडीएम (विधि-व्यवस्था) कुमार पंकज द्वारा मंगलवार को कारा में बंदी दरबार का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 800-900 बंदी सम्मिलित हुए। प्रभारी एडीएम (विधि-व्यवस्था) एवं कारा अधीक्षक अरूण पासवान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा बंदियों द्वारा उनके स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। बंदी दरबार में लगभग 20-25 बंदियों ने अपनी समस्याओं से एडीएम (विधि-व्यवस्था) को अवगत कराया जिसमें कुछ बंदियों के समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया तथा कुछ के समस्याओं को शीघ्र ही निराकरण करने का निर्देश कारा के पदाधिकारियों को दिया गया तथा उनके द्वारा संबोधन में बंदियों को आत्मचिंतन करते हुए स्वयं के आचरण में सुधार करने की प्रेरणा दी गई।

# बाउंड डाउन के उल्लंघन पर गिरफ्तारी एवं नीलाम पत्र किया जाएगा दायर : डीएम

## डीएम एवं एसएसपी की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी 13 मार्च होलिका दहन, 14 मार्च होली पर्व एवं 15 मार्च झूमटा को लेकर विधि व्यवस्था संबंधित बैठक जिले के तमाम विधि व्यवस्था संबंधित अधिकारी एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारी के साथ की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि होली पर काफी संवेदनशील पर्व है हर स्तर पर सतर्कता एवं सावधानियां बरतनी अत्यंत आवश्यक है सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहेंगे तथा आसूचनाओ को संग्रह करेंगे। हाल के वर्षों में जिस स्थान पर भी आपसी सौहार्द बिगड़ने तथा विधि व्यवस्था भंग करने में जो भी घटना घटी है उसकी समीक्षा करें एवं स्पॉट पर जाकर देखें कि वर्तमान में उस क्षेत्र की क्या स्थिति है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने क्षेत्र में अगले तीन दिनों के अंदर शांति समिति की बैठक हर हाल में करवा लें। डीएम ने कहा कि वैसे असामाजिक तत्व जो पूर्व में कोई घटना में संलग्नता रही हो और वर्तमान समय में आपसी सौहार्द बिगड़ने की स्थिति लग रही हो तो तुरंत बाउंड डाउन करवायें। साथ ही निर्देश दिया है कि बाउंड डाउन के उल्लंघन होने पर गिरफ्तारी एवं नीलाम पत्र दायर किया जाएगा। डीएम ने अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि होलिका दहन की तिथि में अग्निशमन विभाग की भूमिका अत्यंत आवश्यक रहती है। सभी अंचलों में एवं गया शहरी क्षेत्र में पर्याप्त अग्निशमन टीम की प्रतिनियुक्ति करवाये।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में मंगलवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका व कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में आंदोलनकारियों ने एक दिवसीय धरना दिया और एक बार फिर से अपनी आवाज बुलंद की। यह प्रदर्शन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर किया गया। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के बार-बार शिकायतें करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। बिहार राज्य सेविका सहायिका संघ ने कई बार निदेशालय और संबंधित अधिकारियों से वार्ता की मांग की, लेकिन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया जिसको लेकर उनलोगों ने यह कदम उठाया है। जिला मंत्री अंजू कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को डिजिटल बनाने के लिए सरकार ने समेकित बाल विकास योजना के तहत वर्षों पहले मोबाइल फोन उपलब्ध कराए थे लेकिन पिछले दो सालों से ये मोबाइल खराब पड़े हैं। सेविकाओं ने कई बार विभाग को सूचित किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके अलावा सरकार की तरफ से केवल 200 का मोबाइल रिचार्ज दिया जाता है जिससे पूरे महीने नेटवर्क बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। सरकार द्वारा एफआरएस (फूड राशन सिस्टम) लागू करने का आदेश दिया गया है, लेकिन डिजिटल उपकरणों की खराब स्थिति के कारण इसे लागू करना कठिन हो रहा है। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए ग्रेच्युटी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को आधार बनाकर बिहार की आंगनबाड़ी सेविकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग भी उठाई गई है। संघ ने दो टूक कहा है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### ई केवाईसी करने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दिया आदेश

**कोंच(नबिटा सं.)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में एक सभा का आयोजन मंगलवार को किया और ई के वाई सी जल्द करवा लेने का निर्देश दिया। आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी जन वितरण दुकानदारों को निर्देश दिया कि नए कार्डधारी एवं पुराने कार्डधारी सदस्यो को इ के वाई सी 31 मार्च तक करा लें ताकि राशनकार्ड से नाम न हट सके। सभी नए कार्डधारी को पंचायत में कैंप लगाकर राशन कार्ड का वितरण करें। नए कार्ड वितरण के समय संबंधित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य की उपस्थिति में लोगों को जागरूक भी करें।

# प्रेमिका के डांस से नाराज प्रेमी ने की गला दबा कर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में प्रेमी शिवा कुमार (30) ने शिवरात्रि के कार्यक्रम में डांस करने के कारण प्रेमिका विभा देवी (26) की गला घोंटकर हत्या कर दी। विभा शादीशुदा थी। विभा को डेढ़ साल की एक बच्ची भी है। घटना 1 मार्च की रात लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव की है। पुलिस ने महिला के प्रेमी शिवा और उसके देवर बबलू कुमार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव में शिवरात्रि के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विभा देवी अपने प्रेमी शिवा कुमार और देवर बबलू कुमार के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। वहां वो जमकर डांस कर रही थी। इसे लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर प्रेमी शिवा कुमार ने विवाहित प्रेमिका विभा देवी की गला घोटकर हत्या कर दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन में आई और जांच शुरू कर दी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर ही हत्या की आशंका जताई थी। दरअसल, घटना के बाद ससुरालवाले गांव छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस जांच में मामला प्रेम प्रसंग का निकला। 2022 में सतीश से हुई थी विभा की शादी। वहीं इस संबंध में डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि लुटुआ थाने को 1 मार्च को सूचना मिली थी कि कोठिलवा गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीटी एसपी के मार्गदर्शन और डीएसपी, इमामगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस को छानबीन के दौरान जानकारी मिली कि विभा आखिरी बार शिवा और बबलू के साथ देखी गई थी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया जिसके बाद पूछताछ में शिवा कुमार ने हत्या की बात कबूल ली। उसने बताया कि मृतका से उसका प्रेम प्रसंग था। शिवरात्रि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर उसने महिला की हत्या कर दी। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और पारंपरिक तरीकों से 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों शिवा कुमार और बबलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### 17 छात्र यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में सफल

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** पिछले सप्ताह एनटीए द्वारा जारी यूजीसी नेट - जेआरएफ दिसंबर 2024 परीक्षा के रिजल्ट में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को व्यापक कामयाबी मिली है। सीयूएसबी के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रों को मिली कामयाबी पर बधाई देते हुए विभिन्न स्कूलों एवं विभागों के प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की है।

## पुरुष प्रतिभा सम्मान समारोह में डॉ बी डी शर्मा होंगे शामिल



**कोंच(नबिटा सं.)।** द टाइगर इवेंट्स और सेंट्रल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा पटना में पहली बार पुरुष प्रतिभा सम्मान का आयोजन 9 मार्च 2025 को 11 बजे से दिल्ली दरबार रिसोर्ट अटल पथ के द्वारा आयोजित है जिसमें पूरे भारतवर्ष से हर वर्ग से 101 पुरुष को चयनित किया गया है जिसमें कोंच प्रखंड के ग्राम अदई निवासी जाने माने शिशु रोग विशेषज्ञ सह जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा का भी नाम शामिल है और उन्हें निदेशक केशरी टाइगर के द्वारा पुरुष प्रतिभा सम्मान पदक के लिए आमंत्रित किया गया है और कहा गया है कि आपके मेहनत और संघर्ष की कहानी लोगों तक पहुंचानी है जिससे कि भारतवर्ष की हर एक पुरुष आपके कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज के लिए कुछ अच्छे कार्य करे और समाज के लिए एक मिशाल बने।

# जदयू उपाध्यक्ष ने राजद का किया समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के कंचनपुर गांव में प्रखंड जदयू उपाध्यक्ष ने राजद का समर्थन किया और आगामी विधान सभा चुनाव में राजद उम्मीदवार को जीत का आह्वान किया जिसका 22 सेकंड का वीडियो वायरल मंगलवार को हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार के शाम पांच बजे ग्राम पंचायत काबर के ग्राम कंचनपुर में राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले राजद कार्यकताओं ने सम्मान और होली मिलन समारोह का आयोजन किया था जिसमें औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के राजद सांसद अभय कुशवाहा मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए थे। उसी मंच की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष ने प्रखंड जदयू उपाध्यक्ष तपेश्वर यादव को संबोधन करने के लिए बुलाया। उसके बाद जदयू उपाध्यक्ष ने उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग सब आपस में मिलकर अपना बहुमूल्य वोट टिकारी विधान सभा क्षेत्र से राजद के कोई भी प्रत्याशी को टिकट मिले उन्हें लालटेन छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाना है।

# स्लाईन वॉटर फैक्ट्री का उद्घाटन, स्थानीय लोगों को मिलेगी प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरारू।** मंगलवार को गुरारू बाजार के इंडस्ट्रीयल एरिया में स्लाइन वॉटर फैक्टरी का भव्य समारोह आयोजित कर पूजा पाठ किया गया। इस समारोह में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। यह सलाइन वॉटर फैक्टरी हिन्दुस्तान पोलीफैब नामक कंपनी की आनुषंगिक कंपनी आई वी पैक पारेंनटेलरल प्रा.लिमिटेड के द्वारा स्थापित किया गया है। इस कंपनी के चेयरमैन सह एमडी कौशलेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस कंपनी की चार युनिट वर्षों से हिमाचल प्रदेश में कार्य कर रही है। यह कंपनी देश-विदेशों में स्लाइन वॉटर का सप्लाई करती है। आगे बताया कि दो महीने के अन्दर आइ वी पैक का प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। फैक्टरी नब्बे प्रतिशत बन कर तैयार है। शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना का इंतजार किया जा रहा था जो आज संपन्न हो गया। बिहार सरकार के पूर्व उद्योग मंत्री शहनाज हुसैन की प्रेरणा से मेरे द्वारा यहां फैक्टरी लगाया गया है। इस फैक्टरी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिया जाएगा। फैक्ट्री में पांच सौ लोग प्रत्यक्ष रूप में एवं दस हजार लोग अप्रत्यक्ष रूप में कार्य करेंगे। फैक्टरी में शीघ्र ही मैट्रिक से लेकर बी.कॉम, एम.कॉम, डी.फार्मा, बी.फार्मा, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, मजदूर की बहाली की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व चीनी मिल्स परिसर की भूमि को वियाडा द्वारा कई औद्योगिक घरानों को इंडस्ट्रीज खोलने के लिए आवंटित किया जा चुका है और कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। शीघ्र ही कंबल फैक्टरी का भी उद्धघाटन होने की संभावना है।

# दो शराबी गिरफ्तार, गए जेल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के मंझियावां और कौड़ियां गांव से दो शराबी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया। कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि कांड संख्या 146/25 के प्राथमिकी अभियुक्त राजकुमार ग्राम मंझियावां को पत्नी के शिकायत पर एएसआई रामजी मुर्मू ने गिरफ्तार किया। वहीं कांड संख्या 145/25 में पिता के शिकायत पर बिपीन कुमार ग्राम कौड़िया को एसआई वीरेंद्र कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच उपरांत दोनों को जेल भेजा गया है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 417/PR/JUSNL/ 2025-26 | Housekeeping of inside Building, Toilet, Window, Door etc. of all offices and colonty campus at Transmission Zone-IV, Medininagar w.e.f. 01.04.2025 to 31.03.2026. | 01 Year | 1476/- | 12,000/- | 5,94,346.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | 06.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 06.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 19.03.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 20.03.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 347780 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Tender Notice**

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Part – A** | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /39/2024-25 | Construction of RCC drain from Pankaj Kumar Singh's house to Vinay Kumar Sinha's house, Ekta Path in ward no. 08 under Medininagar Municipal Corporation | 20,10,578/- | 40,220/- | 5,000/- | 3 माह |

| | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 26/03/2025 AT 05:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 27/03/2025 AT 10:00 AM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 347765 District(24-25).D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Very Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Part – A** | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/36/2024-25 | Renovation of Infiltration Galleries in Bhusahi Intake Well and adjoining villages Water supply scheme under Medininagar Municipal Corporation. | 42,17,190/- | 84,400/- | 10,000/- | 4 माह |
| 2 | UDHD/MMC/37/2024-25 | Renovation of Infiltration Galleries in Shahpur Intake Well and adjoining villages Water supply scheme under Medininagar Municipal Corporation. | 42,17,190/- | 84,400/- | 10,000/- | 4 माह |
| 3 | UDHD/MMC/38/2024-25 | Supply, Installation and Commissioning of VCB (3 Pole ) 800 Amp. And VCB Goab Switch 800 Amp with all accessories at Belwatika Urban water Supply scheme, under Medininagar Municipal Corporation. | 8,90,760/- | 17820 | 5000/- | 2 माह |

| | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 05/03/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 15/03/2025 AT 05:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 17/03/2025 AT 10:00 AM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

PR 347763 (District)24-25*D

ह0/–नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

संपादकीय

# असमंजस में जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच वाशिंगटन के ओवल हाउस में हुई तल्ख मुलाकात के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि जेलेंस्की का रवैया सही नहीं था तो दूसरी तरफ खुद अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को माफिया कूटनीति का नाम दिया जा रहा है, जिसका मकसद माफियाओं की तरह अड़ीबाजी करके दूसरे देशों के खनिज संसाधनों पर जबरिया कब्जा करना है। जेलेंस्की और ट्रंप की बहुप्रतीक्षित मुलाकात पर सारी दुनिया की नजरें लगी थीं। उम्मीद थी कि पूर्वी यूरोप में तीन साल से जारी रूस यूक्रेन युद्ध थमेगा और शांति का कोई रास्ता निकलेगा। लेकिन बातचीत का जो वीडियो सामने आया है और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच जिस तल्खी से बात हुई है, उससे इस युद्ध ग्रस्त क्षेत्र में जल्द शांति की संभावना कम ही लगती है। हालांकि यह बातचीत विफल होने पर सबसे यादा खुश रूस ही है। क्योंकि वह खनिज संसाधन सम्पन्न यूक्रेन के उत्तरी हिस्से पर पहले ही कब्जा कर चुका है। वैसे भी सैन्य तथा आर्थिक क्षमता के हिसाब से यूक्रेन की ताकत सीमित है, जबकि रूस अभी भी कुछ साल और लड़ सकता है। जाहिर है कि बगैर अमेरिका की मदद के यूक्रेन यादा दिनों तक युद्ध जारी नहीं रख सकता और उसे युद्ध से बाहर निकलने या फिर शांति की स्थिति में स्थायी सुरक्षा की गारंटी चाहिए। क्योंकि भविष्य में रूस बाकी यूक्रेन को निगलने की कोशिश नहीं करेगा, इसकी गारंटी कोई भी नहीं दे सकता। केवल उस स्थिति को छोड़कर कि यूक्रेन पूरी तरह अमेरिका के आगे सरेंडर हो जाए या फिर रूस की दादागिरी को स्वीकार कर ले। दरअसल रूस यूक्रेन युद्ध इक्कीसवीं सदी का सबसे यादा लंबा चलने वाला युद्ध है। इतना ही नहीं, यह आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ लड़ा जाने वाला युद्ध भी है। जिसमें लड़ाई की परंपरागत परिभाषा को भी बदल दिया है। अब तक अमेरिका रूस की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ यूक्रेन की मदद करता रहा है। लेकिन ट्रंप ने इसे सौदेबाजी का रूप दे दिया है और वो रूस से प्रतिद्वंद्विता की जगह उसे दोस्त बनाकर अपना हित साधना चाहते हैं। ट्रंप की इस रीति नीति से समूचा यूरोप भी चिंता में है। उसकी चिंता यह है कि यदि रूस को यूक्रेन में नहीं रोका गया तो बाकी पश्चिमी देश में भी युद्ध और विनाश के लपेटे में आ जाएंगे। वैसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पश्चिमी देश बहुत हद अमेरिका पर निर्भर हो गए हैं। फिर चाहे पैसे की बात हो या हथियारों की या फिर तकनीकी कौशल की। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इन देशों के उपनिवेश स्वतंत्र होने के बाद वो पैसा भी बंद हो गया, जो उन्होंने तीन सदियों तक लूट के अपने देशों को अमीर बनाया था। अगर पश्चिमी देशों को अमेरिका की सैनिक व आर्थिक मदद रूक गई तो वो अकेले अपनी दम पर खुद की और यूक्रेन की रक्षा कितनी कर पाएंगे,कहना मुश्किल है। उधर जेलेंस्की के सामने अपने देशवासियों को जवाब देने और अपनी कुर्सी बचाने की चुनौती भी है। कोई भी इकतरफा समझौता यूक्रेन को विनाश और अपमान की तरफ धकेलेगा। यदि यूक्रेन हथियार नहीं डालता है तो यूरोप के देश तमाम आश्वासनों के बावजूद कब तक यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे, कहना मुश्किल है। क्योंकि वो खुद अमेरिका और परोक्ष रूप से रूस के दबाव में हैं। यह भी सही है कि ट्रंप जिस तरह माफिया स्टाइल में इस मामले को सुलझाना चाहते है, वह शैली समूची दुनिया के लिए नई है। ऐसे में ट्रंप अपने उद्देश्य में कितना सफल होंगे और खुद अमेरिकी उन्हें कहां तक झेलेंगे, यह देखने की बात है।

# भारतीयों का अमेरिका से निर्वासन विवाद

**20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ लेने के बाद अमेरिका से अवैध घुसपैठियों को निकाले जाने की खबरें भारत और दुनिया में प्रमुखता से छप रही हैं। यह स्वाभाविक है कि श्री डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को निकालने की अपनी नीति का शुरू से ही खुला ऐलान किया और इसे कभी भी छिपाया नहीं है। यह उनकी वैचारिक ईमानदारी भी है कि उन्होंने कुछ मतों के नुकसान की चिंता न करते हुये चुनाव अभियान के बीच अपनी बात को साहसपूर्वक कहा है। यद्यपि अमेरिका से भारत और अन्य देशों से अवैधानिक प्रवासियों को निकालने के कार्य उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों के कार्यकाल के दौरान भी होते रहे हैं। जो बाइडेन के 4 वर्षीय कार्यकाल के दौरान भी लगभग 16 हजार भारतीय अमेरिका से वापिस भारत भेजे गये थे। परंतु इसकी चर्चा देश व दुनिया के मीडिया में कम हुई। क्योंकि एक तो जो बाइडेन ने इसे अपना नीतिगत मुद्दा नहीं बनाया और न ही कभी ऐसे सार्वजनिक बयान दिये है, वह बगैर बोले निकालते रहे। दूसरा इसलिये भी कि भारत के प्रतिपक्ष के नेताओं का विरोध नीतियों से कम व्यक्ति से यादा होता है। हर बात को वे व्यक्ति के साथ जोड़कर देखते हैं, उनका विरोध न नीतिगत होता है और न निष्पक्ष। और न ही राष्ट्रीय और नैतिक आधार पर होता।**

रघु ठाकुर

चूंकि वे भारत में श्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका में ट्रंप के व्यक्तिगत खिलाफ है अतरू उनका लक्ष्य केवल व्यक्ति होता है। भारत में वैश्वीकरण की औपचारिक शुरुआत केंद्र में कांग्रेस के ही कार्यकाल में ही हुई थी। परंतु उसके मूल अपराधी स्व. नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह थे और उसी वैश्वीकरण की नीति को आगे बढ़ाने वाले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी उनके लिये श्रद्धा के पात्र हैं, परंतु उसी नीति को आगे ले जाने वाले श्री नरेन्द्र मोदी उनकी नजरों में आर्थिक अपराधों हालांकि उनकी भेदभावपूर्ण प्रतिक्रिया से शायद इसलिये देश प्रभावित नहीं होता।

अब दुनिया में आबादी इतनी बढ़ चुकी है कि कोई भी देश अपने देश में बाहर की आबादी को रहने-सहने को तैयार नहीं है। केंद्र सरकार और उनकी पार्टी तो बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ को कई दशकों से राजनैतिक मुद्दा बनाये है, हालाँकि वह इन मुद्दों पर वोट तो लेती है, पर करती कुछ नहीं है।डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जब अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किये गये भारतीयों को निकाला जाना शुरू हुआ तो हमारे देश के मीडिया ने और प्रतिपक्षी दलों ने इसे आलोचना का मुद्दा बनाया। संसद में भारी हंगामा हुआ, बहिष्कार हुआ तथा घुसपैठियों को हथकड़ी और जंजीर डालकर अमेरिकी विमान से भारत में पंजाब प्रांत में लाकर अमेरिकी सेना अधिकारियों द्वारा छोड़ने की इस आधार पर आलोचना हुई कि यह राष्ट्रीय अपमान है। यह बात सही है कि, भारत सरकार को दूरदृष्टि की नीति से पहले ही आवश्यक कदम उठाने थे, तथा बेहतर होता कि भारत के सत्ताधीश पहले ही भारतीय विमान भेजकर भारतीय घुसपैठियों को वापिस ले आते तथा उन्हें भारत में दंडित करते। पर दूसरा भी पक्ष है कि ये अवैध घुसपैठिये अमेरिकी कानून के अनुसार अपराधी हैं, उन्हें देश से निकालने के उनके



अमेरिका अपने नियम कायदे हैं। अपने सुरक्षागत नियमों के पालन के आधार पर ही श्री लालकृष्ण आडवाणी जो पूर्व गृहमंत्री थे और स्व. जार्ज फर्नांडीज विदेश मंत्री के जूते मौजे उतरवाकर जांच की थी। शायद यह परंपरा पहले भी रही हो।

अधिकांश भारतीय जो अमेरिका में घुसपैठ होकर गये हैं, वे कनाडा और मैक्सिको की सीमा से घुसपैठ किये गये हैं। मैक्सिको की सीमा पर जाने के लिये कनाडा बीच का स्टेशन जैसा है। देश में कई ऐसी एजेंसियां सक्रिय हैं जो न केवल फर्जी पासपोर्ट बनाने में संलग्न हैं। कई ट्रेवलिंग एजेंसियां भी हैं जो भारत में लोगों से भारी पैसा लेकर अवैध प्रवासी या मानव तस्करी के प्रति आश्वस्त करती हैं और उन्हें कनाडा, मैक्सिको भेज देती हैं। इनके बारे में देश के सत्ता या प्रतिपक्ष ने कभी कोई शिकायत नहीं की, अब जब अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत भेजा गया है तब डिपोर्ट किये लोग इन ट्रेवलिंग एजेंटों के खिलाफशिकायत दर्ज करा रहे हैं। इन एजेंटों के खिलाफभारतीय दण्ड संहिता धारा 313 के तहत कार्यवाही होनी चाहिये। जो लोग इन एजेंटों को भारी पैसा देकर पासपोर्ट बनवाकर गये थे इनके खिलाफभी कार्यवाही होनी चाहिये।

ट्रंप ने तो अमेरिका संशोधित आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये थे जिसके अनुसार गैर अमेरिकी नागरिकों के अमेरिका में बचों को जन्म देने पर उन बचों को अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जायेगी यह प्रावधान था, हालाँकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इसे अभी रोक दिया है, पर यह तय है कि ट्रंप शासन इन घुसपैठियों को चाहे वे भारत के हों या बाहरी अब अमेरिका से बाहर निकालेगा। अमेरिकी प्रशासन ने यह भी बदलाव किया है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद भी अमेरिका में नहीं जा सकेंगे। हालाँकि 26 फरवरी का एक और आदेश श्री ट्रंप ने जारी किया है, जिससे 44 करोड़ रुपये देने वालों को, तत्काल वीजा दिया जायेगा। श्री ट्रंप का कहना है कि अमेरिका योग्य व रोजगार देने वाले को भी नागरिकता देगा। बहरहाल ये विषय भी चर्चा व बहस के हैं।

यह प्रवासी अमेरिका के अलावा कनाडा, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन आदि इन 20 देशों में भी नहीं जा सकेंगे जो अमेरिका की वीजा नीति (वीसा नीति) का पालन करते हैं। भारत से अवैध रूप से गये इन प्रवासियों के विरुद्ध भारत में भी पासपोर्ट अधिनियम 1967, आयकर अधिनियम 1967, सीमा शुल्क अधिनियम 1962, एमीग्रेसन अधिनियम 1983 के तहत कार्यवाही हो सकती है, यह अलग बात है कि वोट के लालच में केंद्र और राय सरकारें यह कार्रवाई करें, या न करें। अमेरिकी कार्रवाई का असर यूरोप के देशों पर भी हुआ है और यूरोप के देश भी अवैध घुसपैठ के खिलाफसक्रिय हुये हैं। ब्रिटेन और जर्मनी ने भी बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों को पकड़कर निकालना शुरू किया है और अभी यूरोप के देशों में होने वाले चुनावों में भी अवैध घुसपैठियों को निकालने का मुद्दा एक प्रमुख और निर्णायक मुद्दा बन रहा है। ब्रिटिश गृहमंत्री कूपर ने तो घोषणा कर दी है कि अब हम नियमों का सख्ती से पालन करेंगे। जर्मनी के प्रतिपक्ष के नेता फेडरिच मार्टिन ने तो कहा है कि जर्मनी में 20 लाख से यादा अवैध प्रवासी हैं, उन्हें वह सत्ता में आने पर निकालेंगे। भारत को अब यह मान लेना चाहिये कि जो भारतीय अवैध प्रवासी के रूप में देश के बाहर किसी भी देश में गये हैं वे अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से कानूनी अपराधी हैं। और उन्हें कभी न कभी वापिस आना होगा।भारत को स्वतः भी अपनी सीमाओं, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को बचाने भारत में आये अवैध घुसपैठियों को निकालना होगा। जो अवैध प्रवासी अमेरिका में गये हैं वे भारतीय और अमेरिकी कानून के हिसाब से अपराधी तो हैं ही बल्कि डंकी रूट से गये हुये ये लोग अमेरिका में बने रहने के लिये जो तर्क दे रहे हैं वे राष्ट्र के सम्मान को गिराने वाले हैं। कुछ आवेदन दे रहे हैं कि वे भाजपा या कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और इस कारण से भारत में उनकी जान को खतरा है। कुछ कह रहे हैं कि अंतरधर्मी प्रेम शादी के कारण उनकी जान को खतरा है, कुछ लोग अपने परिवार पर भारत में हुये हमले की कहानी गढ़कर अमेरिका में बने रहना चाहते हैं और कुछ लोग भारत के अपने गांव में सामाजिक, धार्मिक दंगों का बहाना बनाकर अमेरिका में शरण चाह रहे हैं, यहां तक कि कुछ लोगों ने तो अमेरिका में रहने के लिये दिये गये आवेदनों में यह भी लिखा है कि कोरोना काल में उनका सब कुछ बर्बाद हो गया है, उन पर भारी कर्ज है, भारत सरकार ने मदद नहीं की वे वापिस जायेंगे तो साहूकार उनकी जान ले लेंगे आदि-आदि। क्या ऐसे लोग अमेरिका में बसने के लिये अपनी मातृभूमि को बदनाम करने को लाचार हैं और किसी दया के पात्र हैं। क्या ये राष्ट्रविरोधी नहीं हैं? ऐसे लोगों की हिमायत करना भी राष्ट्रीय सोच नहीं है। भारत को इन लोगों को देश वापिस लाकर इनके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई करनी चाहिये। भारत में आये हुये जो घुसपैठिये हैं उन्हें सख्ती के साथ वापिस भेजना चाहिये। यह भारत सरकार और समूची भारतीय राजनीति का राष्ट्रीय दायित्व है और अमेरिका तथा यूरोप में हो रही कार्रवाई भारत के लिये अवसर भी है। श्री नरेन्द्र मोदी जी तो आपदा में अवसर खोजने के विशेषज्ञ हैं। देखें वे, इस आपदा में अवसर खोजते हैं या नहीं?

## अध्यात्म

### लगन और मेहनत ही जीत की कुंजी

सफल होने के लिए लगन और मेहनत ही जीत की कुंजी है। अर्जुन एक बड़ा ही तेज बालक था। वह किसी भी कौशल को बड़ी आसानी से सीख लेता था। अभी वह नवीं कक्षा में पढ़ रहा था। परंतु, अपनी उम्र के हिसाब से बड़ा ही चंचल था। जो भी पढ़ता वह झट से समझ लेता। गणित हो या विज्ञान, उसे समझने में समय नहीं लगता। परंतु, वह अपनी पढ़ाई को समय ही नहीं देता था। थोड़ी देर पढ़ने बैठता, फिर तुरंत उसे कोई और चीज याद आ जाती। फिर वह पढ़ाई छोड़कर कभी टीवी देखने चले जाता तो कभी अपने पिता के फोन पर गेम खेलने लगता। कुछ नही तो कंप्यूटर पर गेम खेलने लगता। उसकी माता उससे कहती, बेटा खेलना ही है तो जाकर मैदान में कोई खेल खेलो। कम से कम तुम्हारा स्वास्थ्य तो अछा रहेगा। पढ़ते तो हो नही, कम से कम सेहत पर तो ध्यान दो। जब भी उसके माता-पिता उसे कुछ समझाने के लिए कहते तो वह चिढ़ जाता। उसके इस व्यवहार से उसके माता-पिता बहुत दुखी रहने लगे। नवीं कक्षा की अर्धवार्षिक परीक्षा हुई। अर्जुन को केवल 45त्न अंक प्राप्त हुए। पिता ने उसे समझने की कोशिश की ओर वह किसी को सुनने को तैयार नही था। उसे यही लगता कि यह सब मुझे गलत समझते है। वह अपनी गलतियों को देख नही पा रहा था और माता पिता और शिक्षकों को गलत समझने लगा। यह केवल अर्जुन की बात नही है। इस उम्र में कई बचों के साथ ऐसा होता है। परंतु, यह व्यवहार और सोच उन बचों के लिए हानिकारक है। कुछ दिन बाद, दुर्गा पूजा की छुट्टियां हुई। अर्जुन अपनी माता के साथ अपने नाना नानी के घर चला गया। वहां जब अर्जुन के नाना ने अर्जुन की माता से पूछा, अर्जुन की पढ़ाई कैसी चल रही है? तब उसकी माता ने अफसोस जताते हुए कहा, पिताजी! मैं तो इसके जीवन जीने के तरीके से ही परेशान हूं। ना पढ़ता हैऔर ना खेलकूद ही करता है। दिन भर केवल कंप्यूटर, फोन या टीवी पर लगा रहता है। अर्धवार्षिक परीक्षा में केवल 45त्न अंक आए हैं। अगले वर्ष दसवीं की परीक्षा है। जाने क्या करेगा? अर्जुन यह सब बातें सुनकर, वहां से चला गया। अगले दिन जब अर्जुन सोकर उठता है, तब उसके नाना जी बगीचे में माली से बात कर रहे होते हैं। वे माली को बता रहे होते हैं की, किस पौधे को किधर लगाना है? क्या करना है? अर्जुन नाना जी सुंदर बंगवानी से बहुत प्रभावित था। वह अपने नाना जी के पास पहुंचता है और पूछता है, नाना जी! आप क्या कर रहे हैं? नाना उसे बताते हैं कि, बचे! नए फूलों के पौधे लगा रहा हूं। अर्जुन कहता है, खेती या फुलवारी की सबसे अछी बात यही है की, पौधा लगा दो। बीज लगा दो। फिर कुछ दिन के बाद फूल-फल निकल आते हैं। नानाजी हंसते हुए अर्जुन से कहते हैं, क्या तुम स्कूल में नाम लिखवा लेने से और किताबें खरीद लेने से परीक्षा में पास हो जाते हो? या परीक्षा में बैठ जाने भर से क्या तुम्हें अछे अंक मिल जाते हैं, नहीं ना? अर्जुन विस्मय में आकर कहता है, नहीं तो! नाना जी हंसते हुए कहते हैं, बेटा! बिल्कुल इसी तरीके से इतनी आसानी से फल फूल नहीं आते। जैसे तुम रोज पढ़ते हो। हर पाठ को पढ़कर उसे याद करते हो। तब जाकर परीक्षा में अछे अंक आते हैं।उसी प्रकार बागवानी हो या खेती हो, इसमें भी केवल बीज या पौधे को लगा देने से फल फूल नहीं आते। प्रतिदिन पानी देना पड़ता है। धूप छांव से बचाना पड़ता है। खरपतवार घास इत्यादि उखाड़ने होते हैं। कीटों से इनकी रक्षा करनी होती है। बिल्कुल वैसे जैसे तुम्हारे माता पिता हर समस्या तुम्हारी रक्षा करते हैं। तुम्हे बीमार होने से बचाते हैं। गलत रास्ते पर चलने से रोकते है। पौधे जब पूर्ण रूप से विकसित हो जाते, तब सही समय पर फसल काटना होता है।

# 'राष्ट्र-प्रथम' है मोदी की विदेश नीति



डॉ संजय मयूख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का आह्वान अंतर्राष्टीय राजनीति में भारत के भूमिका के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश नीति में क्रांति लाने के साथ-साथ उसे ऊर्जावान भी बनाया है, उन्होंने विदेश नीति के माध्यम से ना सिर्फ भारत के राष्टीय गौरव को विश्व में स्थापित किया है बल्कि भारत को वैश्विक राजनीति के केंद्र में स्थापित किया है।

इसी दिशा में प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस तथा अमेरिका का दौरा कई मायनों में अहम् रहा, प्रधानमंत्री मोदी की नागरिक केन्द्रित कूटनीति में राष्ट-प्रथम की नीति प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षित होती है। फ्रांस यात्रा के दौरान वैश्विक एआई सम्मलेन में प्रधानमंत्री मोदी ने सह-अध्यक्षता की तथा राष्टपति मैक्रों एवं प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिकोणीय विकास के इरादे की संयुक्त घोषणा के साथ इंडो-पैसिफिक में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के देशों के आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए आपसी सहयोग स्थापित करना है। भारत तथा फ्रांस ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों (एएमआर) के संयुक्त विकास के माध्यम से परमाणु सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया, और सुरक्षित, खुले और सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनाई।

दोनों नेताओं ने सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद एआई सिस्टम के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए 2030 के सतत विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने पर सहमती जताई, एआई क्षमता निर्माण पर अंतर्राष्टीय सहयोग को बढ़ावा देना जिससे विशेषकर ग्लोबल साउथ के देशों को लाभ हो। भारत और फ्रांस द्वारा व्यापक संयुक्त बयान में भारत में स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग में प्रगति की सराहना की तथा डीआरडीओ द्वारा विकसित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) को पी75-स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में एकीकृत करने और भविष्य की पी75-एएस पनडुब्बियों में एकीकृत लड़ाकू प्रणाली (आईसीएस) के संभावित एकीकरण के संबंध में किए गए विश्लेषणों की भी सराहना की।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने एआई, परमाणु ऊर्जा और वैश्विक स्थिरता पर महत्वपूर्ण समझौतों के साथ भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत किया। फ्रांस का मार्सिले शहर भारतीय इतिहास में महतवपूर्ण स्थान रखता है स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान वीर सावरकर का सम्बन्ध इस शहर से रहा है, यहाँ भारत का एक नया वाणिय दूतावास खुलना भारत और फ्रांस के बीच सिर्फ व्यापारिक रिश्ते ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक सम्बन्ध को भी प्रतिबिंबित करेगा।

अपने यात्रा के दुसरे पड़ाव में प्रधानमंत्री मोदी राष्टपति ट्रम्प से अमेरिका में मिले जहाँ अपनी द्विपक्षीय वार्ता के दौरान,



दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता दोहराई, उन्होंने आसियान की केंद्रीयता, अंतरराष्टीय कानून के पालन और नौवहन की स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया, तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अपने साझा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने की योजना पर बल देते हुए कहा कि दोनों देश नए दौर में नए सामरिक एवं व्यापारिक रिश्ते बनायेंगे । रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौ?द्योगिकी सहित सामरिक और सुरक्षा से जुड़े अहम् मुद्दों पर अमेरिका आज खुलकर भारत के साथ दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्टपति ट्रम्प के वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का ही परिणाम रहा कि 26/11 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहवूर राणा को अमेरिका भारत को सौप रहा है इससे यह भी परिलक्षित होता है कि राष्टपति ट्रम्प अमेरिकी जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल नही होने देंगे यह सभी भारत विरोधी शक्तियों के लिए कडा सन्देश है।

वाशिंगटन में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा है। दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। राष्टपति ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां अमेरिकी ट्रंप के ÷ऋ्र÷ नारे को मान्यता देता हैं, वहीं भारत ÷विकसित भारत 2047÷ को प्राप्त करने पर केंद्रित है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस व्यापार को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

पिछ्ले दस वर्षों में वैश्विक राजनीति में भारत की बढती साख को देखते हुए राष्टपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान नेता की संज्ञा भी दी और कहा कि, ÷वह भारत में बहुत अछा काम कर रहे हैं और उनके (पीएम मोदी) और मेरे बीच बहुत अछी दोस्ती है और हम अपने देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना जारी रखेंगे।÷

भारत के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और अमेरिका यात्रा अत्यंत सफल रही जिसमे देश की उर्जा सुरक्षा, सामरिक रक्षा सहयोग,ढ्ढ के माध्यम से ज्ञान तथा विज्ञान के क्षेत्र में नई पीढ़ी के लिए नए अवसर, व्यापार को विस्तार देना तथा वैश्विक शांति के लिए मिलकर कार्य करना महत्वपूर्ण रहा।

**(लेखक सचेतक (भाजपा), बिहार विधान परिषद् एवं राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उत्साह पूर्ण रहने वाला है। मित्रों के साथ भी आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृषभ**
आपका कोई प्रॉपर्टी से संबंधित मामला सुलझ सकता है। यदि कोई बात परेशान कर रही थी, तो आप उसको लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। कोई बहुमूल्य वस्तु प्राप्त हो सकती है। आप अनावश्यक कामों पर अत्यधिक खर्च करेंगे।

**कर्क**
परिवार में आपको सोच समझ कर कोई बात कहनी होगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में खूब लगेगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अछा रहने वाला है। आपको आपके कामों से अछी सफलता होगा हासिल होगी।

**कन्या**
जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा करेंगे। परिवार के किसी सदस्य से यदि खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**तुला**
आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई अछी सफलता हासिल हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उधार के लेनदेन से बचने के लिए रहेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है।

**धनु**
आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा। शुभ कार्यों पर आप अछा खासा धन खर्च करेंगे। किसी रुकी हुए डील के मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। माता-पिता का आपको पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने बिजनेस के कामों को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल होगी।

# जल-जीवन-हरियाली दिवस पर उर्जा संरक्षण का संकल्प

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारी, जनभागीदारी पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला समाहरणालय के मंथन सभागार में डीडीसी संजय कुमार की उपस्थिति में जल-जीवन-हरियाली दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस इस कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा इसका आयोजन किया जाता है। मार्च माह के प्रथम मंगलवार को इसका आयोजन ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा किया गया। राज्य स्तर पर इसका आगाज आज मंगलवार को पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जल-जीवन-हरियाली अभियान में जनभागीदारी पर परिचर्चा हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिला के तमाम पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान में किस तरह से योगदान दी जा रही है, उस पर चर्चा की गई। मंथन सभागार में चर्चा करते हुए विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा विभिन्न उपायों की चर्चा करते हुए बताया गया कि आज उन्नत होते तकनीक के मदद से ऐसे कई विद्युत अप्लायंसेज है, जो कम ऊर्जा की खपत करके अच्छी रोशनी दे रहे हैं, जिससे कि ऊर्जा की काफी बचत हो रही है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। आजकल लोग बढ़ चढ़कर अपने घरों में भी सौर ऊर्जा के लिए सोलर लाइट लगवा रहे है। सरकार के द्वारा भी लोगों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा के लिए अच्छी सब्सिडी दी जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे अपना सके। सरकारी संस्थानों पर भी सौर ऊर्जा अधिष्ठापित की जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे आज बिहार में न केवल शहर बल्कि गांव भी रात के अंधेरे में चकाचक दिखाई पड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त उर्जा विभाग के द्वारा लोगों के बीच उर्जा बचत एवं नवीकरणीय उर्जा को अपनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से यथा नुक्कड़ नाटक, फ्लैक्स का अधिष्ठान, हैंड आउट का वितरण, प्रचार गाड़ी से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म इत्यादि के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।



**स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऊर्जा खपत को देखकर संरक्षण कर रहे उपभोक्ता**

स्मार्ट मीटर के माध्यम से आज लोग घर पर ही उनके द्वारा ऊर्जा खपत को देखकर ऊर्जा संरक्षण के लिए ऐतियहाती कदम उठा सकते है। ऊर्जा विभाग के द्वारा भी निरंतर अपने ऊर्जा ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के लिए आधारभूत संरचनाएं को ठीक किया जा रहा है, ताकि ऊर्जा ट्रांसमिशन के दौरान ऊर्जा को होने वाली हानि को कम किया जा सके। इससे न केवल ऊर्जा उत्पादन में होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कटौती होगी, बल्कि हमारा राज्य के साथ देश भी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में निश्चय ही हमारा लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी उनके कार्यालय के द्वारा इस तरह के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के द्वारा इस अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विक्की का शव पहुंचा जगदीशपुर

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर के दुलौर गली निवासी नथुनी गोंड के छोटे पुत्र विक्की कुमार गोंड का शव मंगलवार को जगदीशपुर पहुंचा, जहां उनके परिवार और दोस्तों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। विक्की की मौत बेंगलुरु में मेट्रो निर्माण स्थल पर हुई थी, जहां वह काम कर रहे थे। उनके शव को एयर एंबुलेंस से पटना के फुलवारीशरीफ लाया गया और फिर जगदीशपुर ले जाया गया। विक्की अपने परिवार में सबसे छोटे थे और उनकी मिलनसार स्वभाव के कारण सभी उन्हें पसंद करते थे। वह एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी भी थे।

### क्रिकेट मैच का उद्घाटन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर विधानसभा राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने सोमवार को कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्हें ग्रामीणों ने स्वागत किया। राजीव रंजन ने चौगाई गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्हें आयोजकों ने अंग वस्त्र और फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इसके अलावा, राजीव रंजन ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी दी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट आज के लोकप्रिय खेल है और ग्रामीण परिवेश में खेले गए खिलाड़ी देश में नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव की घोषणाओं को भी साझा किया और लोगों से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का अनुरोध किया। इसके अलावा, राजीव रंजन ने इटावा टोला में होली मिलन समारोह में भाग लिया और विभिन्न निजी कार्यक्रमों में भी शिरकत की।

### शराब के साथ महिला सहित पांच धराये

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्पाद पुलिस ने जिले के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर एक महिला धंधेबाज सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि छापेमारी अभियान में डीहकुसुंबा गांव के बुधवा टोला से स्वर्गीय अशोक केवट की बेटी अंगूर देवी को 05.700 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुरैना गांव से स्वर्गीय बेचन केवट के बेटे जागो केवट को 11 लीटर चुलाई शराब, कुसुंभा गांव में खेत से योगेंद्र बिंद के बेटे धीरज कुमार उर्फ डोजर एवं रमेश बिंद के बेटे बमबम बिंद को शराब चुलाने के क्रम में भट्ठी के साथ 31.800 लीटर चुलाई शराब तथा बाऊघाट गांव से अर्जुन महतो के बेटे अरविंद महतो को 42 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### दो पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के सिरारी एवं केवटी थाना में पदस्थापित 02 पुलिस पदाधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। साथ ही पुलिस केंद्र प्रतीक्षारत दो पुलिस पदाधिकारी शेखपुरा एवं यातायात थाना में जिम्मेवारी दी गयी है। एसपी बलिराम चौधरी ने बताया कि अपराध नियंत्रण, बेहतर कार्यक्षमता एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसमें सिरारी थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष शिव शंकर कुमार को केवटी थाना में तबादला किया गया है। जबकि केवटी थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष मुरारी कुमार मेधावी को सिरारी थाना में पदस्थापित किया गया। दोनों पुलिस पदाधिकारी वारंट कुर्की के नोडल पदाधिकारी रहेंगे। इसके साथ ही पुलिस केंद्र में प्रतीक्षारत सुनील कुमार राजवंशी को शेखपुरा थाना एवं ज्योतिष कुमार दास को यातायात थाना में पदस्थापित किया गया है।

### छापेमारी में चार जुआरी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिशन थाना पुलिस ने बरबीघा शहर के जुए अड्डे पर छापेमारी कर 1 लाख 41 हजार 390 रुपए के साथ चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में कुछ जुआरी भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में बरबीघा के सामाचक मोहल्ला निवासी संजय यादव, नीरज कुमार, शेर पर मोहल्ला के रंजन कुमार और बभन बीघा गांव के टिंकू कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 मोबाइल और 3 एटीएम कार्ड भी जब्त किए हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार जुआरियों के खिलाफ मिशन थाने में प्राथमिकी दर्ज कर शेखपुरा जेल भेज दिया गया है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 09 मार्च को शेखपुरा जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रामाधीन महाविद्यालय में 11 बजे दिन में होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग ले रही है। जानकारी देते हुए टूर्नामेंट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष बबलू कुमार, सचिव शम्भू प्रसाद व कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि प्रत्येक मैच में मैन ऑफ़ द मैच दिया जाएगा। जबकि विजेता टीम को 25 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। मैच का उद्घाटन जिलाधिकारी आरिफ अहसन के द्वारा किया जाएगा। जबकि मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बलिराम चौधरी होंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम सियाराम सिंह की उपस्थिति रहेगी।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गीधा थाना क्षेत्र के कायम नगर बाजार से 42 पुड़िया गांजा के साथ एक तस्कर को गिधा थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमूस शलमा ने बताया कि कायम नगर बाजार पर पैकेट में पुड़िया बनाकर गांजा लेकर एक व्यक्ति द्वारा बेचने की सूचना प्राप्त होने के बाद उक्त स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर गांजा बेच रहे कायमनगर गांव निवासी रामजी साह के पुत्र विनोद साह को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहार।** सकड्डी- नासरीगंज स्टेट हाइवे 81 पर स्थानीय सहार थाना क्षेत्र के खैरा के समीप ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन युवक जख्मी हो गये। जिसमें एक की इलाज कराने ले जाने के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा कि गड़हनी थाना क्षेत्र के ईसरपुरा निवासी नारद चौधरी के 23 वर्षीय पुत्र मोनु चौधरी, निर्मल चौधरी के पुत्र मुकेश चौधरी एवं स्व पताली चौधरी के पुत्र प्रमोद कुमार एक मोटरसाइकिल से और परिवार के अन्य सदस्य दूसरे मोटरसाइकिल से जहानाबाद लड़की देखने जा रहे थे। उसी दौरान खैरा और करसासीन के बीच धर्मकांटा के समीप अनियंत्रित ऑटो की चपेट में आने के कारण मुकेश चौधरी, मोनु चौधरी और प्रमोद कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गये। इस बीच चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन के द्वारा जख्मी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार और फिर सदर अस्पताल अरवल भेजा गया। इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में मोनु चौधरी की मौत हो गई। वहीं मुकेश चौधरी और प्रमोद कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए अरवल सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां से परिजन दोनों को बेहतर इलाज कराने के लिए आरा ले गये। घटना के बाद परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मोनु तीन भाई में दुसरे स्थान पर था जो अभी इंटर के परीक्षा इस वर्ष दिया था। वहीं ग्रामीण सूत्रों की मानें तो धर्म कांटा और बालु घाट के कारण बराबर सड़क पर चारों तरफ बालू पसरा रहता है। सड़क पर बालू जमा होने के कारण अक्सर मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना के शिकार बन रहे हैं।

# 75 व 35 दिनों से लंबित दाखिल खारिज को अविलंब निष्पादित करें सीओ : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया ने राजस्व विभाग से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन और आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को की। इस दौरान सभी सीओ को निर्देश दिया कि 75 और 35 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करें। परिमार्जन से जुड़े लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित सीओ और राजस्व कर्मियों को कैंप मोड में कार्य कर तय समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीओ को हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र से संबंधित लंबित सभी एनओसी को अविलंब निष्पादित कर भेजने का निर्देश दिया। अभियान 'बसेरा 2' के तहत अंचलों में विशेष कैंप के माध्यम से विशेष रूप से महादलित टोलों में पात्र लाभुकों को वास योग्य भूमि प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अपर समाहर्ता को इस कार्य का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व शाखा), भूमि सुधार उप समाहर्ता, सीओ व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्य सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

### योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), जिला सहकारिता अधिकारी, वन प्रमंडल अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, कार्यपालक अभियंता (लघु सिंचाई प्रमंडल), डीपीआरओ निदेशक (डीआरडीए), कार्यपालक अभियंता (सोन नहर प्रमंडल, आरा) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग और पंचायती राज विभाग आदि द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समय पर पूर्ण किया जाए।

# धन प्राप्ति तक ही सीमित नहीं रखें जीवन का लक्ष्य : डा. भवेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** स्थानीय आईएमए हॉल में आईएमए जिला इकाई द्वारा पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश का सम्मान समारोह मंगलवार को किया गया। अध्यक्षता आईएमए जिलाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह ने किया। जिला सचिव डॉ संगीता सिंह ने डॉ भवेश को गुलदस्ता और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ भवेश ने कहा कि आज समाज के अधिकतर लोग धन प्राप्ति की होड़ में लगे हैं। जबकि जीवन का लक्ष्य सिर्फ धन प्राप्ति तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। जीविकोपार्जन के अलावे कुछ ऐसा कार्य करें, जो समाज के लिए मिसाल बने। पद्मश्री सम्मान कर्तव्यबोध का एहसास दिलाता है। आगे समर्पित भाव से अपने कर्तव्य पथ की ओर अग्रसर रहूंगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा वंचित समाज के लोग मुख्य धारा से जुड़े। भोजपुर के 80 प्रतिशत मुसहर समाज के लोगों के सोने के लिए खाट और चारपाई नहीं है। वे एक छोटे कमरे में रहते हैं। जिले में करीब 55 हजार मुसहर जाति के लोगों की आबादी है। उनमें से मात्र 300 मैट्रिक, डेढ़ दर्जन से कम स्नातक और आधा दर्जन से कम स्नातकोत्तर हैं। 5 से 7% साक्षरता दर है। 2030 तक करीब 10 हजार मुसहर के बच्चे को मैट्रिक पास करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा ने कहा कि वे डेढ़ दशक पूर्व से मुसहर समाज के लोगों के लिए आयोजित होने वाले कैंप में भाग लेती रही। डॉ एसके रूंगटा ने प्रशस्ति पत्र पढ़ते हुए कहा कि डॉ भवेश बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। डॉ पी सिंह ने कहा कि समाज सेवा के साथ अध्यात्म के प्रति भी काफी लगाव रखते हैं। माँ आरण्य देवी मंदिर का इनके द्वारा शुभारम्भ इसका उदाहरण है। डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि भवेश ने समाज सेवा का जो कीर्तिमान स्थापित किया है। वह समाज के लिए अनुकरणीय है। मौके पर डॉ जीत शर्मा, डॉ आरएन शर्मा, डॉ वीएन राय, डॉ कन्हैया सिंह, डॉ. केके सिंह, डॉ नवीन सिंह, डॉ बीके शुक्ला, डॉ जीवेश, डॉ रामकृष्ण, डॉ विजय गुप्ता, डॉ राजीव रंजन, डॉ विकास, डॉ बालाजी श्रीवास्तव, डॉ अभय आनंद, डॉ नरेश प्रसाद, डॉ राणा वीरेंद्र, डॉ अमित सिंह, डॉ मनीषा सिंह, डॉ गुंजन सिंह, डॉ संगीता गुप्ता, डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अशोक कुमार पांडेय, डॉ सुनीति प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।




# 6 को पटना चलो और अपने अधिकार की मांग करो : महासंघ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह अध्यक्ष चौकीदार संघ और कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने सभी संगठन के नेतृत्वकारी साथियों से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 06 मार्च 2025 को पटना चलने का आह्वान किया है। कहा कि यह निर्णायक आंदोलन केवल मांग नहीं बल्कि हमारे भविष्य की सुरक्षा की जंग है। पुराना पेंशन, संविदा मानदेय कर्मियों का नियमितीकरण का प्रश्न बिहार सरकार के लिए परीक्षा का सवाल है। बिहार के लाखों कर्मचारी की आवाज बनेगी। भोजपुर ही नहीं पूरे बिहार के कर्मचारी-अधिकारी पटना के सड़कों पर उतरकर अपनी मांगों के लिए सरकार को संदेश देंगे। मांगों में हमारी मेहनत का सम्मान होना चाहिए, पुराना पेंशन योजना लागू हो, संविदा मानदेय कर्मचारी की सेवा नियमित किया जाए, 2004 के बाद नियुक्त सभी कर्मचारियों पदाधिकारियों को पुराना पेंशन योजना लागू हो, यूपीएस, एनपीएस, निजीकरण भारत छोड़ो। साथियों आप ही आंदोलन के ताकत है। 06 मार्च को पटना में अपनी उपस्थिति भारी संख्या में दिया जाय। यह आंदोलन हमारे, आपके व नई पीढ़ी के लिए भविष्य, अधिकार के रक्षा के लिए है।

# बैठक में लोहिया स्वच्छता अभियान यूजर चार्ज पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केसठ (बक्सर)।** सरकार की महत्वकांक्षी लोहिया स्वच्छता अभियान के सफल संचालन को ले बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के नेतृत्व में यूजर चार्ज बढ़ने का निर्णय लिया गया। अभियान से जुड़े कर्मियों के साथ बैठक आहूत की गई जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। ज्ञात हो की सफाई कर्मियों को मिलने वाले राशि का आवंटन नहीं होने व नवंबर माह से सफाई कर्मियो मानदेय नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने सफाई कार्य को बंद कर दिया था। जिसके बाद बीडीओ ने बैठक कर सफाई कर्मियों को नियमित सफाई करने का निर्देश दिया। साथ ही इसके एवज में मिलने वाली राशि को वसूली करने ले निर्देश दिया और जो भी लभुक यूजर चार्ज नही दे रहे है उनके दरवाजे पर प्रतिदिन स्वच्छता पर्यवेक्षक आदि उनके दरवाजे पर दस्तक देंगे। बैठक में मुख्य रूप से डीआरपी त्रिभुवन सिंह, स्वच्छता प्रवेक्षक संजय बारी, अयोध्या पासवान, प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बजट पर राजद नेता ने सरकार को घेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** बिहार विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए, राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने बजट को हवा-हवाई बताया। उन्होंने कहा कि हमें बिहार की चिंता है और उन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है। राजीव रंजन ने कहा कि बजट 3.17 लाख करोड़ रुपए का है, लेकिन राजस्व नहीं आ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि बात इतनी तक कैसे पहुंची। उन्होंने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बजट भी बताया। बजट सत्र के बाद राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने तंज भरे लहजे में कहा कि बजट झूठ की सच्चाई से लिखा हुआ है। राजीव गांधी ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव से पहले का आखिरी बजट था। ये वे लोग नहीं हैं, जो दोबारा सत्ता में आएंगे। हमारी सरकार बनेगी तो पहले महीने से 2,500 रुपए 'माई बहिन सम्मान योजना' के तहत सभी महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे। इस बजट से न ही महिलाओं को कोई फायदा होने वाला है, न ही युवाओं को फायदा होगा, न किसानों को कोई फायदा होने वाला है। सरकार के पास कहीं कोई विजन नहीं है, बिना विजन के ही इस बजट को सरकार ने सदन में लाने का काम किया है।बिहार में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। न कारखाने की बात हुई और न ही पलायन रोकने की बात हुई। बिहार को केंद्र सरकार ने ठगा है और अब नीतीश कुमार भी खोखला बजट लेकर आए हैं।''



# कृमि से मुक्ति ही बच्चों का करेगा एनीमिया से बचाव

## बुनियादी विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी गई अल्बेंडाजोल की गोलियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जिले के एक से 19 साल तक के बच्चों को कृमि से बचाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसका विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय में स्कूली बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए उनमें कृमि को खत्म करना जरूरी है। ये कृमि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को पूरी तरह से प्रभावित करते हैं। कई मामलों में बच्चों में एनीमिया कृमि के कारण ही देखी गई है। इसलिए यह भी कहा जा सकता है कि कृमि से मुक्ति ही बच्चों का एनीमिया से बचाव करेगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक साल से अधिक एवं 19 साल आयु वर्ग तक के बच्चे एवं किशोर/किशोरियों को कृमि से मुक्ति के लिए अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके लिए जिले के 1262 सरकारी विद्यालय, 293 प्राईवेट विद्यालय एवं सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 10 लाख 40 हजार 400 बच्चों एवं किशोर/ किशोरियों को लक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों को दवाओं का सेवन कराते हुए इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे अल्बेंडाजोल की गोली को चूर कर या चबाकर खाएं। इससे दवा गले में न अटके। साथ ही, बच्चों को दवा खिलाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने पहले नाश्ता अनिवार्य रूप से किया हो। सिविल सर्जन डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने बताया कि कृमि संक्रमण से अनेक बीमारियों में प्रमुख एनिमिया, मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधक है। दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी एवं भूख नहीं लगना इसके प्रमुख लक्षण है। हर वर्ष यह कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इसके सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और आईसीडीएस विभाग के समन्वय से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृमि रोग लगने से बच्चों के जीवन पर कई बड़े हानिकारक प्रभाव भी पड़ते हैं। कृमि रोग लगने से बच्चों के शरीर में थकावट उत्पन्न रहती है और पढ़ाई में उनका मन भी नहीं लग पाता है। इसलिए इस रोग से बचने के लिए बच्चों को कभी खुले में शौच नहीं जाने दें, कुछ भी खाने से पहले हाथ धोएं, खाना ढका हुआ ही खाएं और साफ पानी पिएं। कृमि के कारण स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में कमी आती है। जिसको देखते हुए सरकार के निर्देश पर बच्चों के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के मंच के माध्यम से 1-19 वर्ष की आयु के सभी पूर्वस्कूली और स्कूल आयु वर्ग के बच्चों को उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण संबंधी स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कृमि मुक्त करना है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं. एस.जी./डी.एस.ई./ओ.टी./04/25. वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। 1. कार्य का नाम एवं स्थान : एसोसिएटेट एस एंड टी वर्क फॉर भैरियस इंजीनियरिंग टीबीआर, टीबीआर (टी/आउट), टीएफआर, टीटीआर (डीएस), टीआईआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी), टीटीआर (पी), टीटीआर (एस), सीटीआर (पी)/सीटीआर (एसआईपी), टीएसआर (डी) एंड टीबीएसआर (एच-बीम) वर्क्स ईन डीडीयू डीविजन। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹1,47,64,781.94 (एक करोड़ सैंतालीस लाख चौंसठ हजार सात सौ इक्यासी रूपये एवं चौरान्वे पैसे मात्र)। 3. धरोहर राशि : ₹2,23,800.00 (दो लाख तेईस हजार आठः सौ रूपये मात्र)। 4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.03.2025 को 12.30 तक। 5. वेबसाईट का पता जहॉ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

म.सं. एवं दू.सं.अभि./
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/02226/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/24-25/32

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 28.02.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-254-24-25। कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के बालीगंज-बजबज खंड में टॉलीगंज एवं न्यू अलीपुर स्टेशनों के बीच पुल संख्या : बी/9 की बेयरिंग की मरम्मत एवं बदलना। **निविदा मूल्य:** ₹ 70,11,591.53। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,40,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **24.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-371/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता : कुलपति

## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** चंपारण सहित बिहार की मिट्टी सोना उगलने वाली है। इसी कारण यहां विविधिकरण की आवश्यकता नहीं है। अन्य राज्यों की तुलना में यहां का पर्यावरण दूषित नही है। यहां के किसान अपने खेत के किनारों पर पेड़ लगाएं हैं और साथ साथ कृषि कार्य भी करते हैं। केवल इन्हें वैज्ञानिक खेती के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जिससे किसान पर्यावरण अनुकूल कृषि कर सकें। उक्त बातें महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि विविधीकरण और पारिस्थितिक-क्षेत्रीय खेती पर आयोजित प्रथम दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिन उद्घाटन के अवसर पर बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा। इसके पूर्व राष्ट्रीय संगोष्ठी



का उद्घाटन कुलपति डॉ. सिहं, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन डॉ. पीडी सिंह, बीएयू सबौर के निदेशक अनुसंधान डॉ. एके सिंह, यूएएस,धारवाड़ प्रोफ़ेसर डॉ. महतेश नायक व एमजीआईएफआरआई के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति डॉ. सिंह कहा कि 2016-17 में प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। उसके लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया परंतु भौतिक आवश्यकताओं की मांग बढ़ी इस अनुपात में कृषि उत्पादों की दर नही बढ़ी। जिससे उनकी आय दोगुना होने में कठिनाई हुई। आय दोगुना करने के लिए मधुपालन, दुग्ध उत्पादन, टमाटर, दलहन उत्पादन कर उसके प्रोसेसिंग की आवश्यकता है। इस प्रकार किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। यहां के लोग भाग्यशाली हैं कि यहां पर उत्कृष्ट पशु प्रजनन केंद्र खुला है। जिसके माध्यम से देसी गायों का विकास करा अधिक दुग्ध का उत्पादन लिया जा सकता है। मौके पर प्रोफ़ेसर एवं प्रमुख यूएसए, धारवाड़ डॉ. एम.आर. नायक, एमजीआईएफआरआई के पूर्व निदेशक डॉ. के.जी. मंडल, निदेशक बामेती धनंजय पति त्रिपाठी, डॉ.आरपीसीएयू, पूसा डॉ. एके सिंह, केवीके प्रभारी प्रमुख मनीष कुमार, गायत्री कुमारी आदि मौजूद थे।

# 17 सूत्री मांगों के समर्थन में राजस्व कर्मचारी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## परिमार्जन, दाखिल खारिज व भू स्वामित्व प्रमाण पत्र सहित अन्य जमीन संबंधी कार्य प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिससे आम लोगों को जमीन संबंधी कार्यो के निष्पादन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल पर जाने से जमीन का परिमार्जन, दाखिल खारिज, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाने, लगान अघतन करने, आरओआर सहित अन्य कार्यों को लेकर लोगों को अंचल कार्यालय में इधर उधर भटकते हुए देखा गया। बता दें कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट) के आह्वान पर चार मार्च से सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इसको लेकर पूर्व में पटना के गर्दनीबाग में विगत 9 फरवरी को धरना भी दिया गया था। इसके बाद भी सरकार द्वारा कोई सम्मानजनक समझौता नहीं होने पर संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। राजस्व कर्मचारी सुमन सौरव कुमार, सुरजीत कुमार, नीतीश कुमार, पंकज कुमार आदि ने दूरभाष पर बातचीत में बताया कि जब तक हमारी मांगों को सरकार पूरा नहीं करती है, तब तक हम लोगों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान सभी ने कहा कि राजस्व कर्मचारी को कार्य योग्यता के आधार पर वेतन सुधार करते हुए वेतनमान 1900 के स्थान पर 2800 किया जाए। सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी को अपने गृह जिला में पदस्थापित किया जाए। राजस्व कर्मचारियों को बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति बनाने से मुक्त किया जाए। इसके अलावा कर्मचारी की सुरक्षा एवं सम्मान की गारंटी सुनिश्चित किया जाए सहित अन्य मांग शामिल हैं।

# एसएस कॉलेज के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा बने यूनिवर्सिटी प्रोफेसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के एस.एस. कॉलेज में एसोसिएट प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को यूनिवर्सिटी प्रोफ़ेसर के पद पर प्रोन्नति मिली है। उनकी प्रोन्नति की खबर से महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रो. सिन्हा न केवल एक विद्वान शिक्षक हैं, बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में भी उनकी पहचान है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. कृष्णानंद ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने करियर में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही, उन्होंने शोध कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उल्लेखनीय है कि



डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी रह चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और विद्वत्ता को देखते हुए उन्हें यूनिवर्सिटी प्रोफ़ेसर के पद पर पदोन्नत किया गया है। डॉ. सिन्हा की प्रोन्नति पर उन्हें डॉ. विनोद कुमार रॉय, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. नम्रता कुमारी, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार द्विवेदी, रामजीवन पासवान, नीरज कुमार, प्रेम कुमार सहित कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने बधाई दी।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैया में आपदा प्रबंधन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन के सहयोग से मोतिहारी प्रखंड के बरदाहा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैया में विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और इसके प्रभावी संचालन के लिए विद्यालय के कर्मचारियों और समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य तेतरी देवी ने की। इस अवसर पर बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन के हामिद रज़ा ने कहा कि बिहार राज्य एक बहु आपदा प्रभावित राज्य है, जो प्रतिवर्ष प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से प्रभावित होता रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन आपदाओं से बच्चों का जीवन सबसे ज्यादा प्रभावित होता है और इस स्थिति से निपटने के लिए समुदाय के हर स्तर पर आपदा प्रबंधन की समझ और तैयारी आवश्यक है। हामिद रजा ने बैठक के दौरान कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल रक्षा भारत देश भर में बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा है और इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को आपदा से सुरक्षा देना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के जीवन पर आपदाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम करना, विद्यालयों में नियमित शिक्षा को बाधित होने से बचाना और आपदा जोखिम को कम करने के उपायों की पहचान करना है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के अन्य सदस्यों को आपदा के जोखिमों के प्रति जागरूक करना और उनकी क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे किसी भी आपदा के दौरान तुरंत और सही कदम उठा सकें। आपदा प्रबंधन संस्कृति का विकास के बारे में रजा ने बताया कि विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय परिसर को आपदा जोखिम से सुरक्षित बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा, हमें बच्चों में आपदा प्रबंधन की एक सकारात्मक संस्कृति विकसित करनी होगी, ताकि वे न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने समुदाय को भी आपदाओं से सुरक्षित रख सकें। समिति के सदस्यों को यह भी बताया गया कि स्कूलों में आपदा सुरक्षा कार्यक्रमों को नियमित शिक्षण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा ताकि बच्चों के बीच आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता और समझ बनी रहे, समिति के सदस्य और उनके योगदान का बैठक में बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) के सत्य प्रकाश, राजू पटेल, शिक्षक मनोज राम, नेहा कुमारी, सुबैया खातून, नाजिया खातून, रितिका कुमारी, जूही कुमारी, रंजू कुमारी, सपना कुमारी, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, पिंटू कुमार, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, राजन यादव, राजा कुमार, रीना कुमारी, प्रेमचंद प्रसाद और तेतरी देवी (वार्ड सदस्य) सहित विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने आपदा प्रबंधन के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी और विद्यालय को आपदा से सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। समिति के सभी सदस्य इस दिशा में कार्य करने के लिए तैयार दिखे और उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# केआइआइटी के नेपाली छात्रों का एक समूह रक्सौल से भुवनेश्वर के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल।** भुवनेश्वर स्थित केआईआईटी में नेपाल की छात्रा की कथित आत्महत्या, नेपाली छात्रों के विरोध प्रदर्शन और प्रबंधन द्वारा छात्रों को निलंबन नोटिस जारी किये जाने के बाद जो छात्र नेपाल वापस लौट गए थे वे पुनः विश्वविद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर विश्वविद्यालय लौटने लगे हैं। 28 नेपाली छात्रों का एक समूह पटना जाने के क्रम में कल सोमवार को देर शाम रक्सौल पहुंचा।

रक्सौल में शिक्षाविद डॉ. स्वयंभू शलभ से मिलकर छात्रों ने समूचे घटनाक्रम को विस्तार से बताया। डॉ. शलभ ने कहा कि यह घटना दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण है, छात्र भय और अवसाद की स्थिति से गुजरे हैं, अपने भविष्य को लेकर भी चिंतित हैं। आगे कहा कि बच्चे बीती बातों को मन से निकालकर आगे की ओर देखें और अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। उनका सत्र भी किसी भी स्थिति में खराब नहीं होना चाहिए। वहीं बीटेक कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहे छात्र अभिजीत चौरसिया ने बताया कि नेपाल और भारत सरकार की पहल से विश्वविद्यालय प्रबंधन ने सभी नेपाली छात्रों के पठनपाठन के साथ समुचित सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए वापस आने का आग्रह किया है। साथ ही सभी छात्रों के लिए पटना से भुवनेश्वर के लिए स्पेशल फ्लाइट की व्यवस्था भी की है। छात्रों का यह समूह रक्सौल से नाईट कोच से पटना के लिए रवाना हुआ। बस स्टैंड पर उन्हें छोड़ने के लिए उनके अभिभावक भी आये थे।

## एक नजर

### लूट कांड का आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने 2 दिन पूर्व हुए मिसरबिगहा मोड़ के समीप लूट कांड का उद्भेदन करते हुए आरोपित उज्जवल कुमार को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व घोसी थाना क्षेत्र के नगड़ी सराय गांव निवासी सुजीत कुमार ने थाना में दिए आवेदन में जानकारी देते हुए कहा था कि वे एक तिलक समारोह में भाग लेने जा रहे थे तभी मिसरबिगहा मोड़ के समीप कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में टेहटा थाना की पुलिस ने घोसी थाना क्षेत्र के भखरा गांव निवासी उज्जवल कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के साथ एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। जिससे लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने लूट कांड में शामिल अन्य आरोपितों का भी नाम बताया है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापेमरी की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 316 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय थाना प्रभारी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 500 लीटर शराब बरामद की गई, बता दूं कि श्यामपुर गांव निवासी बृज किशोर ठाकुर के पुत्र रमेश कुमार के पास से शराब व एक काले रंग की अपाची बाइक के साथ युवक पकड़ा गया, दुसरी तरफ धबधबवा गांव धागर टोली में छापेमारी कर 200 लीटर शराब को जब्त किया गया, वहीं शराब सेवन के आरोप में कलवारी मंझरिया गांव निवासी गजाधर साह के पुत्र सुनील कुमार, बखरी गांव निवासी बिनदा बैठा के पुत्र कृष्ण मोहन बैठा, श्यामपुर गांव निवासी टाइड पासवान के पुत्र राजू पासवान को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस आशय की पुष्टि थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने की।

### शराब माफिया को मोटरसाइकिल समेत पुलिस ने दबोचा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** हरपुर थाना प्रभारी ने अपने जवानों के साथ सीमा क्षेत्र में गश्ती के दौरान 100 विदेशी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल बरामद की। उल्लेखनीय है कि नायक टोला गांव निवासी सतन राऊत के पुत्र विभिषण प्रसाद को नेपाल से कस्तुरी शराब लेकर जैसे ही भारतीय परिक्षेत्र में पहुंचा तब तक खड़ी पुलिस ने देख कर शराब माफिया को दबोच लिया। थाना प्रभारी किशन पासवान के द्वारा पकड़े गए आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### मना खांटू श्याम उत्सव

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** श्री श्याम उत्सव को लेकर पुरे शहर में पुजनोसव की तैयारी जोरों पर है, यहां बता दें कि मरवारी समाज के द्वारा श्याम उत्सव मनाया जाता है जहां शहर के प्रत्येक गली मुहल्लों में बाबा खाटूश्यामजी का पताका लिए श्री श्याम के नारों से गुंजायमान हो, महिलाए, पुरुष नाचते, गाते, रंग गुलाल उड़ाते भक्ति भाव से निकला यह जत्था शहर भ्रमण कर नागा रोड़ मन्दिर में समागन हुए पुरे शहर में पुष्प की वर्षा की गई।

### अवैध राशि मांगने पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**जहानाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में छुटे हुए परिवारों का सर्वेक्षण कर नाम जोड़ने हेतु सभी पंचायतों में सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे सर्वेक्षण में विभिन्न पंचायतों से प्रायः शिकायतें प्राप्त हो रही है कि आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों की सूची में नाम दर्ज करने हेतु सर्वेक्षणकर्ता, आवास सहायक,जन प्रतिनिधियों एवं दलालों द्वारा पैसे की अवैध मांग की जा रही है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा इस मामले में संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार को निर्देश दिया कि दोषियों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए उनपर प्राथमिकी दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि इसके लिए जांच टीम का गठन भी किया जा रहा है। बताया गया कि जांच दल पंचायतों में जाकर औचक निरीक्षण करते हुए कारवाई हेतु प्रतिवेदन जिलाधिकारी को भेजेंगे।

### घर-घर शिक्षा का दीप जलाए बाल विवाह को बन्द कराए

**रक्सौल।** अनुमंडल के आदापुर प्रखंड से बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई अग्रिम प्रक्रिया करते हुए प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा लिखित आवेदन अनुमंडल पदाधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षु सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित को दिया गया। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने उक्त स्थल पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को भेज जांच करवाई। मौके पर पहुंच कर हो रहे बाल विवाह/शादी का जायजा लेते हुए लड़की की उम्र सत्यापन की कागजात देखा गया।

# पालीगंज अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही नहीं ले रहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** दाखिलखारीज एवं परिमार्जन में शिथिलता बरतने वाले अंचल अधिकारियों पर सरकार ने सख्त हिदायत देते हुए करवाई करने का आदेश दिया गया है। लेकिन पालीगंज अंचल कार्यालय में तैनात सीओ तथा कर्मचारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। दोनों की मिलीभगत से इनके द्वारा किए गए कार्यों में नित्य दिन नए नए कारनामे उजागर हो रहे हैं। विभाग एवं उपरी पदाधिकारी के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। एक ऐसा ही मामला सामने आया है। खपुरा गांव निवासी बिमल कुमार ने बताया कि मेरे पत्नी के नाम से रजिस्टर टू में गलत खाता रहने के कारण परिमार्जन प्लस जिसका आवेदन संख्या 252887261850604 / 02/ 02/ 2025 को किया था। लेकिन खाता को नहीं सुधारकर पूर्व के चढ़ा हुआ रकवा को ही शून्य कर दिया गया। जब इस संबंध में जब सीओ स्वेता कुमारी से जाकर मिला तो उन्होंने कर्मचारी शंभू शरण कुमार से जाकर संपर्क करने को कहा। जब कर्मचारी शंभू से संपर्क किया तो उसने पैसे की फिराक में गलत सलाह दे दी जब इस संबंध में सीओ से पुनः संपर्क किया तो वह भी राजस्व करचरी के बातों को ही स्पोर्ट करने लगी। बिमल कुमार ने बताया कि इसकी मौखिक शिकायत भूमि सुधार उप समाहर्ता पालीगंज से भी किया लेकिन कोई करवाई नहीं हुआ। वही दूसरा मामला प्रखंड के चिकसी पंचायत के नेरिया गांव निवासी खुशबू कुमारी ने बताया कि गांव के ही अमेरिका सिंह से जमीन की रजिस्ट्री करवाया था। जिसका जमाबंदी अमेरिका सिंह, छोटू सिंह, अवध सिंह, मुद्रिका सिंह के नाम से संयुक्त रूप से रजिस्टर टू पंजी पर जमाबंदी संख्या 111 पर अंकित था जबकि इसी जमाबंदी के फरीक मुंद्रिका सिंह के दो लड़के स्व नवलेश शर्मा उर्फ नरेश सिंह तथा मिथलेश शर्मा हैं। मिथलेश शर्मा ने अपने एवं भाई के हिस्से की जमीन को अपने बहनोई रामसागर शर्मा के नाम से रजिस्ट्री कर दिया। जिसका दाखिलखारिज के समय भाई स्व नवलेश शर्मा उर्फ नरेश सिंह के पत्नी निर्मला सिंह ने अंचल कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई थी। जिस पर राजस्व कर्मचारी शंभू शरण कुमार तथा अंचलाधिकारी स्वेता कुमारी के मिलीभगत से मिथिलेश शर्मा से रामसागर शर्मा द्वारा रजिस्ट्री करवाई गई जमीन वाद संख्या 2491/23S24 का दाखिल खारिज कर दिया गया वही अमेरिका सिंह से खुशबू कुमारी द्वारा खरीदी गई जमीन जिसका वाद संख्या 2775/ 23S 24 का दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया गया। यहां समझने वाली बात है कि एक ही जमाबंदी की जमीन को अमरीका सिंह के द्वारा बिक्री करने पर जमीन का दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया गया जबकि मिथिलेश शर्मा द्वारा बिक्री किया गया जमीन का दाखिल खारिज कर दिया गया।

# भागलपुर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/पुष्पांकर गुप्ता**

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले में लंबे समय से प्रतीक्षित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की मंजूरी मिलते ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने यूनीवार्ता से बातचीत में बताया कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जमीन का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट मिलते ही अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके अलावा, भागलपुर स्थित हवाईअड्डे से छोटे विमानों की उड़ान शुरू करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। इससे व्यवसायियों, चिकित्सकों और यात्रियों के लिए आवागमन आसान होगा और समय की बचत होगी। डॉ. चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद उन पर तेजी से कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोराडीह में प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। नए अंतरराज्यीय बस पड़ाव के निर्माण के लिए 15 एकड़ 5 डिसमिल भूमि खरीदी जाएगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य सरकार ने भू-अर्जन के लिए 15.81 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मंदारहिल रेल लाइन पर बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज (टग्उ) के लिए 125.85 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। भागलपुर-बांका-अमरपुर मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है और इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जा रही है। डॉ. चौधरी ने बताया कि विक्रमशिला महाविहार के समीप प्रस्तावित केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से बातचीत चल रही है, ताकि स्वीकृति मिलने के बाद किसी सरकारी भवन में अस्थायी रूप से कक्षाएं शुरू की जा सकें।

उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, भागलपुर में कैंसर मरीजों के लिए सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इससे पूर्वी बिहार और सीमांचल के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। डॉ. चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# बिहार में 'डायरिया से डर नहीं' अभियान से शिशु मृत्यु दर में आएगी गिरावट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** डायरिया देश में शिशु मृत्यु दर का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। इस खतरे को कम करने के लिए 'डायरिया से डर नहीं' अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 0-5 साल तक के बच्चों को दस्त से बचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं और जन आरोग्य समिति के कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें डायरिया के एक्यूट और क्रोनिक लक्षणों की पहचान करने के साथ-साथ ओआरएस घोल को मानकों के अनुसार तैयार करने की विधि भी सिखाई जाएगी। यह अभियान केंद्र सरकार के 'स्टॉप डायरिया' कार्यक्रम के पूरक के रूप में संचालित किया जाएगा। इसे ओआरएसएल निर्माता केनव्यू और पॉपुलेशन सर्विसेज़ इंटरनेशनल इंडिया (घ्ट्ट्रक्र इंडिया) के सहयोग से लागू किया जा रहा है। **अभियान के मुख्य उद्देश्यः** जागरूकता बढ़ानाः लोगों को डायरिया से बचाव और उसके सही प्रबंधन के प्रति सचेत करना ताकि शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। क्षमता निर्माणः आशा कार्यकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित कर उनकी दक्षता बढ़ाना, जिससे वे डायरिया का सही प्रबंधन कर सकें। त्वरित पहचान और उपचारः ओआरएस और जिंक का वितरण बढ़ाना, साथ ही हाइड्रेशन समाधानों के माध्यम से डायरिया के मामलों की शीघ्र पहचान और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना। केनव्यू के प्रशांत शिंदे ने बताया कि यह अभियान सुपौल, दरभंगा और पूर्णिया



में शुरू किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामों के आधार पर इसे मुजफ्फरपुर, गया, बेगूसराय और भागलपुर में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में डब्लयू अप्रूव्ड 'रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस' लॉन्च किया गया है, जो दस्त से तेजी से रिकवरी में मदद करता है। पीएसआई इंडिया की एसोसिएट डायरेक्टर दीप्ति माथुर ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज्य सरकारों के साथ मिलकर डायरिया की रोकथाम और प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केनव्यू के सहयोग से पीएसआई इंडिया 'स्टॉप डायरिया' और 'दस्तक अभियान' जैसी सरकारी पहलों को और मजबूती देगा। पटना की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मधु सिन्हा ने बताया कि डायरिया भारत में अब भी एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बना हुआ है। इस तरह की पहल से शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और बच्चों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लालू प्रसाद को मैंने ...

पद पर अग्रसर रहे। विपक्ष भाग गया है इन्हें भी हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। यह लोग अंड-बंड बोलता रहता है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

**दो महीने में शिक्षकों ...**

के आधार पर उनकी च्वाइस की जगह पर होगी। हालांकि तबादला इस बात पर भी निर्भर करेगा कि पोस्टिंग के लिए वैकेंसी कितनी है? अगर किसी शिक्षक को मनचाही पोस्टिंग नहीं मिलती है तो वह जिलाधिकारी कमिश्नर या फिर विभागीय स्तर पर बनी कमिटी में अपील कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग 40 से ऊपर गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों की अभी मनचाही पोस्टिंग कर चुकी है। शिक्षकों के तबादले को लेकर कई विधायकों ने भी आवाज उठाई है। विधायक अजय कुमार ने कहा कि मनचाही पोस्टिंग के लिए 10 अनुमंडल का नाम मांगा गया है। ऐसे में अगर अनुमंडल दूसरे जिले में हो तो फिर मनचाहे जिले में कैसे तबादला होगा? इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सॉफ्टवेयर में यदि कोई त्रुटि रह गई है तो उसको हम ठीक कर लेंगे।

**दिलीप जायसवाल फिर बने...**

दिया- बिहार है तैयार फिर से एनडीए सरकार। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल समेत पार्टी के सभी वरीय नेता, विधायक और मंत्री शामिल हुए। उपमुख्यमत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता फिर से एनडीए सरकार को बहुमत से जिताने जा रही है। 2025 में हम 200 प्लस सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/645, दिनांक: 28.02.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य/र्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3427। कार्य का नाम:** 36 महीनों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल की एलएचबी एवं गैर-एलएचबी ट्रेनों के कोचों एवं रसोई यान में रसोई विद्युतीय उपकरणों के लिए सुधारात्मक रखरखाव ठेका (सीएमसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,11,809। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 98,200। **पूरा करने की अवधि:** 36 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-644/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/112आरटी, दिनांक: 28.02.2025।** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त कार्य या समान प्रकृति के कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी संसाधन रखने वाले निविदादाताओं से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** जमालपुर निर्मित एम-IV टावर कार के 09 सेट पावर पैक (01 अदद कमिंस इंजन मॉडल एन 855 आर और 01 अदद हिंदुस्तान ट्रांसमिशन (एलीजन) मॉडल सीआरटी-5633 और फुलतास निर्मित एम-IV टावर कार के 08 अदद कमिंस इंजन मॉडल एनटी 855आर और 08 अदद हिंदुस्तान ट्रांसमिशन (एवटेक) मॉडल सीआरटी-5633 की ओवरहॉलिंग और शुरुआत। **मात्रा:** 09 (नौ) सेट। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,87,43,290.90। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल 2022 के भाग I के कार्यों के लिए निविदा क्लॉज़ 03 के अनुसार)। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,43,700। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 21.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य समापन की तारीख:** संपूर्ण कार्य स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। हालांकि, प्रत्येक ओवरहॉल्ड पावर पैक की डिलीवरी पावर पैक के संग्रह की तारीख से 45 दिनों के भीतर होनी चाहिए। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। **"कार्य की समरूप प्रकृति" की परिभाषा:** "टावर कार के इंजन/ट्रांसमिशन की ओवरहॉलिंग का अनुभव रखने वाले ओईएम/ओईएम का अधिकृत सेवा एजेंट/ कोई भी अन्य फर्म"। भारतीय रेल या पीयू की किसी भी इकाई या केन्द्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों या सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी/ट्रस्ट, जिसका औसत वार्षिक कारोबार 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक हो, में निष्पादित उपरोक्त कार्य में से कोई भी एक या उससे ज़्यादा पर विचार किया जाएगा।

(MISC-360/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नहीं रहे हरदिल अजीज चिकित्सक डॉ. राजीव मिश्रा

## चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में शोक की लहर, सामाजिक कार्यों में भी थे सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर शहर के चर्चित चिकित्सक डॉ. राजीव मिश्रा का सोमवार देर शाम अकस्मात निधन हो गया। हरदिल अजीज, हंसमुख, मिलनसार, व सरल व्यक्तित्व के धनी अपने पिता स्व डॉ आरपी मिश्रा की समृद्ध चिकित्सकीय व सामाजिक दायित्वों की विरासत संभाल रहे डॉ. मिश्रा के मौत की सूचना मिलते ही जिलेभर के चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी मौत की पुष्टि चिकित्सक के ही चचेरे भाई अमरेश मिश्रा ने की है। बताया गया है कि सोमवार दोपहर बाद उनकी तबियत अचानक ज्यादा बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें पटना ले जाया गया। जहां एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके एक करीबी केशव किशोर ने बताया कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। यहां एंबुलेंस में वे आराम से बैठे थे। महुआ पहुंचने तक उनकी हालत बिगडने लगी, हाजीपुर पहुंचने तक उन्होंने अंतिम सांस ली थी। वे अपने पीछे पत्नी डॉ. कनुप्रिया मिश्रा व दो पुत्र को छोड़ गए हैं। बताते चलें कि डॉक्टर मिश्रा के पिता डॉ0 आरपी मिश्रा समस्तीपुर शहर के जाने-माने चिकित्सक थे। डॉ मिश्रा व उनकी पत्नी डॉक्टर कनुप्रिया दोनों पति-पत्नी ने मिलकर मोहनपुर रोड में मेडिकाना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल की स्थापना की थी। अभी 22 फरवरी को ही मेडिकाना हॉस्पिटल का स्थापना दिवस मनाया गया था। बताते चलें कि डॉ0 मिश्रा की पार्थिव शरीर देर रात समस्तीपुर लाया गया। मंगलवार को सिमरिया घाट पर दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। विदित हो कि डॉक्टर मिश्रा और उनकी पत्नी कनुप्रिया सामाजिक क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रही हैं। वे रोटरी क्लब से जुड़कर समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे थे। राजीव मिश्रा मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं कुशल फिजीशियन व सर्जन थे। उनके अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि देने को उनकी अंतिम यात्रा निकलने तक लोगों का तांता लगा रहा। मौके पर भाजपा नेता रंजीत निर्गुणी, राजद नेता राकेश ठाकुर, रोटेरियन डॉ अमृता कुमारी, अरूण कुमार, अजीत पॉल, विमल केडिया सहित जिले के कई चिकित्सक, समाजसेवी, राजनेता एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में दवा प्रतिनिधियों ने उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें अंतिम विदाई दी।

### बैठक कर लोगों ने दी श्रद्धांजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शहर के डॉ राजेन्द्र प्रसाद जयंती समारोह आयोजन समिति के सदस्यों ने समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक तथा शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ राजीव मिश्रा के असमय निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। इस संदर्भ में समिति द्वारा वरीय अधिवक्ता शिवचंद्र प्रसाद राजगृहार की अध्यक्षता में एक आपात बैठक आयोजित कर डॉ मिश्रा को अश्रूपूरित श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर वर्तमान अध्यक्ष टेक्नोमिशन के निदेशक ए.के.लाल ने कहा कि यह यकीन थोडा मुश्किल है कि हमने एक हरदिल अजीज, मरीजों व समाज के प्रति बेहद संवेदनशील, खुशमिजाज, उत्साही और सरल व्यक्तित्व के धनी चिकित्सक को खो दिया है। अपने पिता स्मृतिशेष डॉ आरपी मिश्रा के नक्शेकदम पर चल कर उनकी विरासत बाखूबी संभालने वाले आदर्श पुत्र के रूप में भी वे सम्मानित थे। मौके पर समिति के सचिव अशोक कुमार वर्मा, समदर्शी राजगृहार, सुमन कुमार वर्मा, मनोज कुमार कर्ण, अमित कुमार, सौरभ कुमार, अधिवक्ता अरुण कुमार ठाकुर एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। वहीं विद्यापतिनगर संवाददाता ने बताया है कि जिले के जाने-माने चिकित्सक डॉ राजीव कुमार मिश्रा की असामायिक निधन की खबर सुनते ही चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों के साथ-साथ आम लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

# सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मदारी : डॉ. घनश्याम राय

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर यूआर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रोसड़ा (समस्तीपुर)।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा परिसर में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का थीम है, 'विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल, उद्योगों और समाज में लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। नेशनल सेफ्टी डे की स्थापना 04 मार्च 1966 में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा की गई थी। वर्ष 1972 में इसे नेशनल सेफ्टी डे मनाने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हमें याद दिलाता है कि सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मदारी है। यह दिन हमें सुरक्षित रहने और दूसरों को सुरक्षित रखने लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अतः राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो हमें सुरक्षित रहने और सुरक्षित समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जो छात्र-छात्राएं अब तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्य नहीं बने हैं वे सब सदस्यता ग्रहण कर लें। पूरे परिसर में नारा लगाते हुए स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक क्रमशः डॉ प्रवीण कुमार प्रभंजन, डॉ अनुराग कुमार, डॉ जाकिर हुसैन, डॉ अमन आबैद, डॉ प्रिंस विवेक, डॉ सौरभ कुमार झा, डॉ रोहित कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी क्रमशः ललित निबंध, सुमन पासवान, प्रदीप कुमार राय आउटसोर्सिंग कर्मी क्रमशः सुष्मिता कुमारी, विकेश कुमार, सुजीत, सुनील, अंकित एवं छात्र छात्राओं में भव्या चौधरी, लालदाय कुमारी, सगुनी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, शिवम कुमार, बिट्टू कुमार, काजल कुमारी आदि उपस्थित थे।

# पीड़ितों की मदद को आगे आये समाजसेवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर प्रखंड स्थित भगवानपुर कमला गांव निवासी समाजसेवी भाई राजू सहनी ने एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद कर अपने समाजिक दायित्व का निर्वहन किया है। जानकारी के अनुसार उजियारपुर प्रखंड स्थित रायपुर पंचायत के उजियारपुर गांव में सोमवार 03 मार्च को सुबह खाना बनाने के दौरान सिलेण्डर लीकेज होने घर में आग लग गयी। जिसमें विशुन देव महतो व उनके दोनों बेटे हरिवंश कुमार तथा शत्रुघ्न कुमार का घर एवं घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान गृहणी पूजा कुमारी झुलस गयी। घटना की जानकारी मिलते ही सुप्रसिद्ध समाजसेवी उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर कमला गांव निवासी, भाई राजू सहनी ने तत्काल अपने टीम के लोगों को पीड़ित परिवार से मिलने भेज दिया। साथ ही निजी कोष से करीब 25-30 हजार का राशन, बर्तन, कपड़े व इस अगलगी की घटना में झुलसी महिला के ईलाज के लिए नकद राशि भी उपलब्ध कराया। इस दौरान समाजसेवी राजू सहनी ने टेलिफोनिक बातचीत के क्रम में बताया कि उन्हें सोमवार 03 मार्च की देर रात करीब 11 बजे उन्हें इस अगलगी के घटना की सुचना मिली। जिसके बाद उन्होंने सुबह होते ही अपने लोगों को घटनास्थल पर भेजकर, उनसे जो भी बन पड़ा सहायता कर दिया। इस परिवार के साथ वह आगे भी मजबुती के साथ खड़ा रहेंगे। मौके पर भगवानपुर कमला पंचायत के सरपंच जयराम साहनी, राम श्रेष्ठ साहनी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# होली को लेकर आरएएफ एक्टिव मोड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** होली त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रहे जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स की बैठक हुई। जिसका नेतृत्व आरएएफ के उप कमांडेंट प्रवीण कुमार ने की। कमांडेंट ने बताया की जिला मुख्यालय में आरएएफ का स्थायी केंद्र बनाया गया है। आरएएफ किसी तरह का बवाल होने पर सूचना के आधे घंटे बाद स्थल पर पहुंच जाएगा। जिला मुख्यालय में डेल्टा 114 बटालियन चौबीसों घंटे तैनात है। जिसे कई टीमों में बांटा गया है। एक टीम हमेशा एक्शन के लिए तैयार रहता है। कमांडेंट ने बैठक में शामिल ग्रामीणों से भौगोलिक और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी लिया। उसके बाद आश्वस्त किया की किसी भी तरह दंगा या कानून व्यवस्था बिगड़ने पर आरएएफ त्वरित कार्रवाई करेगा। नागरिकों से अपील किया की ऐसी परिस्थितियों में अफवाह पर ध्यान नहीं दें। मौके पर आरएएफ के निरीक्षक प्रदीप यादव, उप निरीक्षक प्रेम सिंह, एसआई सरस्वती कुमारी, नागेन्द्र प्रसाद, खुशवु कुमारी, कमल किशोर यादव, पपु कुमार सहित उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, मुखिया राकेश कुमार, समाजसेवी डा.देवलाल पासवान, पंचायत समिति धनंज्जय कुमार मुन्ना, सुरेंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार शास्त्री के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# खैरी इटवा में कर्पूरी रथ का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के ग्राम खैरी इटवा गांव में कर्पूरी रथ सह अतिपिछड़ा जनसंवाद यात्रा का आगमन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह जहानाबाद पूर्व सासंद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी मौजूद रहे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कर्पूरी रथ के माध्यम से हर जिले में अतिपिछड़ा समाज मे किये गए कार्यों को बताया गया। इसके बाद सभा का संचालन युवा जदयू जिला अध्यक्ष कौशल कुमार चन्द्रवंशी और अध्यक्षता अतिपिछड़ा जिला अध्यक्ष जितेंद्र चन्द्रवंशी ने किया। जनसंवाद यात्रा में शामिल जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह जहानाबाद पूर्व सासंद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, अतिपिछड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन राजभर, प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा को बस स्टैंड में युवा जदयू जिला अध्यक्ष कौशल कुमार चन्द्रवंशी एवं सरावक, देवकुली, पांडेकर्मा, मिया बिगहा मोड़ के पास रथ यात्रा का कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति वीरू चंद्रवंशी, शिक्षक मनोज कुमार, विवेक सिंह, सुनील चंद्रवंशी, वकील चंद्रवंशी, पिंटू सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# युवती लापता, पिता ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के एक 20 वर्षीया युवती के कहीं चले जाने की प्राथमिकी युवती के पिता ने रफीगंज थाना में दर्ज कराया है, जिसमें उल्लेख किया है गया है कि बीते एक मार्च को सुबह दस बजे घर से सिलाई सीखने को कहकर निकली उनकी पुत्री अभी तक घर वापस नहीं आई है। अपने स्तर से रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर जानकारी लिया लेकिन वह नहीं मिली। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पिता के बयान क आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। प्रशासन अपने स्तर से मामले की तहकीकात कर रही है।

# दिव्यांगों ने कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के गेट स्कूल में दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद द्वारा दिव्यांग सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वराज पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव पहुंचे और उन्होंने दिव्यागों के मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के साथ सौतेला व्यवहार ठीक नहीं हैं, इनकी जो भी मांगे हैं, सरकार या जिला प्रशासन अविलंब पूरी करें। दिव्यांगजनों ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाय। वहीं दिव्यांगों के परिवार के समक्ष भुखमरी की समस्या है। सरकार के अन्नपूर्णा योजना के तहत सभी दिव्यांगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने की मांग की। अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यागों को आवास मुहैया के साथ सदर अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का समय निर्धारित किया जाए। वहीं दो मंजिला से ग्राउंड फ्लोर पर ऑफिस में जांच किया जाए। दिव्यांगों के लिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करायी जाए। सम्मेलन की अध्यक्षता महासचिव मुस्ताक अहमद कवि ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, सचिव बिजेंद्र शर्मा, संगठन सचिव महाराणा प्रताप सिंह, पिंटू शर्मा, साजदा खातून, तनोज कुमार ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप सात ट्रैक्टरों को दाउदनगर पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही दो चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चालक की पहचान थाना क्षेत्र के केरा निवासी विकास कुमार एवं हसपुरा थाना क्षेत्र गिरधारी मटिया निवासी मुन्ना कुमार के रूप में की गई है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के कनाप मोड़ एवं शमशेर नगर के पास की गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टरों को पुलिस ने जब्त किया है और दो चालक को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य चालक फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकार किया एवं उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि चोरी का बालू ले जाकर बेचते हैं।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत नबीनगर (औरंगाबाद)**

**आम सूचना संख्या–05 / 2024–25**

नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा शहर का वित्तिय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है । नगर पंचायत, नबीनगर क्षेत्र के नागरिकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूल, कॉलेज, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से अनुरोध है कि अपना बहुल्य सुझाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक :– 17.03.2025 तक उपलब्ध कराया जा सकता है, ताकि नगर निकाय क्षेत्र का विकासोन्मुखी एवं परिणाम बजट तैयार किया जा सके । निम्न बिन्दुओं पर नगर पंचायत, नवीनगर शहर के नागरिकों के द्वारा अपना बहुमूल्य सुझाव प्रदान किया जा सकता है :–

1. नबीनगर शहर में प्रदुषण नियंत्रण पर सुझाव ।
2. नबीनगर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव ।
3. अन्य कोई बहुमूल्य सुझाव ।

PR. No.20610 (B & C) 2024-25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नबीनगर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# शहीदों की याद में फुटबॉल मैच का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** शहीद- ए- आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के संयुक्त शहादत दिवस समारोह मनाने को लेकर मंगलवार को करमा मसूद स्थित ललिता कुंज में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजाराम प्रसाद व संचालन संजय श्याम ने किया। बैठक में आगामी 23 मार्च को को चरवाहा विद्यालय के मैदान में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की याद में एकदिवसीय फुटबॉल मैच कराने का निर्णय लिया गया, जिसमें नोखा बनाम चाकंद के बीच मुकाबला होना है। साथ आगामी 26 मार्च को होनेवाली शहादत दिवस समारोह कार्यक्रम की तैयारियों पर आवश्यक चर्चा हुई। पर्चा वितरण सहित अन्य कई कार्यों को बखूभी निभाने हेतु जिम्मेवारी दी गई। बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में विचारगोष्ठी, पुस्तक मेला, नुक्कड़ नाटक, छात्रों के प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। मौके पर राजनंदन यादव, पूर्व वार्ड पार्षद योगेंद्र यादव, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र दास, केराप पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, रामचंद्र सिंह, कारु प्रसाद, डी के यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथु पुलिस ने अवैध बालू के विरुद्ध व्यापक पैमाने पर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सोनवर्षा, चनहट, खरौना बालू घाट सहित अन्य जगहों पर पर छापामारी किया गया। इस क्रम में पौथु बराही पथ के शाहपुर गांव के समीप अवैध बालू लदे को जब्त किया गया। चालक भागने में सफल रहा। थाना अध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि शाहपुर से भी अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है।

# आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा पुलिस ने लूटकांड के एक आरोपित के घर इश्तेहार चस्पाया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 12 फरवरी की रात्रि लोहरा धनावां रोड ढूढूआ गांव के समीप दो अलग-अलग मोटरसाइकिल एवं साइकिल सवार व्यक्तियों के साथ दो मोबाइल, दो पर्स एवं 5400 रू0 लूट की घटना को अंजाम दिए जाने की लिखित शिकायत मिला। जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुशंधान शुरू कर दिया गया। कांड में संलिप्त धनावां गांव निवासी विकास कुमार एवं मोहम्मद दानिश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है लेकिन चिरैला गांव के गोलू कुमार सिंह उर्फ पिस्टल सिंह फरार चल रहा है। जिसके घर आज ढोल नगाड़ों के साथ इश्तेहार चस्पाया गया है और जल्द हाजिर होने की बात कही गयी है। मौके पर एएसआई किशोरी शाह, अरुण कुमार सिंह, शेख शेरअली सहित अन्य पुरुष महिला पुलिस बल शामिल रहे।

# लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज राजकुमार ने जिला विधि संघ व अधिवक्ता संघ के सभी पदधारी अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए कहा कि लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम उपस्थित रहें। जिला जज के प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, सचिव जगनारायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव सहित कार्यकारिणी के अन्य पदधारी अधिवक्ता उपस्थित रहें। लोक अदालत के लिए कार्यकारिणी के सभी पदधारी अधिवक्ताओं के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि स्वयं अधिवक्ता के साथ-साथ उनके साथ काम करने वाले अधिवक्ताओं का इस लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी से अपेक्षा से अधिक परिणाम मिलने की संभावना प्रबल है जिसके लिए सभी का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा गया।


**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14.

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2025/02 दिनांक– 04.03.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**बिहार राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा–2025 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025 का आयोजन दिनांक 11.05.2025 को किया जायेगा।
3. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि 06.03.2025 और अंतिम तिथि 07.04.2025 निर्धारित है।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर ITICAT-2025 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।
5. बिहार राज्य अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कुल सीटों में से 25% सीटों पर नामांकन के लिए राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी पात्रता–प्राप्त हैं।
6. **Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2025/01 दिनांक 04.03.2025 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**

परीक्षा नियंत्रक



**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत नबीनगर (औरंगाबाद)**

**आम सूचना संख्या – 04 / 2024–25**

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 4081 दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत हैः–

▶ स्वच्छत्ता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रकिया एवं दिशा – निर्देश :–

▶ स्वच्छता साथी कौन होगे :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi worker NGO, Youth, Community Based Organizations, RWAS से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर पंचायत स्तर पर कुल संख्या 05 स्वच्छता साथी।
8. आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.03.2025 निर्धारित है।

▶ स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रकिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू 300 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 30020=6000.00 रु० मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसका अवधि अक्टूबर, 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए ) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

नोटः– 1. यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नहीं है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।
2. साक्षात्कार स्थल, तिथि एवं समयः नगर पंचायत नबीनगर का कार्यालय दिनांक 20.03.2025 को 12:00 बजे अपराह्न में। साक्षात्कार में अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्र एवं CV के साथ उपस्थित रहेगें।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नबीनगर

PR. No.20606 (B & C) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# जेवर दुकान में लूटपाट कर बदमाशों ने की फायरिंग

## घटनास्थल से जिंदा कारतूस और खोखा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** रतनपुर थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित देव ज्वेलर्स दुकान में मंगलवार को नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया।

लूटपाट के बाद भागने के दौरान राहगीरों पर भी गोली चलाते हुए फरार हो गया। मंगलवार को दिनदहाड़े दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने सोने चांदी की दुकान देव ज्वेलर्स में लूट की घटना को अंजाम दिया। भागने के क्रम में आम जनमानस पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। हालांकि किसी के इसमें हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई है।




मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। दुकान मालिक अनिल पोद्दार ने घटना के बाद बताया कि घटना के समय वो दुकान पर नहीं थे। करीब 10:45 पर चार अपराधी नकाब धारण किए हुए दुकान में पहुंचे। सामान खरीदने की बात की। इसके बाद दुकान के स्टाफ ने उन लोगों से कहा कि अभी मालिक दुकान पर नहीं हैं। जब वह आएं तब आईये। इसके बाद अपराधियों ने दुकान के अंदर वाले सेफ को लूटना चाहा। परन्तु सफल नही हुए। वही स्टील बॉक्स में रखी नकली आभूषण को उठाकर ले गए। स्टाफ द्वारा विरोध करने पर मारपीट भी किया। भागने के क्रम में स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो उन लोगों पर भी बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पाकर एसपी मनीष स्थल पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसके बाद पुलिस अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी में जुट गई है। शहर के सबसे व्यस्तम जगह पर अपराधियों ने लूटपाट एवम गोलीबारी कर पुलिसिंग पर खुलेआम चेलेंज कर दिया है।

# कुशल संगठनकर्ता और सुयोग्य मार्गदर्शक हैं दिलीप जायसवाल : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** भाजपा प्रदेश परिषद की बैठक में डॉ दिलीप जायसवाल का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में औपचारिक निर्वाचन होने पर राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने उन्हें बधाई और यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री सरावगी ने मिथिला की परंपरानुसार पाग, चादर एवं मखान माला से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। मंत्री श्री सरावगी ने कहा कि डॉ दिलीप जायसवाल एक कुशल संगठनकर्ता के साथ-साथ सुयोग्य मार्गदर्शक भी हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में हम सब मिलकर पार्टी को इस चुनाव में एक नए मुकाम तक पहुंचाएंगे और 2025 में फिर से यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। वे कार्यकर्ताओं को अपना परिवार मानते हैं। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए मजबूती का सबब है। पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और सरकार के कार्यों को कैसे जन-जन तक पहुंचाएं इस विषय में उनके अनुभव का लाभ प्रत्येक कार्यकर्ता को समय-समय पर मिलता रहता है। हम सब भाग्यशाली हैं कि डॉ जायसवाल का कुशल नेतृत्व हमारा फिर से मार्गदर्शन होगा और हम जी जानकर मां स्वरूप अपनी पार्टी की सेवा कर सकेंगे। मुझे विश्वास है कि डॉ जायसवाल के नेतृत्व में हम बिहार में पार्टी की जड़ों को और गहराई में ले जाएंगे तथा बिहार के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को पार्टी की नीतियों सिद्धांतों से जोड़कर उनके जीवन में खुशहाली ला सकेंगे मैं फिर से उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामना देता हूं।

## एक नजर

### गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पश्चिम में गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक मंगलवार को हुई। अध्यक्षता हसनपुर चीनी मिल के जोनल इंचार्ज राम नाथ सिंह ने की तथा संचालन आई टी मैनेजर गौरव कुमार ने किया। कार्यपालक अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि गन्ना की खेती में लागत कम और आमदनी अधिक है। इसलिए अधिक उपज के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों की आवश्यकता है। यूपी के तर्ज पर मेरठ, श्यामली, मुजफ्फरनगर की तरह किसानों को सरकार के ऊपर भरोसा नहीं करके खुद आत्मनिर्भर बनना है। इस कार्य में हसनपुर चीनी मिल हर समय किसानों के साथ है। हर प्रकार की सब्सिडी या सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य चीनी मिल किसानों को देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए किसानों को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रफुल्ल कुमार, डब्ल्यू सिंह, मनोज कुमार, रणवीर कुमार, यशवंत कुमार, शंकर सिंह, राजेश कुमार, बबलू सिंह, पप्पू कुमार सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### बजट चुनावी जुमला साबित होगा : कमल सेठ

**बेनीपुर (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधान सभा में पेश आम बजट सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह जाएगा। राजद प्रदेश सचिव कमल राम विनोद झा कमल सेठ बेनीपुर में मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा कि इस बजट से साफ जाहिर होता है कि पुरे बिहार के साथ साथ मिथलांचल में भी सिर्फ चुनावी जुमला का बारिश किया गया। 94 लाख बेरोजगारों को रोजगार सृजन करने की बात आज तक जुमला लग रहा है। खासकर मिथलांचल में अशोक पेपर मील, पंडौल जुट मील, सकरी, रईयाम, लोहट, हसनपुर चीनी मील को चालू करने के लिए इस बजट में कुछ नही देखा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश चौधरी ने कहा कि बेनीपुर के कुछ लोग कल के बजट की सराहना कर रहे हैं। बेनीपुर में दो महाविद्यालय एक महिला महाविद्यालय व संस्कृत विधालय है। इसकी स्वीकृति के लिए बजट में कोई प्रवधान नहीं किया गया है। बेनीपुर जिला बनने कि चर्चा जोर पर था। तरौनी को प्रखंड बनाने के लिए प्रस्ताव भी विधान सभा में रखा गया था, क्या इसकी स्वीकृत के लिए इस बजट में प्रवधान है।

### अतिक्रमित भूमि को अंचलअधिकारी ने कराया खाली

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रजाकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 से सीओ सूरज कुमार ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाया। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि बिहार सरकार की थी। जिसे तीन अतिक्रमण कारियों द्वारा मवेशी का बथान बनाकर तथा डेरा बनाकर अतिक्रमित कर लिया गया था। उक्त भूमि पर आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 112 का आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण प्रस्तावित था। नोटिस के वावजूद भी अतिक्रमणकारियों ने उक्त भूमि को खाली नहीं किया गया था। मौके पर सीओ सूरज कुमार के अतिरिक्त पीओ मनरेगा पंकज कुमार, एल एस लालिमा कुमारी सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### लाभुकों को मिला जॉब कार्ड

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पंचायत के विभिन्न तेरह वार्डों के 400 लाभुकों को जॉब कार्ड मंगलवार को मिला। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि इन जॉब कार्डधारियों को मनरेगा के तहत कार्य दिया जाएगा। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ दिया जाएगा।जॉब कार्ड पाकर लाभुक काफी खुश थे। इनमें सुमित्रा देवी, अनीता देवी, पूजा देवी, वन्दना देवी, नीतू कुमारी, सोनी कुमारी, मनीषा देवी आदि लाभुक मौजूद थे। मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, मुखिया राष्ट्रपति कुमार पंचायत तकनीकी सहायक वीरेन्द्र कुमार, पंचायत रोजगार सेवक विनोद कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, विकास मित्र पूनम कुमारी, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

## दो डंफरों को पुलिस ने किया जब्त

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** केसठ नावानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के नावानगर बुढ़ैला मार्ग स्थित भटौली मोड के पास से बालू लदे दो डंफर को जब्त किया है। साथ ही इसकी सूचना पुलिस ने खनन विभाग के अधिकारियों को दिया है। पकड़े गये दोनों डंफरों पर अवैध सफ़ेद बालू लदा हुआ था। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान शंका के आधार पर दोनों डंफरों को रोककर जांच किया गया। जांच के दौरान दोनों चालकों से सफ़ेद बालू संबंधित कागजात की मांग की गई। जिसपर चालकों द्वारा कोई साक्ष्य एवं चलान नहीं दिखाया गया। साथ ही मौका पाकर दोनों चालक अपनी वाहन छोड़कर फरार हो गए।

# सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीने का तरीका होना चाहिए : रिफाइनरी प्रमुख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** बरौनी रिफाइनरी मंगलवार को 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों, अधिकारियों और अनुबंध कर्मियों ने सुरक्षा को अपनी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अग्नि एवं सुरक्षा विभाग, बरौनी रिफाइनरी में किया गया, जहां सुरक्षा शपथ ली गई और सुरक्षा ध्वज को श्री प्रकाश द्वारा फहराया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (अग्नि एवं सुरक्षा) एच.एन. पाठक ने राष्ट्रीय सुरक्षा



दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। अध्यक्ष का राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर संदेश जी. आर.के. मूर्ति द्वारा पढ़ा गया। जबकि निदेशक (रिफाइनरीज) का संदेश एस.के. सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्री प्रकाश द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का विशेष सुरक्षा बुलेटिन जारी किया गया। जिसमें सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने और सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए। अपने संबोधन में उन्होंने बरौनी रिफाइनरी में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें नियर-मिस रिपोर्टिंग, संरचित सुरक्षा दौरे, महत्वपूर्ण कार्यों के लिए पोर्टेबल कैमरों का उपयोग, सुरक्षा रथ के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदर्शन, आपातकालीन अभ्यास, सर्वश्रेष्ठ हाउसकीपिंग प्रथाएं और प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन (पीएसएम) का कार्यान्वयन शामिल हैं। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को सुरक्षा को केवल एक नियम या अनुपालन के रूप में नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया और कहा, इस राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर, हम सभी यह संकल्प लें कि सुरक्षा केवल एक दिन का संकल्प न रहे, बल्कि हर दिन हमारी कार्यसंस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बने। सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका होना चाहिए।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना ए) जी.आर.के. मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस.के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं एवं एचएसई) हंसराज गणवीर सहित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और अनुबंध कर्मी उपस्थित रहे।

## बीज वितरण को लेकर किसान भवन में बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** ई किसान भवन नावकोठी में पदाधिकारी व कर्मियों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता बीएओ ओम प्रकाश यादव ने की।

उन्होंने बताया कि गरमा फसल बुआई हेतु मूंगफली, मूंग, उड़द आदि का बीज उपलब्ध है। उपस्थित किसान सलाहकार, समन्वयक को इसे किसानों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। मूंग का 41 क्विंटल बीज को 34 क्विंटल सामान्य श्रेणी के किसानों तथा 7 क्विंटल अनुसूचित जाति के किसानों को, उड़द का 7 क्विंटल बीज को 6 क्विंटल सामान्य श्रेणी के किसानों को 1 क्विंटल अनुसूचित जाति के किसानों को, मोटे अनाज सामा, कोदो आदि का 7 क्विंटल बीज का, मूंगफली का 27 किलोग्राम, वितरण किया जाना है। इसके लिए किसानों को किसान पंजीकरण, आधार संख्या तथा मोबाइल फोन के साथ आनलाइन आवेदन करनी है। बीज वितरण हेतु 33 फीसदी महिला किसान, 20 फीसदी अनुसूचित जाति तथा 47 फीसदी सामान्य कोटि के किसानों के लिए आरक्षित है। बीज लेने हेतु किसानों को स्वयं दुकान पर जानी होगी। किसानों का फिंगर प्रिन्ट के सत्यापन के उपरांत ही उन्हें वितरक द्वारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। पदाधिकारी तथा कर्मियों की उपस्थिति में मौर्या टेडर्स छतौना चौक पर बीज वितरण किया गया।

# विद्यार्थी परिषद करेगा शैक्षणिक सर्वेक्षण

## आगामी कार्यक्रम और शैक्षणिक गतिविधि को लेकर जीडी कॉलेज में आयोजित हुई एबीवीपी की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की मंगलवार को जीडी कॉलेज के दिनकर सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला दिवस कार्यक्रम, शैक्षणिक सर्वेक्षण, आगामी कार्य योजना, होली के पूर्व परिसरों में सफाई अभियान, होली मिलन समारोह, शैक्षणिक समस्या पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष शैक्षणिक सर्वेक्षण चलाकर वर्ष भर में शैक्षणिक परिसर में हुए बदलाव को रेखांकित करती है एवं अवश्यक बिंदु तैयार करती है जिस आधार पर सरकार एवं व्यवस्था के लोगों को ज्ञापन देकर समुचित शैक्षणिक सुधार करवाया जा सके। प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश देगी एवं विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पूर्व विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में सफाई अभियान चलाएगी। जिला प्रमुख डा. राजाजीत एवं नगर अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद जब एक साथ शिक्षक और छात्र मिलकर कार्य योजना बनाते हैं तो उसमें दशा और दिशा दोनों ठीक रहती है। शिक्षकों की भूमिका के महत्व को देखते हुए विद्यार्थी परिषद मार्गदर्शक की भूमिका में शिक्षक कार्यकर्ता को आगे बढ़ती है। नगर उपाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार ने कहा कि आज के समय में अनुशासन एकता और चरित्र के सहारे राष्ट्रीयता की बात करने वाले एकमात्र छात्र संगठन के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पहचान है। जिसे छात्र और शिक्षक कार्यकर्ताओं के माध्यम से चरितार्थ किया जाता है। जिला सहसंयोजक कमल कश्यप एवं नगर मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि जिस प्रकार विद्यार्थी परिषद भारतीय परंपरा के सभी पर्व को धूमधाम से मनाती है। उस रूप में इस बार भी हम लोग होली मिलन समारोह का आयोजन करेंगे साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में ऐसे आयोजन को बढ़ावा भी दिया जाएगा। जीडी कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रहलाद कुमार कोऑपरेटिव कॉलेज इकाई अध्यक्ष छोटू कुमार ने भी छात्र-छात्राओं के बीच अपनी बात रखी। इस अवसर पर नगर सह मंत्री नीतीश कुमार, सूरज कुमार, विशाल कुमार, अमन कुमार, सिद्धार्थ, कृष्ण कुमार, वैष्णवी कुमारी, नितिन, मनीष, उज्जवल, आशीष सत्यम, राकेश, मंगल माधव, आदित्य, सौरभ, एलन बजरंगी, आलोक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पारिवारिक आहार विविधता अभियान को लेकर बैठक

**शेखपुरा (नबिट संवाददाता)।** परिवार नियोजन अभिसरण कार्यक्रम एवं पारिवारिक आहार विविधता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जीविका के जिला इकाई के सभागार में मंगलवार को स्वास्थ्य विषय पर काम करने वाली कैडरों का उन्मुखीकरण संपन्न हुआ। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार सोनू ने बताया कि जिले के सभी छह प्रखंडों में स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता विषय पर कार्य करने वाली सामुदायिक मित्रों को जिला स्तर पर उन्मुखीकरण कर आगे की कार्य योजना पर काम करने हेतु बैठक बुलाकर यह बताया गया कि किस प्रकार से पारिवारिक आहार विविधता अभियान को सफल बनाना है।

# डीसीएस में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** खेलकूद जीवन में संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। हार एवं जीत से ऊपर उठकर ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें मुख्य अतिथि डॉ प्रो अजय नाथ झा, निदेशक, डब्लूआईटी दरभंगा ने दरभंगा सेंट्रल स्कूल, कृष्णा विहार वासुदेवपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दो दिवसीय समापन समारोह में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्कूल के संस्थापक स्व कृष्णा सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। खेलकूद कार्यक्रम के विजेताओं




को स्कूल के संस्थापक राज ऋषि आचार्य सुदर्शन जी महाराज एवं प्रबंधकीय न्यासी डॉ कुमार अरुणोदय ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्कूल के प्रबंधक ए के कश्यप ने कहा कि खेलकूद हमारे शारीरिक अवयव को स्वस्थ रखने के साथ जीवन को भी स्वस्थ रखने की संदेश देता है। स्कूल के प्राचार्य डॉ के के एस मूर्ति ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में संजीवनी शक्ति प्रदान करता है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विगत कल के खेलकूद को रखा गया। जिसमें उत्कृष्ट दक्षता के लिए इन बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर उपाचार्य भोगेंद्र कुमार शैलेंद्र नाथ झा प्रदीप कुमार झा, कौशल कुमार सिंह, नीलम झा, श्रद्धा कश्यप, अनुपम, सपना सुमन, प्रियंका झा, सुनील कुमार, कोच अमरेंद्र कुमार आदि की सहभागिता रही। मंच का संचालन छात्राअनुष्का कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन भी के झा ने किया।

# स्वयंसेवकों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले बेगूसराय के जी.डी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता अभियान कंपैन की शुरुआत 17 सितंबर को हुई थी। जिसका समापन 2 अक्टूबर को हुआ। अभियान में शामिल स्वयंसेवकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफ़रोज़ के द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों के बीच प्रमाण पत्र वितरण करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफ़रोज़ ने कहा हम सभी को स्वभाव में स्वच्छता और संस्कार में स्वच्छता को अपनाना होगा तभी स्वच्छ भारत अभियान पूरा हो पायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को पहले अपना कर्तव्य का पालन करने की शिक्षा दे रहे हैं। जिससे एक विकसित राष्ट्र का निर्माण हो। स्वयंसेवक सुमित कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र व मेडल दे के सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय मंत्री से मिल सांसद ने रखी मैथिली भाषा को शास्त्रीय दर्जा देने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भारत की आठवीं अनुसूची में शामिल मैथिली भाषा का इतिहास अति समृद्ध रहा है। इस भाषा की अपनी अलग लिपि और पहचान रही है।

अब तो देश की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा इस भाषा में संविधान का विमोचन करके इसे सदन की कार्यवाही का हिस्सा भी बना दिया है जबकि सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रमों में पूर्व से ही शामिल हैं। अब इस परिस्थिति में इस भाषा को अभी तक शास्त्रीय भाषा का दर्ज़ा नहीं मिलना दुखद है। साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की भावना तथा सम्मान को ध्यान में रखते हुए मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्ज़ा के लिए यथाशीघ्र ठोस पहल शुरू करने की आवश्यकता है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके कार्यालय में स्नेहिल मुलाकात के बाद उपरोक्त विचार व्यक्त किए।इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री क़ो पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। सांसद डा ठाकुर ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत के समक्ष मैथिली भाषा के शास्त्रीय दर्ज़ा के लिए समीचीन तथा उचित बताते हुए कहा कि देश के हर कोने में उस भाषा को बोलने वालों की संख्या काफी है। झारखंड में यह द्वितीय राजभाषा के रूप में स्थापित है जबकि नेपाल जैसे देशों में भी यह आधिकारिक भाषा के रूप में जाना जाता है ऐसी परिस्थिति में इसके संरक्षण तथा संवर्धन कर इस भाषाई विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इसे शास्त्रीय दर्ज़ा मिलना लोगों की भावना के अनुरूप होगा। मैथिली भाषा को शास्त्रीय दर्ज़ा के लिए सभी मापदंडों पर सटीक बताते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी जी से लेकर नरेंद्र मोदी की सरकार तक भाजपा तथा एनडीए सरकार ने मिथिला और मैथिली को सदैव सम्मानित करने का काम किया है और आगे भी मैथिली के सम्मान के लिए संकल्पित है।

# अतिक्रमण मुक्त विद्यालय की मांग को लेकर किया एनएच जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय इनियार के सामने 2 घंटे एन एच 31 को जाम किया गया। ज्ञात हो कि उक्त विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने एवं अधूरे चाहरदीवारी को पूरा करने की मांग को लेकर विद्यालय के बच्चे एवं ग्रामीणों के द्वारा यह बंद आहूत था। इस बीच सैकड़ों गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। आंदोलन की अध्यक्षता ग्रामीण श्याम बहादुर सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित भाकपा राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि इस विद्यालय के लिए ग्रामीणों ने 2009 से लेकर 2012 तक आपसी सहयोग एवं आम जनमानस से सहयोग लेकर उक्त जमीन खरीदा था उक्त जमीन पश्चिम दिशा की ओर से कुछ ग्रामीणों के द्वारा वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण से चाहरदीवारी के अभाव में अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का आना जाना लगा




रहता है। तत्पश्चात ग्रामीणों के पहल पर अंचल अधिकारी बलिया के द्वारा मापी भी करवायी गयी इसके बावजूद चाहरदीवारी देने से अतिक्रमणकारियों ने रोक लगा दिया। जिस पर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया। इसी से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने लिखित सूचना के आधार पर सड़क जाम में भाग लिया। सड़क जाम के क्रम में अंचल अधिकारी बलिया, थाना प्रभारी बलिया ट्रेनि आईपीएस साक्षी कुमारी, थाना प्रभारी लाखो दलबल के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता का प्रस्ताव दिया।तत्पश्चात अंचल अधिकारी के द्वारा अतिक्रमणकारियों के ऊपर एफआईआर करने के पश्चात नियमानुकूल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया तत्पश्चात धरना समाप्त हुआ। धरना का नेतृत्व चंद्रभूषण सिंह, जयकेश, राजेश राजनीति सिंह, राम शंकर सिंह। भग्नारायण सिंह, नंदकिशोर सिंह, नीरज, रानी साह, सीमा महतों, राजदेव सदा इत्यादि ग्रामीण मौजूद रहे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: ईएनजीजी-09/24-25 (ओपन), दिनांक: 28.02.2025।** मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए विगत दिनों में खास तौर पर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या किसी भी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समरूप प्रकृति के कार्य को सम्पादित करने का पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-23-24-25। कार्यों का विवरण:** कांचरापाड़ा वर्कशॉप में: सीटीआर (एस) 5.0 टीकिमी.। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,33,98,093.36। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** ₹ 2,67,000। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-24-24-25। कार्यों का विवरण:** कांचरापाड़ा वर्कशॉप में: कांचरापाड़ा वर्कशॉप के अधिकार क्षेत्र के अधीन क्षतिग्रस्त वाटर पाइपलाइन को बदलने सहित विभिन्न कॉलोनियों में जल आपूर्ति का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,34,68,364.17। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** ₹ 2,67,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** शून्य (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **एलओए जारी किये जाने की तारीख को तथा से समापन की अवधि:** 12 महीना (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 24.03.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। *पत्र संख्या-2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक : 30.12.2020 के मार्फ़त रेलवे बोर्ड ने दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य हेतु निविदा के लिए कोई भी बयाना राशि ना लेने का निर्देश दिया था। लेकिन, चूंकि अभी तक ऐसा कोई निर्देश नहीं आया है, इसलिए बयाना राशि प्रणाली को वापस लौटा दिया गया है। कार्य का दायरा सिर्फ सांकेतिक मात्र है। हालाँकि, विवरण भारतीय रेल ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) यानी **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन अवधि:** वह समय जिसके दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी लेकिन प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किए जा सकेंगे। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** निविदा खुलने से पंद्रह दिन पहले, जिसके दौरान निविदादाता अपना प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। निविदा **24.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएगी और निविदा उसी तारीख को दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी समय निविदा खोलने वाले कर्मियों की उपलब्धता और नेट के एक्सेस के अनुसार खोली जाएगी।

(MISC-362/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस सोमवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में एक वारंटी समेत आठ अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से सात की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय एक वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 243.1 लीटर शराब, 2.5 किलोग्राम चरस व एक बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख दो हजार रुपये जुर्माना वसूल की है।

### सत्तर लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया पुलिस सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर संध्या गश्ती के दौरान चंडाल चौक के पास से सत्तर लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। बरामद शराब के साथ दो शराब कारोबारियों को भी पुलिस पकड़ी है। जिनमे पकड़ी धांगड़ टोली निवासी स्वर्गीय बाबूलाल राउत के 36 वर्षीय पुत्र भगराशन राउत तथा सत्तन कुमार के 22 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार का नाम शामिल हैं। इधर थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर संध्या गश्ती के दौरान चंडाल चौक के धांगड़ टोली से सत्तर लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया है। साथ मे दो शराब कारोबारी को भी पकड़ा गया है। दोनों शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर मद्द निषेध अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है।

### थानाध्यक्ष ने खुद संभाली वाहन जांच की कमान

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाहन जांच की कमान थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने मंगलवार को खुद संभाली और सड़क पर उतरकर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन जांच की। थानाध्यक्ष ने कहा कि लगन और होली को देखते हुए वाहन जांच का कार्यक्रम लगातार जारी है। शराब कारोबारियों और असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि अगर होली सही सलामत और खुशी से बिताना चाहते हैं तो शराब से दूर रहे वरना जेल की हवा खानी पड़ेगी और खुशी दुख मे बदल जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान लगभग 10000 जुर्माना वसूला गया है वही हिदायत भी दी गई है कि अपने परिवार की कुशलता के लिए वाहन सुरक्षित चलाएं क्योंकि आपके ऊपर आपका परिवार निर्भर है।

### निधन पर शोक

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक व पूर्व बीआरपी लौरिया प्रखंड के मुशहरी गांव निवासी इंद्रेश कुमार तिवारी (65) का निधन सोमवार की रात हृदयगति रुकने से हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गयी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सेवानिवृत शिक्षक वीरेंद्र उपाध्याय, योगिन्द्र मिश्र, बाबूलाल तिवारी, शिक्षक संतोष यादव, किशुन प्रसाद, अफजल अली, शाहिद अख्तर, तौफीक आलम, पुनदेव साह, विजय पासवान, मतलूब आलम सहित अन्य शिक्षक व गणमान्य लोग शामिल रहे।

### मारपीट मामले में दो लोगों पर हुई प्राथमिकी

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एम एच नगर थाना के बलेथरी गांव में बीते कल हुई मारपीट मामले में गांव के ही दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है.पीड़ित शिव शंकर साह ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि एक मार्च को समय लगभग 8 : 30 बजे रात में मेरे गांव में एक बरात आया था। मैं अपने परिवार के सभी सदस्य के साथ अपने घर के बाहर खड़ा हो कर बरात जाते देख रहा था। इसी बीच मेरे गांव के कुछ लोग अचानक मेरे पास आ कर गाली गलौज तथा मार पीट करने लगे। इतने पर मैं उन्होंने से कहा कि आप मुझे क्यों गाली दे रहे हैं। हम लोग क्या गलती किए है। इतने पर दीपक कुमार, व शैलेस यादव ने गाली गलौज करते हुए मार पीट करने लगे। जिसे मेरा मुंह पर चोट लग गया। मुझे मार खाते देख मुझे बचाने मेरा लड़का परमात्मा साह आया तो उसे भी उपरोक्त व्यक्ति लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिए, और जान से मार देने का धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने प्रखंड कर्मियों के साथ मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान पंचायत सरकार भवन के कार्यों तेजी लाने,पंचायत के वार्ड में लगे सोलर लाइट के बकाया पैसों के भुगतान तथा नल जल योजना में बकाया बिजली बिल भुगतान को लेकर निर्देश दिए वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सर्वे के कार्यों में तेजी लाने तथा महा दलित बस्तियों को प्रमुखता से सर्वे करने को लेकर कहा साथ ही पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करने एवं कार्यों में तेजी लाने को लेकर निर्देश दिए।

# वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव का निधन, सारण में शोक की लहर

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार और पंचायत एकमा के राजापुर गांव निवासी 65 वर्षीय वीरेंद्र कुमार यादव का सोमवार को पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। विगत 28 फरवरी को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पटना के आईजीएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। लगभग तीन दशक से हिंदी पत्रकारिता में सक्रिय रहे वीरेंद्र कुमार यादव अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियां, नाती-पोते समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से एकमा समेत पूरे सारण जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शाम को जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव राजापुर पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के करूण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। उनके अनुज अवधेश के अनुसार वीरेंद्र कुमार यादव का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 9 बजे मांझी क्षेत्र के डुमाईगढ़ स्थित सरयु नदी के घाट पर किया जाएगा।

**इन्होंने जताई शोक संवेदना:** वीरेंद्र कुमार यादव के असामयिक निधन पर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों व बुद्धिजीवियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक जताने वालों में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्नातक एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, शिक्षाविद डॉ लालबाबू यादव, डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजीत कुमार सिंह, डॉ अमित तिवारी, देवकुमार सिंह, ई. जयप्रकाश सिंह, राजीव कुमार शर्मा, नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, राजद नेता सुभाष यादव, सुधांशु रंजन, सोनू यादव, जीतेंद्र यादव, जितेन्द्र सिंह, कन्हैया यादव, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, जदयू नेता महेश सिंह, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, लखन लाल प्रसाद, अरुण सिंह, कमल कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह व अरविंद सिंह, उदय शंकर गुड्डू, माकपा नेता अरुण कुमार, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, कांग्रेस नेता सुग्रीव सिंह, नरेंद्र प्रताप मिश्र , मुखिया ओमप्रकाश सिंह, एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, जन सुराज नेता मुन्ना भवानी, लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, रौशन भवानी, डॉ राहुल प्रकाश सिंह, सत्येंद्र भवानी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ एचके वर्मा, डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव, अमन कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चंद्रप्रकाश राज, राजीव रंजन, डीएस तोमर, राकेश कुमार सिंह, संतोष गुप्ता, जाकिर अली, मनोरंजन पाठक, राघव पांडेय, मोतीचंद प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, मनोज सिंह, के के सिंह सेंगर, सुनील पंडित, वीरेश सिंह, हेमंत शर्मा, सुनील तिवारी, रामेश्वर गोप, देवेंद्र सिंह, देवकुमार शर्मा, संजीव शर्मा, अमित कुमार सिंह, विनीत कुमार, संजीत अकेला, चंदन श्रीवास्तव, विजय सिंह, प्रशांत पांडेय, संजय पांडेय, नागेंद्र राय, निपुण सिंह, सत्येंद्र यादव आदि पत्रकारों व समाजसेवियों ने उनके योगदान को याद करते हुए इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।



## सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों के शोषण का पदाफार्श

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले में आर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिग लड़कियों के शोषण को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाना की अगुवाई में गरखा, अमनौर और दरियापुर थाना क्षेत्रों में तड़के सुबह छापेमारी कर 14 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया। इनमें पांच लड़कियां उत्तर प्रदेश के देवरिया और नौ पश्चिम बंगाल की हैं।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के आलोक में यह विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस के साथ चाइल्ड लाइन छपरा और मिशन मुक्ति एनजीओ के सदस्य भी शामिल रहे। आर्केस्ट्रा संचालकों के खिलाफ महिला थाना में कांड संख्या 19/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सारण पुलिस पिछले एक साल से ऐसे मामलों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। अब तक जिले में कुल 116 नाबालिग लड़कियों को इस धंधे से मुक्त कराया जा चुका है। इसी दौरान 16 अलग-अलग मामलों में 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि ऐसी घिनौनी हरकतों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। सारण पुलिस जनहित में निरंतर इस अभियान को आगे बढ़ा रही है।

# हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को किया रवाना

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन, बीपीआरओ सत्य प्रकाश, मुखिया शिव शंकर ठाकुर उर्फ पुतुल ठाकुर पंचायत सचिव विनोद राव, जे. ई अमित राज , समाजसेवी प्रिंस कुमार उर्फ अविनाश ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर कचरा संग्रह रथ को पंचायत के निर्धारित वार्डों में रवाना किया। अपने संबोधन में बीडीओ वरुण केतन ने कहा कि स्वच्छता में ही भगवान का वास होता है। घर-घर से कचरा उठाव कर एकत्रित किया जाएगा। यह कार्य योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करने हेतु पूर्ण किया गया है । सूखा कचरा के चिन्हित पदार्थ से एक नए पदार्थ का निर्माण किया जाएगा। मौके पर उपस्थित पंचायत के मुखिया शिव शंकर ठाकुर उर्फ पुतुल ठाकुर ने कहा कि परसा पंचायत में कुल 14 वार्ड है सभी वार्डों में डस्टबिन का वितरण कर दिया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि यदि देश को स्वच्छ



रखना है तो सबसे बहले गांव को स्वच्छ करना होगा। स्वच्छता से बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने पंचायत वासियों से अपील की है कि डस्टबिन में ही गीला और सूखा कचरा रखें तथा पंचायत को स्वच्छ सुंदर और आदर्श बनाने में सहयोग करें। मुखिया ने बताया कि कचरा संग्रह घर निमार्णाधीन है जो बहुत जल्द बनकर तैयार हो जाएगा।इस दौरान उन्होंने आगंतुक अधिकारियों को माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रिया सिंह, युवा समाजसेवी प्रदीप कुमार, चालक छोटन कुमार, उपचालक विवेक कुमार, मानव बल मनकेश्वर साह, अनिल कुमार, विनोद राम, भिखू महतो ,नंदलाल कुमार, मुकेश कुमार उर्फ पप्पू कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, राजकुमार दास, जयलाल साह,रामरीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसा में ट्यूशन जा रही छात्रा की मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मानोपाली बाजार में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अफसाना खातुन (पिताः मुबारक हुसैन, निवासीः मानोपाली, थाना-सहाजितपुर, जिला-सारण) रोज की तरह ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। जैसे ही वह सड़क पार कर रही थी, एक तेज रफ्तार सीएनजी ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सहाजितपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।फिलहाल, मृतका के परिजनों से आवेदन प्राप्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है। सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव में मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को ले जा रही स्कूल वैन को एक तेज रफ्तार ट्रक (टेलर) ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में छह बच्चे घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर चोटें आई हैं। यह हादसा सुबह करीब 08:30 बजे हुआ, जब बच्चे रोज की तरह स्कूल जाने के लिए वैन में सवार थे। अचानक एक अनियंत्रित ट्रक ने स्कूल वैन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बच्चों को चोटें आईं। दुर्घटना में घायल सभी बच्चों को तुरंत रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, दो बच्चों के पैर में गंभीर चोटें लगने के कारण उन्हें सदर अस्पताल, छपरा रेफर किया गया है। राहत की बात यह है कि सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलते ही बनियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया एवं चालक को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, साथ ही ट्रक चालक से पूछताछ जारी है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए और ट्रक चालकों पर कड़ी कार्रवाई हो।

## 50 लाख का चरस बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकटा पुलिस ने 50 लाख रुपए मूल्य के चरस को जप्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर बॉडर सीमा स्तंभ संख्या 409/01से किया है । हालांकि अंधेरे व खुली सीमा होने का लाभ उठाकर तस्कर गठरी फेंक नेपाल भागने में सफल रहे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। पुलिस को सूचना मिली कि मादक पदार्थ के सौदागर मादक पदार्थ की खेप लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संभावित जगह की नाकेबंदी कर दी। इसी बीच नेपाल की तरफ से तस्कर हाथ में झोला हिलाते हुए आ रहा था। तबतक तस्कर की नजर पुलिस पर पड़ी।वह पुलिस को देख अपने हाथ में रखा हुआ झोला फेंक कर फिर से नेपाल में भाग निकला । थानाध्यक्ष राज रौशन ने बताया कि मामले में अज्ञात तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने चैन चौरा और जलालपुर में खोले नए आउटलेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** सारण जिले के चैन चौरा और जलालपुर में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ, बैंक ने बिहार में 261 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1059 आउटलेट खोल लिए हैं। चैन चौरा और जलालपुर के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सेट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक



लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, "चैन चौरा और जलालपुर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपने जीवंत समुदाय और ऐतिहासिक महत्व के साथ चैन चौरा और अपनी कृषि जड़ों और उद्यमशीलता की भावना के लिए जाना जाने वाला जलालपुर, विकास की अपार संभावनाओं वाले क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में अनुरूप बैंकिंग सेवाएँ लाकर, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना और क्षेत्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि में योगदान देना है।"

## राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से दैनिक कार्य ठप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेतनमान में बढ़ोत्तरी, गृह जिला पदस्थापन समेत अन्य मांगों को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के पांच अंचलों में कार्यरत राजस्व कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने कहा कि उनकी पदस्थापना गृह जिले से काफी दूर की गई। किसी की पदस्थापना गृह जिले से तीन सौ किलोमीटर दूर तो किसी की इससे भी अधिक दूर की गई है। इससे उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। मुश्किल से एक दो दिन का अवकाश मिलता तो वह घर आने जाने के दौरान रास्ते ही खत्म हो जाता है। उन्होंने 2800 ग्रेड पे सहित अन्य मांगे भी की। आक्रोशित कर्मचारियों ने कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर चाणक्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में संगोष्ठी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ विषयक संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को नगर के मेंहदियाबारी स्थित चाणक्या कालेज ऑफ एजुकेशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन एवं शिक्षाविद प्रतीक एडविन शर्मा ने नारा दिया बालिका बचाओ राष्ट्र बचाओ। इसके पूर्व संस्थान के वीएड एवं डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे संस्थान के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सभी प्रशिक्षकगण उपस्थित रहें । संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संत माईकल्स एकेडमी की प्राचार्य डॉ. कुमारी अंजली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि, उपस्थित प्रशिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा बीएड एवं डीएलएड के प्रशिशुओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे 21 वीं सदी के भारत में जहाँ एक ओर चाँद पर जाने की बात होती है, वही दूसरी ओर भारत की बेटियाँ अपने घर से बाहर निकलने में डरती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान केवल अभियान नहीं है यह लोगों की सोच से जुड़ा सामाजिक विषय है इसे आगे बढ़ाना होगा। संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष यशवंत कुमार प्रवक्तागण प्रभात कुमार चौबे, संदीप कुमार, अशरफ गद्दी, नितिन सिंह, धनंजय मिश्रा श्रीमती श्वेता कुमारी, लकी कुमारी, अजीता तथा बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षु नितेश चौरसिया, बृजेश कुमार, सलोनी कुमारी, धीरज कुमार ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन वीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु धीरज कुमार एवं आस्था कुमारी ने किया। कार्यक्रम के उपरान्त विभागाध्यक्ष यशवंत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह को सफल बनाने में शिक्षिका लकी कुमारी तथा कार्यालय प्रभारी प्रेम बहादुर क्षेत्री तथा सैफ अली का विशेष योगदान रहा।




## युवा ब्राह्मण चेतना मंच 9 को मनाएगा होली मिलन समारोह

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवा ब्राह्मण चेतना मंच द्वारा होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय जिला अध्यक्ष अरुण पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया, जो राजू तिवारी के निवास स्थान पर संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए अरुण पुरोहित ने बताया कि होली मिलन समारोह 9 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से मारवाड़ी कॉलोनी शिव मंदिर, गांधी चौक से दक्षिण मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पं. श्यामसुंदर मिश्रा, पं. विमलेश तिवारी, पं. अंजनी कुमार मिश्रा, पं. संजय पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत उपाध्याय, पं. मनीष पांडे, पं. पशुपति नाथ तिवारी, सोनू त्रिपाठी, राजू तिवारी, विशाल कुमार सहित कई गणमान्य विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में दर्जनों बच्चे हुए सम्मानित

**मैरवा/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैरवा में वीएस जन कल्याण मार्ग ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र कई स्कूलों के प्रतिभावान दर्जनों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला के प्रमुख समाज सेवी राजीव कुमार उर्फ बिट्टू सिंह,मैरवा के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी गोपाल जी बर्णवाल,जयचंद प्रसाद तथा डॉ डीजी रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की सचिव सीमा बर्णवाल व कार्यक्रम की मुख्य चिंतक दिल्ली विश्वविद्यालय के मीरांडा हाउस की छात्रा दिव्यांग सान्वी आशी उर्फ नन्ही गुरु द्वारा मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले विशिष्ट अतिथियों में सामाजिक कार्यकर्ता विकास आनंद वरिष्ठ पत्रकार अरविंद पाठक,रिजवानुर्रहमान,कृष्ण मोहन शर्मा,ट्रस्टी अनमोल कुमार,पत्रकार सतीश तिवारी,सामाजिक कार्यकर्ता श मुखिया लल्लन सिंह,राजीव मिश्र चंद्र प्रकाश तिवारी,समीक्षा तिवारी,प्रिया बर्णवाल,अंतिमा देवी,रीमा देवी,विमला देवी,निशांत कुमार,गीतकार शंभु सोनी सहित कई अन्य शामिल है। कार्यक्रम के सम्बन्ध में ट्रस्ट की सचिव श्री बर्णवाल ने बताया कि वैसे बच्चे जिन्होंने ट्रस्ट द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये है इनके साथ ही प्रतियोगिता में शामिल उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जो मामूली अंकों से पिछड़ कर रैंक से बाहर हो गए थे। कार्यक्रम में मीनू कुमारी,नंदनी यादव स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी तथा सिमू डांस एकेडमी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन किया गया। मंच का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन शर्मा द्वारा किया गया। जिन विद्यालयों के बच्चे सम्मानित हुये उनमें सन राइज ब्राइट एकेडमी,एनी बेसेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल,संत कोलम्बस,रेडियन्स पब्लिक स्कूल,लिटिल फ्लावर,माता राजकली हाई स्कूल,एच आर इंटरनेशनल स्कूल,विद्या निःशुल्क शिक्षा सहित कई अन्य शामिल रहे।



# रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के श्री रामकृष्ण नगर स्थित श्री रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजकीय औद्योगिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सूर्यकांत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने सर्व प्रथम उपस्थित अभिभावकों, बच्चों और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। और कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी अच्छा जीवन संभव नहीं है। शिक्षा ही मनुष्य की बुद्धि को पोषित करता है, उसके कौशल को विकसित करता है और उसे मेहनती बनने में सक्षम बनाता है। यह उसकी प्रगति सुनिश्चित करता है। शिक्षा व्यक्ति की अविकसित क्षमताओं, दृष्टिकोण, रुचि, आग्रह और आवश्यकताओं को भी बदल देती है। वही बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नवोनिता घोष ने अपने संबोधन में आज के परिवेश में शिक्षा के बदलते स्वरूप के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं होता है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से नई चीजों को सीखने के साथ अपने ज्ञान में वृद्धि की जा सकती है।, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, अभिभावकों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ अच्छी नैतिकता और बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण करने पर जोर देना चाहिए, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार व्यक्ति बन सकें। विद्यालय के बाद माता-पिता बच्चे के भविष्य को एक आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक गोपालजी पाण्डेय व प्राचार्य डी एन तिवारी ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ६ मार्गदर्शिका सविता पांडेय की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम में भाग लेंने वाले और विद्यालय के होनहार छात्रों को विद्यालय परिवार के तरफ से सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित शिक्षक योगाचार्य विनोद पांडेय, संजीव मिश्रा,पीपी पांडेय,अभय मिश्रा सहित विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे।



# भव्य रुप से मनेगी वीरता के पर्याय बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/विवेक राही

**सीवान।** शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान की अमिट गाथा को पुनः जीवंत करने के लिए गगनभेदी जयघोषों और राष्ट्रभक्ति के सागर के साथ बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन सारण सांसद, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी के नेतृत्व में गैर-राजनीतिक संगठन विभा-2025 के बैनर तले श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में आयोजित होगा। विजयोत्सव समारोह में अपने अद्वितीय हवाई कौशल और सटीक उड़ान प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध भारतीय वायुसेना की एरोबैटिक टीम सूर्य किरण भी अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन कर सकती है। जिसके लिए सांसद राजीव प्रताप रुडी ने पहल की है।

इस आयोजन को लेकर बिहार के विभिन्न जिलों से पधारे क्षत्रिय समाज के गणमान्य जनों के साथ सांसद श्री रुडी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक बोरिंग रोड में संपन्न हुई। जिसमें वीरता के प्रतीक

## 23 अप्रैल को मनाया जाएगा भव्य विजयोत्सव




बाबू वीर कुंवर सिंह के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प को दोहराया गया। बैठक में सीवान के जदयू नेता श्री अजय सिंह, औरंगाबाद से भाजपा नेता श्री गोपाल शरण सिंह, भाजपा नेता श्री राकेश सिंह, श्री जयप्रकाश सिंह अरवल, ब्रजेश सिंह दरभंगा, जनार्दन सिंह गया, भाजपा नेता बिनोद सम्राट, कटिहार से जिला परिषद की चेयरमैन रश्मि सिंह समेत विभिन्न जिलाओं से क्षत्रिय समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

इस संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने कहा कि 1857 की क्रांति के अमर शिल्पी बाबू वीर कुंवर सिंह का योगदान केवल शाहाबाद और भोजपुर तक सीमित नहीं था, बल्कि सारण की धरा भी उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों की साक्षी रहा। बाबू केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि एक युग प्रवर्तक थे। उनका विजयोत्सव हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रभक्ति और बलिदान की भावना कभी कालबद्ध नहीं होती। यह आयोजन उस अमर ज्वाला को और प्रज्वलित करेगा, जिसने भारत की स्वतंत्रता की नींव रखी।उनका संघर्ष स्वतंत्रता की ज्वाला को प्रज्वलित करने वाला वह अग्निकुंड था, जिसकी लपटों ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की अमर गाथा को जीवंत करने का संकल्प है। विभा-2025 केवल एक संगठन नहीं, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने वाला एक आंदोलन है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं और संपूर्ण कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक स्वरूप देने की योजना बनाई गई है। विभा-2025 ने बिहार, बिहारी और बिहारियत के गौरव को पुनर्जीवित करने की अपनी इस अनूठी पहल में कई बार राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और देश-विदेश में बसे बिहार की विभूतियों को अपने मंच पर आमंत्रित भी किया है। यह आयोजन केवल अतीत की गाथा गाने का अवसर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को दिशा देने का मंच होगा।

# युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ना महोत्सव का उद्देश्य

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का आगाज मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता सतबहिनी मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से हरदत्ता बटाने नदी के तट पर पहुंचे। जहां ब्राह्मणों द्वारा गंगा पूजन एवं आरती के पश्चात जलभरी कर पदयात्रा करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर कलश यात्रा सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों ने महिला उत्पीड़न एवं महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ समेत कई सामाजिक विकृतियों को दूर करने



की थीम पर झांकी निकाल कर समाज को संदेश दिया। इससे पहले प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, उप प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं अजय राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि माता सतबहिनी के सम्मान में अंबे महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को कला एवं संस्कृति से जोड़ना और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें अलग पहचान दिलाना है। यह मंच कलाकारों को आत्मविश्वास देता है। इस मंच से उभर कर कई स्थानीय कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि राजकीय दर्जा प्राप्त होने के बावजूद महोत्सव के आयोजन के लिए दो लाख रुपए आवंटित की गई है। न्यास समिति के लोग आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। दोनों के संयुक्त प्रयास से ही महोत्सव का सफल आयोजन हो पाता है। न्यास समिति के सदस्यों ने कहा कि औरंगाबाद जिले में देव महोत्सव के बाद आयोजित होने वाला यह दूसरा सबसे पुराना महोत्सव है। जिसे वर्ष 2004 में प्रारंभ किया गया था। दूसरा सबसे पुराना महोत्सव होने के बावजूद अम्बे महोत्सव के लिए मात्र दो लाख रूपये दिए गए हैं। उन्होंने महोत्सव के आयोजन के लिए दी जाने वाली राशि को बढ़ाने की मांग की है।

# मानकों पर खरे नहीं उतरे कई अस्पताल

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर मदनपुर प्रखंड में संचालित निजी अस्पतालों की जांच की गयी। कई अस्पतालों के पास लाईसेंस नहीं था। कई मानकों पर कई अस्पताल फेल दिखाई दिए। जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देश प्राप्त के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। चिकित्सक अनिल कुमार ने बताया कि सात निजी अस्पतालों में आशीर्वाद अस्पताल, गौतमबुद्ध अस्पताल, माता मनोरमा अस्पताल, शुभ संवेदना अस्पताल दर्जी बिगहा, ब्रजेश हॉस्पिटल, सेवा सदन अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों का जांच किया गया है। इन अस्पतालों में अनियमितता पाई गई है। जांच प्रतिवेदन डीएम को समर्पित किया जाएगा।

# सुरक्षा हर व्यक्ति और परिवार के लिए जरूरी

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर बीआरबीसीएल में कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** बीआरबीसीएल ने मंगलवार को 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीजेसी शास्त्री ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बिमल कुमार साहा (महाप्रबंधक, परिचालन एवं अनुरक्षण) ने सभी विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों, सीआईएसएफ अधिकारियों एवं ठेका कर्मियों को हिन्दी में सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। मुख्य अतिथि श्री शास्त्री ने कहा कि सुरक्षा हर व्यक्ति और उसके परिवार के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी को कार्य से पूर्व संभावित खतरों की पहचान करने, असुरक्षित स्थितियों को दूर करने और तकनीकी सुधार एवं प्रशिक्षण द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने का आग्रह किया। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के सभी विभागाध्यक्ष, डिप्टी कमांडेंट, सीआईएसएफ एवं सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वय अशोक कुमार झा (अपर महाप्रबंधक, सुरक्षा) ने किया, जिन्होंने वार्षिक सुरक्षा गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। संचालन सुमित गुंजन (वरिष्ठ प्रबंधक, पी एंड एस) ने किया। सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए बीआरबीसीएल कर्मियों, उनके परिवारों, ठेका कर्मचारियों एवं स्कूल बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# नहीं रहे अधिवक्ता मनुजेश्वर पटवर्द्धन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के राजस्व कानून के वरीय अधिवक्ता मनुजेश्वर प्रसाद पटवर्धन का निधन होने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में एक शोक सभा का आयोजन जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षा में एवं संचालन महासचिव जगनरायण सिंह के नेतृत्व में किया गया। अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने बताया कि लोहिया के विचारों से विशेष लगाव रखने वाले मनुजेश्वर प्रसाद पटवर्धन 1933 के जन्मे थे, उन्होंने पटना लॉ कॉलेज से 1961 में विधि स्नातक कर जिला विधिज्ञ संघ के 1962 में सदस्य बने, बिराटपुर निवासी मनुजेश्वर बाबू कुछ वर्षों से बीमार चल रहे थे, शोक सभा में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिकांश अधिवक्तागण उपस्थित थे। शोक सभा के बाद सभी अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायिक कार्य से विरत रखा, जिससे जमानत, रिहाई, गवाही, बहस और न्यायिक निर्णय सहित अन्य कार्य प्रभावित हुए।

# रिवर फ्रंट निर्माण से प्रदूषित होने से बचेगी अदरी नदी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिन-जिन योजनाओं की घोषणाएं की, उन सभी योजनाओं की स्वीकृति हो गई है। अब वह योजनाएं कब से धरातल पर उतरेंगी, इस बात की जानकारी अधिकारी वर्ग कैंप लगाकर दे रहे हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शहर के अदरी नदी किनारे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क का निरीक्षण किया और जरूरी जानकारी दी। विदित हो कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अदरी नदी के सौंदर्यीकरण एवं रिवर फ्रंट



बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए 74 करोड़ 77 लाख रूपये की राशि स्वीकृति की गई है। इस योजना के तहत कामा बिगहा (एनएच - 19) से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क के बीच करीब 1500 मीटर, कामा बिगहा से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क के बीच विभिन्न स्थलों पर ओपन जीम, पार्क, आरसीसी चेयर, वृक्षारोपन आदि कार्य कराए जाएंगे। एकीकृत जल निकासी कार्य हेतु अदरी नदी के सामानांतर मुख्य नाले का निर्माण कार्य, ताकि शहर के छोटे-छोटे निकासी नालियों को इस नाले में जोड़ते हुए गंदे पानी की शहर से बाहर निकासी की जा सके। अदरी नदी के दायें बांध पर सेवा पथ का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि अदरी नदी, औरंगाबाद शहर के बीच से गुजरती है, जो पुनपुन नदी की एक सहायक नदी है। शहर के बीचों-बीच से गुजरने के कारण यह पर्यटन एवं शहरी सौन्दर्य के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि अदरी नदी पर रिवर फ्रंट निर्माण से नदी प्रदूषित होने से बचेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येद्र मोहन सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# खुद के अपहरण की रची साजिश

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** एक युवक ने पैसों के लालच में खुद के अपहरण की झूठी योजना बनायी और पांच लाख रूपये की फिरौती अपने पिता से मांगी, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का पर्दाफाश किया और आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, देव थाना क्षेत्र के कुरका गांव निवासी कृष्णा मिश्रा का अपहरण होने का झूठा मामला फैलायी गई थी जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कथित अपहृत युवक कृष्णा को कुछ ही घंटों में पुलिस ने रफीगंज के इलाके से बरामद कर लिया। इससे पूर्व अपहरण की चर्चा होते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। कृष्णा के पिता अजीत मिश्रा और परिजनों ने सोमवार की सुबह अपहरण की शिकायत देव थाने में दर्ज करायी थी। परिजनों ने कहा कि फिरौती की रकम पांच लाख रूपये भी फोन पर व्हाट्सएप के माध्यम से मांगी गयी है। परिजनों ने बताया कि कृष्णा अपने घर से अंबा जाने के लिए निकला था लेकिन जीवा बिगहा के आसपास कही से उसका अपहरण कर लिया गया है और फिरौती की मांग की जा रही हैं। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि पैसों के लालच में कृष्णा ने खुद को अपहरण की झूठी योजना बनाई थी।

# देव में 29.45 करोड़ की लागत से बनेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स और स्टेडियम

## स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपनी प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले के देव में स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं स्टेडियम के निर्माण की जो घोषणा की गई थी, वह अब साकार होती दिख रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को बिहार मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिल चुकी है, और इसका निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

### 29.45 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

यह स्पोर्ट्स कंपलेक्स देव में स्टेट हाईवे 101 पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के बगल में बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इस अत्याधुनिक खेल परिसर और स्टेडियम में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं होंगी, जिससे जिले के खिलाड़ियों को बेहतरीन अभ्यास स्थल मिलेगा और बड़े खेल आयोजनों के लिए भी यह परिसर उपयोगी रहेगा।

### अत्याधुनिक खेल सुविधाएं होंगी उपलब्ध

इस स्पोर्ट्स कंपलेक्स में चार बैडमिंटन कोर्ट, वालीबाल और



बास्केटबॉल कोर्ट बनाए जाएंगे। इसके अलावा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक जिम, योगाभ्यास सेंटर और टेबल टेनिस के लिए मल्टीपरपज हॉल भी बनाया जाएगा। लॉन टेनिस के लिए अलग से कोर्ट की व्यवस्था होगी, जबकि फुटबॉल के लिए प्राकृतिक स्तरीय मैदान का निर्माण किया जाएगा।

### अन्य सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध

स्टेडियम परिसर में जी प्लस वन आकार का प्रशासनिक भवन और एक मंजिला सहायक भवन भी बनाया जाएगा। इसके अलावा, हाई मास्टर लाइट की सुविधा से लैस यह स्टेडियम रात के समय भी खेल आयोजनों के लिए उपयुक्त होगा। सार्वजनिक शौचालय, पेयजल सुविधा और वाहनों की पार्किंग के लिए भी विशेष स्थान निर्धारित किया गया है।

### खेल प्रतिभाओं के लिए वरदान साबित होगा यह स्टेडियम

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि औरंगाबाद जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में यह स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्थानीय खिलाड़ियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। मेडिकल कॉलेज के छात्रों को भी इस परिसर से लाभ मिलेगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के पूरा होने के बाद देव और पूरे औरंगाबाद जिले के खेल प्रेमियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस एक विश्वस्तरीय खेल परिसर उपलब्ध होगा, जिससे जिले में खेल गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

● **गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मंगलवार को गोह प्रखंड के भलवंडी, बाजितपुर व बाजार बर्मा में बिहार सरकार सहकारिता विभाग के तत्वावधान में किसान सहकारी चौपाल का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभाग के योजनाओं को लेकर किसानों को विषेश रूप से जानकारी दिया गया। साथ ही ठिठोली समाजिक संस्था के कलाकारों के द्वारा विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक आयोजन कर किसानों को जागरूक करते हुए किसानों को विभागीय योजनाओं की प्रसार- प्रचार के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के बैनर तले जिले की सेविका-सहायिकाओं ने एफआरएस (फेस रिकग्निशन सिस्टम) का विरोध किया है। इसको लेकर मंगलवार को जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के दानी बीघा बस स्टैंड के समीप धरना-प्रदर्शन किया गया। इससे पहले रमेश चौक से धरना स्थल तक सेविका-सहायिकाओं ने आक्रोश मार्च निकालकर प्रदर्शन भी किया। धरना में जिला मंत्री मीना कुमारी एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजू कुमारी ने कहा कि सरकार सेविका-सहायिकाओं को तंग करने के नीयत से प्रतिदिन नया-नया कानून बना रही है। वर्तमान में जो एफआरएस लागू किया जा रहा है वह कभी संभव नहीं है क्योंकि सेविका के पास आज तक नया मोबाइल मुहैया नहीं कराया गया है और न ही उसका रिचार्ज बाजार मूल्य के अनुसार दिया जाता है। सभी लाभार्थी के पास मोबाइल नहीं है और ना ही सभी छोटे बच्चों के पास आधार कार्ड है। जबकि पदाधिकारी सेविकाओं पर जबरन एफआरएस करने के लिए दबाव बना रहे हैं जो सरासर गलत है और संघ इसका कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि संघ मांग करती है कि सरकार पहले सेविका सहायिकाओं को समुचित संसाधन मुहैया कराए, सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे, सेवा नियमित होने तक सेविका को 26 हजार तथा सहायिका को 18 हजार मानदेय दिया जाए, गुजरात की भांति ग्रेच्युटी अविलंब लागू करें, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य मांगों की पूर्ति करें अन्यथा संघ कठोर आंदोलन तथा अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगी।

# करंट से मिस्त्री झुलसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद।** शहर के नागा बिगहा स्थित एक मकान में बिजली का काम करने के दौरान झुलसकर एक बिजली मिस्त्री जख्मी हो गया। बिजली मिस्त्री की पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बिजली मिस्त्री ने बताया की नगर थाना क्षेत्र के नागा बिगहा स्थित एक मकान में बिजली का काम कर रहा था। इस दौरान किसी ने चेंजर को ऊपर चढ़ा दिया, जिससे करेंट की चपेट में आने से मिस्त्री झुलस गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार
वाणिज्य कर विभाग
जीएसटी एमनेस्टी (माफी) स्कीम
के अन्तर्गत ब्याज और पेनाल्टी के भुगतान से मुक्ति का सुनहरा अवसर
एमनेस्टी स्कीम 31.03.2025 तक ही लागू है।
वर्ष 2017-18 से 2019-20 की अवधियों के लिए अधिनियम की धारा-73 के अन्तर्गत निर्गत सूचना/आदेश/मांगपत्र में सन्निहित कर (Tax) की राशि का भुगतान करें तथा ब्याज एवं पेनाल्टी से मुक्ति पायें।
अपील/न्यायालय में लंबित मामलों में भी एमनेस्टी स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
स्कीम का लाभ लेने के लिए कर की राशि का भुगतान करते हुए जीएसटी पोर्टल www.gst.gov.in पर Form-SPL-1/SPL-2 के माध्यम से शीघ्र आवेदन करें।
अधिक जानकारी एवं आवेदन करने में आने वाली समस्या के समाधान हेतु विभागीय हेल्पडेस्क या स्थानीय विभागीय कार्यालय में कार्यरत facilitation centre से सम्पर्क कर सकतें हैं।
GST
TAX
Help desk Nos.- 0612-2233512, 2233513, 2233514, 2233515, 2233516.
@IPRDBihar
राज्य-कर आयुक्त-सह-सचिव
वाणिज्य कर विभाग, बिहार
PR No.- 020839 (Commercial Tax)D. 2024-25

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India
सत्यमेव जयते
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए
अच्छी खबर!
एफएसएसएआई पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ
28 सितंबर 2024 से प्रभावी
कौन हैं पात्र
कोई भी फ़ेरीवाला जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक (आमतौर पर पैदल या चलती गाड़ियों पर) यात्रा करके पैकेज्ड या ताजा तैयार भोजन बेचता है।
मुख्य लाभ
* नये आवेदन और नवीनीकरण के लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं।
* उपरोक्त पंजीकरण 5 वर्षों के लिए वैध है।
आवेदन कैसे करें
* FoSCOS पोर्टल पर जाएँ [https://foscos.fssai.gov.in]
* हॉकर श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करें (उपयोगकर्ता मैनुअल: https://foscos.fssai.gov.in/user-manual)



अधिक जानकारी के लिए :
FSSAI का आदेश दिनांक 30-09-2024 देखें
हेल्पलाइन पर संपर्क करें :
1800112100, helpdesk foscos@fssai.gov.in
इंतजार नहीं करें
आज ही FSSAI में बिना किसी शुल्क के पंजीकरण कराएं
fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india
CBC 17163/11/0014/2425